4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

समाज जागरण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 340 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 30 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

सहमति से संबंध की मौजूदा उम्र में न हो बदलाव...

POCSO एक्ट पर विधि आयोग ने सौंपी रिपोर्ट

नई दिल्लीः लॉ कमिशन यानी विधि आयोग पॉक्सो एक्ट के तहत सहमति की उम्र में किसी तरह के बदलाव के पक्ष में नहीं है. विधि आयोग ने सरकार को सलाह दी है कि पॉक्सो एक्ट यानी यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की मौजूदा उम्र में बदलाव नहीं किया जाए और 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों की मौन स्वीकृति से संबंधित पॉक्सो मामलों में सजा के विषय में निर्देशित न्यायिक विवेक लागू करने का सुझाव दिया. विधि आयोग ने अपने सुझाव में कहा है कि सहमति की उम्र कम करने से बाल विवाह और तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर सीधा और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा.

विधि आयोग ने पॉक्सो कानून के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की उम्र पर अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंपी है, जिसमें इसने सुझाव दिया है कि 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों की ओर से मौन स्वीकृति से जुड़े मामलों में स्थिति को

सुधारने के लिए संशोधनों की आवश्यकता है. देश में, सहमति की उम्र अभी 18 वर्ष है. आयोग ने कहा कि सहमति की उम्र घटाने का सीधा और नकारात्मक असर बाल विवाह एवं बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर पड़ेगा.

आयोग ने अदालतों को उन मामलों में सतर्कता बरतने की सलाह दी, जहां यह पाया जाए कि किशोरावस्था के प्रेम को नियंत्रित नहीं किया जा सकता और इसका आपराधिक इरादा नहीं रहा होगा. हालांकि, आयोग ने कहा कि कड़े अधिनियम में कुछ संशोधन लाने की आवश्यकता है, विशेष रूप से उन मामलों से निपटने के लिए, जहां 16 से 18 वर्ष की आयु के बच्चे द्वारा मौन स्वीकृति तो है लेकिन कानूनी सहमति नहीं है. ऐसे मामलों के लिए विधि आयोग ने निर्देशित न्यायिक विवेक का सुझाव दिया. इसने अदालतों को उन मामलों में भी सावधानी बरतने की सलाह दी जहां यह देखा गया है कि किशोर प्रेम यानी एडोलसेंट लव को कंट्रोल नहीं किया जा सकता है और आपराधिक इरादा गायब हो सकता है.

बता दें कि पैनल ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम के तहत सहमति की उम्र पर अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंप दी है. फिलहाल भारत में सहमति की उम्र 18 साल है. अब देखना होगा कि सरकार इस सुझाव पर क्या फैसला लेती है. (इनपुट पीटीआई से भी)

भाजपा-जजपा की सरकार ने किसानों को गर्त में पहुंचा दिया हैः अभय सिंह चौटाला

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चंडीगढ़, 29 सितंबर। इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा-जजपा की सरकार ने किसानों को गर्त में पहुंचा दिया है। जहां पिछले कुछ सालों में कुदरत ने किसानों पर कहर ढाया है वहीं पर भाजपा गठबंधन सरकार ने किसानों की मदद करने के बजाय बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों को जम कर लूटा है। बीमा कंपनियों और सरकार ने किसानों को न तो मुआवजा दिया है और न ही गठबंधन सरकार मंडियों में किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीद रही है। अभय चौटाला ने मंडी अधिकारियों पर मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसान मंडियों में अपनी धान और बाजरे की फसल बेचने के लिए भाड़े पर साधन करके पहुंचते हैं, जहां उनसे वाहन की मंडी के अंदर एंट्री करने के लिए रिश्वत मांगी जा रही है। किसान पैसों के लिए तो मंडी में अपनी फसल बेचने आते हैं, वो रिश्वत के पैसे कहां से लाएंगे। भ्रष्टाचार की हालत यह है कि या तो पैसे लेकर वाहनों की बैकडोर एंट्री की जा रही है या फिर सिफारिश लगवाने के बाद वाहनों की मंडी में एंट्री की जा रही है और उसके बाद 5 से 20 क्विंटल तक के ही टोकन काटे जा रहे हैं। उन्होंने बाहरी बाजरे की खरीद के आरोप लगाते हुए कहा कि सूचना तो यहां तक आ रही है कि राजस्थान से बाजरा खरीद कर हरियाणा की मंडियों में बेचा जा रहा है। मंडी में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण बाजरा की फसल बेचने गए किसानों के वाहनों की मंडी गेट के बाहर तीन से चार किलोमीटर लंबी लाइनें लगी हुई हैं। इनेलो नेता ने कहा कि भाजपा सरकार की तरफ से गुलाबी सुंडी बीमारी की रोकथाम के कोई प्रबंधन नहीं किए गए। गुलाबी सुंडी के कारण कपास बैल्ट के सिरसा, फतेहाबाद और हिसार समेत आधा दर्जन जिलों में कपास की 60 से 80 प्रतिशत फसल खत्म हो गई है।

जींद में इनेलो के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश जैन ने पार्टी से दिया त्यागपत्र

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बर हरियाणा के जींद में इनेलो पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पिछले 17 सालों से भी ज्यादा समय से इनेलो के साथ जुड़े व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश जैन ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। सतीश जैन ने ई-मेल के माध्यम से इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के पास अपना इस्तीफा भेजा है। हालांकि अभी पद से इस्तीफा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है और न ही अपनी आगामी रणनीति के बारे में कोई खुलासा किया है।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

हरियाणा सरपंच एसोसिएशन

सरकार ने 5 नवम्बर तक माँगों का हल नहीं निकाला तो वोट की ताकत से बीजेपी- जेजेपी को करेंगे सत्ता से बाहर

5 नवम्बर को टोहाना में होगी 'पंचायती राज अधिकार बचाओ रैली'- रणबीर समैण

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण
पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के कैथल स्थित पंचायत भवन में हरियाणा सरपंच एसोसिएशन ने अपनी मागों को लेकर दोपहर बाद बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पांच नवंबर तक उनकी मांगों का हल नहीं हुआ तो वह लोकसभा व विधानसभा में भाजपा-जजपा का विरोध करेंगे।

यह जानकारी देते हुए सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर समैण ने कहा कि सरपंच पिछले 10 माह से पंचायती राज अधिकार बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन सरकार ने उनकी बात अनसुनी की हुई है। हम अपने हकों की माँग कर रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूँ नहीं रेंग रही क्योंकि उन्हें अपनी ही पड़ी है। किसानों को लुभाने और बहकाने के लिए

file photo from google

तरह- तरह की घोषणाएं करके हमें बेवकूफ बनाने की चाल खेल रहे हैं। अब तक हमारे हकों के लिए केंद्रीय और हरियाणा में मनोहर सरकार ने जितनी भी घोषणाएं किसानों और ग्रामीणों की भलाई की कही, उनमें से किसी पर भी अमल नही किया गया।

उन्होंने कहा कि कोरे वादे , झूठ और लूट करने के सिवाय सरकार ने आर्थिक रूप से हमारी कमर ही तोड़ी है। हर दूसरे दिन गाँव वालों को अपनी कागजी स्कीमों पर भरोसा दिलाने की बात करते हैं। पर सबकुछ सच्चाई से कोसों दूर है। हमने गेहूँ और उसके बाद धान और बाजरे के समर्थन मूल्य देने और उन दरों पर खरीद की मांग रखी, लेकिन किसी भी सरकारी निगम, कारपोरेशन और विभाग ने समुचित मूल्य देना तो दूर मंडियों में आने से भी गुरेज किया। आज भी हमारी धान मंडियों में अटी पड़ी है। कोई सरकारी एजेंसी नहीं आ रही। मजबूरन पैसे की तंगी में छोटे छोटे व्यापारियों और लोगों को कम कीमतों पर बेचने के लिए मजबूर हो गये हैं।

इस सरकार के मुख्यमंत्री से लेकर नीचे के दूसरे मंत्रियों को भी किसानों और मजदूरों की असलियत का नहीं पता। पूरे हरियाणा के किसान दुखी हैं और अपनी माँगों के लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की सरकार ने सरपंचों को कभी विश्वास में नहीं लिया। हर बात पर मनमर्जी थोपी जा रही है जो असूलन गलत है। पंचायती अधिकारों के बारे में इन्हें कुछ भी नहीं पता।

उन्होंने कहा - हम अपने अधिकारों के लिए अब पांच नवंबर को टोहाना में 'पंचायती राज अधिकार बचाओ' रैली कर रहे हैं। अगर पांच नवंबर तक भाजपा-जजपा सरकार पंचायतीराज के अधिकार ग्राम पंचायतों, जिला परिषदों को नहीं देती है तो वहाँ से पूरे हरियाणा की पंचायतें संकल्प लेंगी। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा-जजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगी। ये लड़ाई गांव के हर व्यक्ति की है।

10 महीने से पंचायती राज अधिकार बचाने की लड़ रहे हैं लड़ाई- समैण

पंचायत मंत्री को नहीं है पंचायती राज नियमों की जानकारी

हमारे पास है वोट की चोट से सरकार को सत्ता से बाहर करने का दम

उन्होंने कहा कि 75 फीसदी जनसंख्या देहात के अंदर रहती है। हम अपने गांव के लोगों को जागरूक करेंगे। ये लड़ाई सरपंचों की नहीं है। यह गांव के अंदर रहने वाले हर व्यक्ति की लड़ाई है। यह पंचायतीराज के अधिकारों की लड़ाई है। यह गांवों के हक की लड़ाई है। जो लोग हमारे पंचायतीराज के अधिकारों को छीनना चाहते हैं, हमारे पास वोट हैं वोट की ताकत से हम बीजेपी-जेजे पी को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे।

पंचायत मंत्री को पंचायतीराज के नियमों की जानकारी नहीं

उन्होंने कहा कि पंचायत मंत्री को बोलने की तमीज नहीं है। मीडिया में भी गलत सलत बयान देते हैं। अधिकारियों को भी गलत बोलते हैं। उन्हें पंचायती राज एक्ट के नियम भी नहीं पता। उन्होंने कहा कि पंचायत मेंबरों को पावर दे देंगे। इससे साबित होता है कि उन्हें पंचायतीराज के अधिकारों की जानकारी नहीं है।

2029 में एक साथ होंगे लोकसभा और विधानसभा चुनाव ?

जल्द आ सकता है विधि आयोग का FORMULA

नई दिल्ली. विधि आयोग एक देश एक चुनाव के फॉर्मूर्ला पर काम कर रहा है. सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि कार्यकाल को बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के फॉर्मूर्ले पर काम किया जा रहा है, ताकि सभी राज्यों के चुनाव 2029 के लोकसभा चुनावों के साथ ही कराए जा सकें.

दरअसल, सरकार ने पहले ही लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक उच्चस्तरीय पैनल का गठन किया है. इसलिए विधि आयोग को राष्ट्रीय और राज्य के मौजूदा जनादेश के साथ-साथ तीसरे स्तर के चुनावों को भी शामिल करने के लिए कहा जा सकता है.

तैयार नहीं हुई आयोग की रिपोर्ट

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, विधि आयोग लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक मतदाता सूची सुनिश्चित करने वाला तंत्र भी तैयार कर रहा है, जिससे वोटर लिस्ट की लागत को कम किया जा सके. हालांकि, एक साथ चुनाव को लेकर विधि आयोग की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हुई है, क्योंकि कई मुद्दों का निपटारा होना अभी बाकी है.

विधि आयोग दे सकता है विधानसभाओं के कार्यकाल पर सुझाव

सूत्रों ने बताया कि एक साथ चुनाव पर विधि आयोग की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं है, क्योंकि कुछ मुद्दों का निपटारा होना बाकी है. 2029 से राज्य और लोकसभा दोनों चुनाव एक साथ कराने को सुनिश्चित करने के लिए विधि आयोग विभिन्न विधानसभाओं के कार्यकाल को कम या फिर बढ़ाने का सुझाव दे सकता है, ताकि एक साथ चुनाव के लिए एक मंच तैयार किया जा सके.

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता गठित है समिति

फिलहाल आयोग का काम विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने के तरीके का सुझाव देने है, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति को यह सिफारिश करने का काम सौंपा गया कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव कि एक साथ चुनाव कैसे आयोजित किए जा सकते हैं.

सूत्रों ने कहा कि कोविंद पैनल के संदर्भ की शर्तों को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने को शामिल करने के लिए विधि आयोग का दायरा भी बढ़ाया जा सकता है. लॉ पैनल एक सुझाव यह दे सकता है कि त्रिस्तरीय चुनाव एक साल में दो चरणों में कराए जाएं. पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं और दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं.

रिजवान का शतक बेकार, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पीटा

नई दिल्ली. केन विलियम्सन की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मुकाबले में जीत से शुरूआत की है. कीवी टीम ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वॉर्मअप मैच में पाकिस्तान टीम को 5 विकेट से पटखनी दी. कीवी टीम की ओर से 4 बैटर्स ने अर्धशतकीय पारी खेली. पाकिस्तानी विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान का शतक बेकार हो गया जबकि कप्तान बाबर आजम की फिफ्टी भी टीम के काम नहीं आ सकी.

पाकिस्तान की ओर से विकेटीकपर बैटर मोहम्मद रिजवान ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 103 रन की शानदार पारी खेली. उन्होंने 94 गेंद का सामना करके नौ चौके और दो छक्के लगाए. कप्तान बाबर आजम ने भी भारतीय धरती पर अपने पहले मैच में 80 रन की आकर्षक पारी खेली जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल हैं. सौद शकील ने भी 75 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 345 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया.

विलियम्सन की अर्धशतकीय वापसी

कप्तान केन विलियम्सन ने लंबे समय बाद वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया जिससे न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान के इस स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. रवींद्र ने पारी का आगाज करते हुए 72 गेंद पर 97 रन की तूफानी पारी खेली जिसमें 16 चौके और एक छक्का शामिल है. विलियम्सन (54) और डैरेल मिशेल (59) ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले अर्धशतक पूरे किए जबकि मार्क चैपमैन ने 41 गेंद पर नाबाद 65 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने 43.4 ओवर में पांच विकेट पर 346 रन बनाकर विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल की.

कविता में आज भी होता है 'अम्ल'

दैनिक समाज जागरण

मुझे अपने पत्रकार होने पर जितना गर्व आज नहीं है जितना की कवि होने पर है,हालाँकि मै रजिस्टर्ड कवि नहीं हूँ। बिहार के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर बहस कि दौरान ओमप्रकाश बाल्मीक की कविता पढ़कर जो कमाया है उसे देखकर मुझे एक बार फिर महसूस हो रहा है कि कविता का ' अम्ल ' अभी कायम है । फिर कविता चाहे ओमप्रकाश बाल्मीक लिखें या असंग घोषया राकेश अचल। कविता आज भी अपना काम करती है और वो काम करती है जो किसी वंदन विधेयक से नहीं हो सकता।

दरअसल मेरी अक्ल उन बहुत से लोगों की अक्ल जैसी है जो दिमाग में रहने के बजाय घुटनों में रहती है । इसीलिए जब डॉ मनोज झा ने राज्यसभामें 'ठाकुर ' कविता पढ़ी तब कहीं कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई । कविता पार प्रतिक्रिया आने में कई दिन लगे । प्रतिक्रिया तब आयी जब अक्ल घुटनों से निकलकर दिमाग तक पहुंची। आज हालत ये है कि कविता बाल्मीक साहब की है और जान सांसत में है मनोज झा की। झा साहब कि पीछे पूरी आरजेडी खड़ी है ,मेरा मानना है कि अब मामला सिर्फ आ-रजेडी और भाजपा का नहीं है । झा के पीछे एक कवि के नाते मै भी खड़ा हूँ और मुझे उम्मीद है कि झा के पीछे देश का हर कवि खड़ा होगा चाहे वो किसी भी भाषा का हो। मै डॉ मनोज झा को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि वे अकेले नहीं हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए किसी फौज-फांटे की जरूरत नहीं पड़ेगी।

दुनिया जानती है कविता की ताकत को। न जानती हो तो आज जान ले । अमृतकाल में जान ले कि यदि आपके पास कविता है तो आप अकेले नहीं है। कविता आदमी को अकेला रहने भी नहीं देती। कविता में अम्ल और छार दोनों होता है । कविता तलवार से भी ज्यादा धारदार और मारक होती है । कविता लाल मिर्च से भी ज्यादा तीखी होती है । जो कविता को पचा लेता है उसका हाजमा ठीक हो जाता है और जो नहीं पचा पाता वो सी-सी करता फिरता है बाहुबली आनंद मोहन और चेतन आनंद की तरह। मेरे गुरुतुल्य कवि प्रो प्रकाश दीक्षित कहते थे कि -कविता लिखना इतना आसान नहीं ,जितना की सुबह-सुबह सूरज का उगना , कविता कोशिश होती है मोमबत्ती से पत्थर पर लकीर उकेरने की । भाजपा के पास यदि रमेश बिधूड़ी हैं तो ये संयोग है कि आरजेडी के पास डॉ मनोज झा जैसे संसद हैं। झा बिना गाली-गलौच के भी अपनी बात कहकर संसद को ही नहीं बल्कि देश के उस वर्ग को गरमा सकते हैं जो आज भी शोषक है। आज भी जो मनुष्य को मनुष्य नहीं मानता । आज भी उसकी निगाह में उंच-नीच हिलोरें मारती है । खुदा का शुक्र है कि आनंद मोहन संसद में नहीं हैं अन्यथा वे तो डॉ मनोज झा की जबान खींच ही लेते । अभी तो वे जबान खींचने की धमकी भर दे रहे हैं। धमकी देने वाले भाजपा में हमेशा से पुरस्कृत किये जाते हैं।

डॉ मनोज झा को जिस कविता को सुनाने के बाद जान से मारने कोई धमकी दी जा रही है वो उनकी लिखी नहीं है । कविता उत्तरप्रदेश के बरला गांव मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के उन ओम प्रकाश बाल्मीकि की है जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। ओमप्रकाश बाल्मीकि नाम के ही नहीं बल्कि जन्म से भी बाल्मीकि थे । आज अगर वे होते तो पूरे 73 साल के होते और बहुत खुश होते अपनी कविता की मार को देखकर। ये तो अच्छा है कि भाजपा के नरसिंहों को ज्यादा पढ़ना -लिखना नहीं आता अन्यथा वे ओमप्रकाश बाल्मीकि की आत्मकथा ' जूठन' पढ़कर या तो खुदकुशी कर लेते या फिर सुधर जाते,धमकियां देना भूल जाते । बाल्मीक ने लिखा था कि -' शब्द झूठ नहीं बोलते '।

देश में अगले साल आम चुनाव होने वाले है। अगले महीने देश कि पांच राज्यों की विधानसभाओं कि भी चुनाव होने है। राजनितिक दलों को खासकर भाजपा को चाहिए कि वो बाहुबलियों,धनपशुओं या अनपढ़ों को अपना प्रत्याशी बनाने कि बजाय कवियों को अपना प्रत्याशी बनाएं । जन प्रतिनिधि अगर कवि होगा तो मनोज झा की तरह अपने प्रतिद्वंदी को कविताएं सुनकर लाजबाब कर देगा। मै चुटकले सुनाने वाले कवियों की बात नहीं कर रहा । मै रामकथाएं सुनाने वाले कवियों की भी बात नहीं कर रहा ,मै उन कवियों की बात कर रहा हूँ जो चेतना के कवि है। भले ही वे दलित हों या सवर्ण । ठाकुर हों या बाल्मीकि। वैसे भी यदि कोई मूलतः कवि है तो उसके भीतर बैठा ठाकुर-ब्राम्हण अपने आप या तो मर जाता है या खिसक लेता है।

देश का दुर्भाग्य है के राजनीति में कवियों कि लिए जगह सीमित है। राजनीति में गिने-चुने कवि है। कविता से रार रखने वाले, कविता से भी खार खाने वालों की संख्या राजनीति में ज्यादा है । राजनीति भी कविता को कहाँ सींचती है । राजनीति को चारण-भाट पसंद होते हैं। कविता आज भी उनकी जय बोल रही है जो देश कि खेतों में काम करते हैं,सीमाओं पर पहरा देते हैं। मुझे हैरानी होती है के उस बिहार के भाजपा नेता और पूरी भाजपा कविता के प्रहार से भयभीत है जिस बिहार ने देश को एक से बढ़कर एक कवि दिए हैं। 'कलम आज उनकी जय बोल '

जैसी अमर कविता लिखने वाले रामधारी सिंह दिनकर बिहार की धरती के ही सपूत थे। क्या आनंद मोहन और उनकी जैसे लोग दिनकर की जबान भी खींच लेते ? दिनकर ने तो सीना ठोंककर लिखा था कि -

'अंधा चकाचौंध का मारा,
क्या जाने इतिहास बेचारा,
साखी हैं उनकी महिमा के,
सूर्य चन्द्र भूगोल खगोल,

बिहार कि ठाकुरों को ही नहीं पूरे देश कि शोषक वर्ग को पहले इतिहास पढ़ना चाहिए फिर धमकियां देने कि बारे में सोचना चाहिये । उन्होंने जान लेना चाहिए की कविता किसी जाती को इंगित नहीं करते । ओमप्रकाश बाल्मीकि की कविता यदि ठाकुरों को इंगित कर लिखी गयी है तो बिहार में तो कपूरी ठाकुर भी होते है। क्या ये कविता कपूरी की जाती को निशाने पर रखकर लिखी गयी होगी ? मुझे भाजपा पर ,उसके सांसदों पर गुस्सा बिलकुल नहीं आता,दया आती है क्योंकि उनके पास न तो भाजपा कि पितृ -पुरुष अटल बिहारी बाजपेयी की तरह भाषा का लालित्य है और न साहित्य का ज्ञान। वे बेचारे कविता की ताकत को क्या समझेंगे। उन्हें क्षमा किया जाये।

मै मनोज झा को नहीं जानता,उनसे कभी मिला भी नही। एक-दो टीवी डिबेट में जरूर उनके साथ बैठना हुआ है । इस बिना पर मै कहता हूँ की मनोज झा जैसे सांसद हमारी राजनीति की जरूरत है। उनका समर्थन किया जाना चाहि। मनोज झा पर किसी भी तरह का हमला एक आरजेडी सांसद पर नहीं बल्कि इस देश के साहित्य पर भी हमला है । सांसद पर भी हमला है और लोकतान्त्रिक समाज पर भी हमला है। इसलिए आइये मनोज झा का साथ दीजिये। कविता का साथ दीजिये।

@ राकेश अचल

बैठकी "सनातन झेल रहा-धर्मयुद्ध"-(भाग-4)

दैनिक समाज जागरण

बैठकी जमते हीं उमकाका बोल पड़े--"सरजी,आज मेरी भेंट अपने एक मित्र के लड़के से हुई !वो लड़का खड़गपुर से आ-ईआईटी करके बंगलोर में अच्छे पैकेज पर कार्यरत है ! हमने उससे पुछा कि रामायण पढ़े हो तो बोला कि नहीं ! हाँ थोड़ा बहुत सुना हूँ ! मैने पुछा कि भगवान राम के चारों भाइयों का नाम बताओ तो बगलें झाँकने लगा ! फिर पुछा कि अच्छा बताओ ! कृष्ण का जन्म कहाँ हुआ था तो बोला- अयोध्या में !

ये हमारे नवपिढ़ी को क्या हो गया है !! आज के हिंदू पढ़े लिखे नवजवान, अपनी

संस्कृति से विमुख क्यों होते जा रहे !!"

उमाकाका,आजादी के बाद से हीं सनातन के साथ गहरा षड्यंत्र होता रहा लेकिन मूर्ख हिंदू, विश्वास की गगरी ढोता रहा !--पारसनेता सोफे पर एक पैर चढ़ाते हुए !

काकाजी, आपके प्रश्न का उत्तर मेरे प्रश्न में है !किसी संस्कृति को नष्ट करने के लिये या दुसरे शब्दों में मिटा देने हेतु,किस पहलू पर चोट,सर्वाधिक घातक होती है !!!--कुंवरजी मेरी ओर देखकर !

कुंवरजी, आपने शानदार प्रश्न किया है ! सबसे महत्वपूर्ण है शिक्षा और संस्कार, साथ हीं ऐसा परिवेश,जिससे नवपीढ़ियां अपने धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्टभूमि से पृथक होतीं जाय ! ऐसी स्थिति में नवपीढ़ियां अपने धर्म,संस्कृति और संस्कारों को पिछड़ा,ठकोसला और सड़ी-गली समझने लगतीं हैं !उनके अंदर अपने धर्म और संस्कृति की संवाहक क्षमता क्षीण हो जाती है और धीरे-धीरे संस्कृति काल के गाल में समां जाती है !--मैं चुप हुआ !

बिलकुल ठीक कहा आपने !आजादी के बाद सनातन के विरुद्ध धर्मयुद्ध का, स्वरुप बदल दिया गया !मुगलों और अंग्रेजों ने जहाँ तलवार और लालच को सनातनियों के विरुद्ध धर्मयुद्ध में हथियार बनाया वहीं आजादी के बाद कांग्रेस और वामपंथियों ने शिक्षा और परिवेश बदलने हेतु अन्य टूल्स का प्रयोग किया जैसे,सिनेमा,टीवी सिरियल्स ! आज तो विभिन्न कंपनियों के विज्ञापनों में भी,सनातन के विरुद्ध विषैली चाल,छुपी रहती है !ये टूल्स अभी भी यथावत जारी हैं !--डा.पिंटूहाथ चमकाये !

इसबीच बेटी,चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर पुनः बहस में.....

सरजी,70 के दशक में जब इंदिरा गांधी,राजनीतिक स्तर पर पिछड़ रही थी तब कांग्रेस को वामपंथियों की जरूरत पड़ी !अन्य लोगों ने जैसे लालू,शरद पवार, मुलायम सिंह,आदि ने पैसा लूटने के लिए मलाईदार विभाग मांगा जबकि वांमपंथियों ने मदद के एवज में भारत की सभी महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों के चांसलर, वायसचांसलर, तथा एनसीईआरटी, सीबीएसई, भारतीय इतिहासिक शोध संस्थानों में प्रमुख पदों की मांग की ताकि देश के इतिहास को सनातनी गौरव से महरूम करके वामपंथी विचारधारा का प्रसार हो !

इन वामपंथियों ने हमारे इतिहास को विकृत किया !बच्चों की किताबों में हीं मनचाहे बदलाव नहीं किये अपितु स्नातक और स्नातकोत्तर के भी पाठ्यक्रमों को बदल दिया !--उमाकाका अपनी कहे !

ठीक कहा आपने, तभी तो घोर हिंदू विरोधी वकील-तीस्ता जावेद सेतलवाड और एक

एनजीओ माफिया शबनम हाशमी को कांग्रेस सरकारों ने 12 कक्षा तक किताब पब्लिस्ट करने वाली संस्था-एनसीईआरटी की काउंसिल में सबसे उंचे पद पर बैठाने थी !कांचा इलाया जैसे घोर हिंदूविरोधी को इस काउंसिल में रखा !विश्वविद्यालयों के लिए इतिहास लिखने के लिए महावांमपंथी और घोर हिंदूविरोधी रोमिला थापर और रामचंद्र गुहा को रखा गया !जिन लोगों ने भारत के इतिहास को विकृत हीं नहीं किया बल्कि हिंदू नायकों को पाठ्यक्रम से किक आउट कर दिया !--मास्टर साहब पुरे फार्म में दिखे !

अजी,हमने सुना है कि रोमिला थापर को जेएनयू में और इरफान हबीब को अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में बैठा दिया गया जिसने घोर हिंदू विरोधी पाठ्यक्रम बनाया और वांमपंथी विचारधारा को फैलाया ! आज टुक-ड़े-टुकड़े गैंग वैसी हीं विचारधारा का छोटा सा उदाहरण है !--डा.पिंटू भी पिछे नहीं !

कांग्रेस ने तो ऐसे हीं धूर्त इतिहांसकारों को बुद्धिजीवी की पदवी देकर अनेकों पुरस्का-रों से सम्मानित किया ! जबकि दुसरी ओर जितने भी अच्छे शोधकर्ता और इतिहास-ाकार थे उनके शोधपत्रों को गायब कर दिया गया ! आज देखियेगा तो जेएनयू में आरसी मजुमदार, जगन्नाथ सरकार, एस-ाआर राव जैसे सच्चे इतिहासकारों के शोधपत्र गायब हैं और इनकी पुस्तकों को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है !--मास्टर साहब मुंह बनाये !

ए सरजी, इ कांग्रेसिया आ कम्युनिस्टवा दूनों, सनातन के खिलाफ त बड़ा भीतरघात कइले बाड़न ए भाई !--मुखियाजी को जैसे अब समझ में आया !

कुछ भी हो आज, सनातन की रक्षा हेतु,मोदीजी के लिये बहुत जरुरी है कि शिक्षा जगत पर सांप की तरह कुंडली जमाये इन हिंदूविरोधी हरामियों को जल्द से जल्द हटाया जाय !--पारसनेता दुखी थे !

नेताजी,मुझे खुशी है कि कई जगहों से इन इस्लामपरस्त सुअरों को मोदी सरकार ने भगाना शुरू कर दिया है ! तभी न ये सब हल्ला मनायें हैं कि मोदी, संविधान खत्म कर देगा,संविधान खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में है,देश खतरे में है !!--मैं रुका !

ए भाई, देश में घोटालेबाज, सनातन के खिलाफ षडयंत्र करेवाला आ राष्ट्रद्रोही खतरा में जरुर बाड़े स ! मोदी राज में अब ओहनी के चलत नइखे त चिल्लइबे नु करिहें स !!अच्छा अब चलल जाय !--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी..... !!!!!

प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

आत्म दर्शन अन्वेषण का शसक्त माध्यम।

जीवन को परिष्कृत करने का पवित्र माध्यम है किताबें।

दैनिक समाज जागरण

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो' उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैंऔर सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें सुख और सच्चाईयों का भंडार होती है। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल मित्र की भूमिका निभाती है। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। 'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों में खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है। डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि पुस्तकें ज्ञान देने के साथ मार्गदर्शन तथा चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन है। पुस्तकों से राष्ट्र की युवा कर्ण धारों को नई दिशा दी जा सकती है तथा एकता और अखंडता का संदेश देकर एक महान और सशक्त राष्ट्र की पृष्ठभूमि रखी जा सकती है।

संजीव ठाकुर, चिंताक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

जीवन के सिद्धांत

सबका जीवन अपनी ही,
पसंद का कायल होता है,
अवसर वादिता का जीवन
मिथ्या जीवन कहलाता है ।

जीवन के परिवर्तन स्वेच्छा से हों,
बहाने बाजी से करना ठीक नहीं,
प्रेरणा का अति महत्व है जीवन में,
हेराफेरी से छल करना ठीक नहीं ।

खुद उपयोगी होना बेहतर है,
पर इस्तेमाल होना ठीक नहीं,
सर्वोत्तम बनना तो उत्तम है पर,
अनुचित स्पर्धा करना ठीक नहीं ।

अंतर्मन की सुनवाई तो उत्तम है,
दूसरों की रव में बहना ठीक नहीं;
आत्म सम्मान जीवन में उत्तम है,
स्वयं पर तरस दिखाये ठीक नहीं।

जीवन में कभी किसी के
चरित्र, परिपक्वता, मित्रता,
प्रेम व सत्यनिष्ठा की परीक्षा
करनी हो तो धैर्य के साथ करें।

प्रायः हर व्यक्ति अपने आप
में स्वभाव से अच्छा होता है,
ऐसी परीक्षा आखिरी जरूरत
समझ कर ही की जाती है ।

जीवन में कभी भी दूसरों
से उम्मीदें रखने के बजाय,
अपनी उम्मीदों पर निर्भर
रहना ही अच्छा होता है ।

जब दूसरों से की गयी
हमारी उम्मीद न पूरी हो,
तो इंसान का स्वभाव है,
कि वह दुखी हो जाता है।

पर स्वयं से की गई उम्मीदों के
पूरी होने से, या न भी पूरी होने
से खुद के उत्साह और जिज्ञासा
निश्चय ही दोनो जोश में बढ़ते हैं।

ईश्वर की कृपा से ही किसी
भी माँ की छाती का दूध,
नवजात शिशु के जीवन
का सम्बल बन जाता है ।

कवि की काव्य कल्पना
एवं उसकी रचना धर्मिता,
उसी प्रकार ईश्वर प्रदत्त
उपहार ही मानी जाती है ।

ये कल्पनायें, ये विचार
कवि के ही अंतर्मन के,
अविरल प्रवाह स्वरूप
ही बहने वाले होते हैं ।

यही सोच और ये ही विचार
लेखनीबद्ध हो कवि की कृति
में, आदित्य समाज सुधार
हेतु निरंतर मिलते रहते हैं ।

कर्नल आदि शंकर मिश्र,
आदित्य लखनऊ

बसंत बहार हो तुम

मेरी जिंदगी का सबसे हसीन
इत्तफाक हो तुम।

जो पूरा ना हो सका कभी
वो अधूरा ख्वाब हो तुम।

जो महका जाती है मेरी साँसों
को
वो मीठा से एहसास हो तुम।

बहुत दूर हो तुम मुझसे फिर
भी
मेरी धड़कनों के पास हो तुम।

जो सुनाई देती है हर वक़्त
मुझे
मेरे दिल की वो खामोश
आवाज हो तुम।

पतझड़ में भी जो महका
जाती है मुझे
मेरे लिये वो बसन्त बहार हो
तुम।

एक पल के लिए भी नही
भूल सकते तुम्हें
मेरे लिये जिंदगी में सबसे
खास हो तुम।

बिंदु अग्रवाल, किशनगंज
बिहार

माधवराव सिंधिया

माधवराव सिंधिया का जन्म 10 मार्च, 1945 ई. को ग्वालियर के सिंधिया परिवार में हुआ था। माधवराव सिंधिया ग्वालियर राजघराने की राजमाता विजयाराजे सिंधिया और जीवाजी राव सिंधिया के पुत्र थे। माधवराव सिंधिया ने अपनी शिक्षा सिंधिया स्कूल से की थी। सिंधिया स्कूल का निर्माण इनके परिवार द्वारा ग्वालियर में कराया गया था। उसके बाद माधवराव सिंधिया ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से अपनी शिक्षा प्राप्त की। माधवराव सिंधिया का विवाह माधवीराजे सिंधिया से हुआ था। माधवराव सिंधिया के पुत्र ज्योतिरादित्य व पुत्री चित्रांगदा राजे हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया भी राजनीति में हैं। माधवराव सिंधिया का नाम मध्यप्रदेश के चुनिंदा राष्ट्रीय राजनीतिज्ञों में काफी ऊपर है। माधवराव सिंधिया राजनीति के लिए ही नहीं बल्कि कई अन्य रुचियों के लिए भी विख्यात रहे हैं। क्रिकेट, गोल्फ, घुड़सवारी और हर चीज के शौकीन होते हुए भी माधवराव सिंधिया ने सामान्य व्यक्ति जैसा जीवन व्यतीत किया था।

राजनीतिक सफर

रियासतों का वजूद देश में भले ही खत्म हो गया हो, राजा आम लोगों के निशाने पर रहे हों लेकिन मध्य प्रदेश की ग्वालियर रियासत एक ऐसी रियासत है जिसके लोग आज भी सिंधिया राज परिवार के साथ खड़े दिखाई देते हैं। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का हो। यदि प्रत्याशी सिंधिया परिवार का है तो उसकी जीत लगभग तय रहती है। हालांकि चुनावी मुकाबले कड़े होते हैं, पर पार्टी लाइन से हटकर लोग सिंधिया परिवार को ही समर्थन देते हैं। सिंधिया राज परिवार का समर्थन जिस प्रत्याशी को रहा है वह चाहे जिस भी दल में हो उसे लोगों ने जिताया है। 1952 से यही परंपरा चली आ रही है।

माधवराव सिंधिया अपनी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई पूरी करके वापस आने के बाद ज्यादातर समय मुंबई में ही व्यतीत करते थे। राजमाता विजया राजे सिंधिया उन्हें जनसंघ में लाना चाहती थीं। हिंदूवादी नेता 'सरदार आंग्रे' का राजमाता पर गजब का प्रभाव था। उन्हीं के चलते माधवराव भी जनसंघ में गए। 1971 में विजयाराजे सिंधिया के पुत्र माधवराव सिंधिया ने अपनी माँ की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा पढ़ना शुरू किया और उन्होंने तब पहला चुनाव जनसंघ से लड़ा। 1971 के इस चुनाव में माधवराव सिंधिया ने कांग्रेस के 'डी. के. जाधव' को एक लाख 41 हजार 90 मतों से पराजित किया। 1977 में सिंधिया स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे और उन्होंने बारह कोणीय संघर्ष में लोकदल के 'जी. एस. ढिल्लन' को 76 हजार 451 मतों से पराजित किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

वेलसन मेडीसिटी ने हार्ट डे के अवसर पर वाकेथोन का किया आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना/समाज जागरण

लखनऊ । बेलसन मेडीसिटी हॉस्पिटल में को कस्ट हार्ट डे के अवसर पर एक जागरूकता वाकेथोन का आयोजन किया गया। इस वाकेथोन का उद्देश्य था कि आम जनता को जागरूक किया जाए कि वो अपने हार्ट को स्वस्थ कैसे रखें जन साधारण को बताता है कि वो स्वस्थ हार्ट के लिए अपनी जीवन शैली को नियमित कर और व्यायाम, भोजन एवं दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें। क्योंकि स्वस्थ जन ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। बेलसन मेडिसिटी के कैम्पस से बाकेथोन को बृंदावन क्षेत्र, खरिका वार्ड 2 की पार्षद रजनी अवस्थी एवं वेलसन हॉस्पिटल के चेयरमैन डाक्टर शैलेश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

इस बाकेथोन में बृन्दावन क्षेत्र एवं शहर के अनेकों अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्थान के

चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया इस अवसर पर बेलसन हॉस्पिटल के कार्डियन साइंसेज विभाग के चेयरमैन डाक्टर मोहम्मद मुबीन,कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉक्टर सतेंद्र तिवारी, सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर

मोहम्मद तारिक अली डॉ. गौरव पांडे ने भाग लिया और इन सभी कार्डियक साइंसेज के चिकित्सकों ने जनता को बताया कि कैसे आप अपने हृदय को स्वस्थ रहखें और कैसे अपनी दिनचर्या को ठीक करें।

गायत्री होम्योपैथिक क्लीनिक एवं रिसर्च सेंटर द्वारा दो दिवसीय विशाल स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना/समाज जागरण

लखनऊ । गायत्री होम्योपैथिक क्लीनिक एवं रिसर्च सेंटर द्वारा दो दिवसीय विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है । इस मेले में डॉ.शरद चंद्र राय के द्वारा मरीजों को मुफ्त सलाह एवम् दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। गायत्री होमियोपैथी में इस कार्यक्रम को रवि सिंह कुशवाहा द्वारा संचालित किया गया।

इस मेले में डॉ. आकाश पांडे, डॉ. अभिलाष मिश्रा, डॉ अंचल शर्मा, डॉ. प्रद्युम्न कुमार राय, डॉ रश्मीत कौर, डॉ. सुगंधा श्रीवास्तव, डॉ. कृष्णकांत, डॉ. अविनाश श्रीवास्तव, डॉ. आनंद दीपक एवम ब्लू लोटस हॉलिस्टिक, सेंट जॉर्ज होम्यो, डब्ल्यू एस आई प्राईवेट लिमिटेड, भार्गव प्राइवेट लिमिटेड, डॉक्टर रिक्वेग एंड कंपनी, नेशनल प्राइवेट लिमिटेड, बर्नेड प्राईवेट लिमिटेड, बैग एंड प्राईवेट लिमिटेड, बी.जैन ने भी सहयोग प्रदान किया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

डीएम ने शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूलों में चल रहे कायाकल्प कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश।

आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग में चल रहे कायाकल्प के कार्यों के विषय में गहन समीक्षा की। डीएम ने तीनों अथॉरिटी से विद्यालयों में कराए जा रहे निर्माण व मरम्मत के कार्यों के विषय में जानकारी ली तथा अथॉरिटी को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में ब्लॉक टास्क फोर्स व डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स से संबंधित अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण को आगामी एक दिवस में पूर्ण किए जाने के दिशा निर्देश दिए। विभिन्न सीएसआर द्वारा किए जा रहे कार्यों को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद के विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए समुचित उपाय करने के लिए कहा ताकि आगामी नेट परीक्षा में छात्रों के प्रतिभाग की संख्या और बढ़ाई जा सके। ठइटउ से प्राप्त डाटा के आधार पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत किए जा रहे सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का डाटा भी प्रस्तुत किया गया तथा चारों ब्लॉक के सपोर्टिव सुपरविजन कंप्लायंस का डाटा भी प्रस्तुत किया गया, जिसके लिए उन्होंने इसमें और सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, शिक्षा विभाग से समस्त एसआरजी,जिला समन्वयक बीईओ, वरिष्ठ प्रवक्ता श्री राहुल सिंह उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत खंड विकास कार्यालय दादरी में पोषण उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत खंड विकास कार्यालय दादरी गौतम बुद्ध नगर परिसर में पोषण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण उत्सव के आयोजन में रंगोली कार्यकत्रियों द्वारा निर्मित टी ० एल० एम० की प्रदर्शनी लगाई गई। तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई व 6 माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन किया गया एवं स्वस्थ बालक/बालिका स्पर्धा के अंतर्गत पांच स्वस्थ बच्चों को पुरस्कृत कर पोषण संबंधी जागरूकता संदेश प्रसारित किया

गया। उक्त आयोजन में श्री अन्न निर्मित व्यंजनों की प्रदर्शनी के माध्यम से जन समुदाय को श्री अन्न के प्रयोग के लिए जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में मा0 विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, रविंद्र जिंदल, मनोज मावी, दादरी ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र भाटी, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी दादरी मंजू वर्मा, पर्यवेक्षिका पूनम राय ,रेखा शर्मा एवं कुन्तेश उपस्थित रहीं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

स्वच्छता ही सेवा विषय पर पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश का बटालियन एनसीसी विंग द्वारा शुक्रवार को प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा विषय पर पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया कजिसमें बड़ी संख्या में कैडेट्स में पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता एवं रियूज, रिड्यूस तथा रीसाइकल के महत्व को दशार्या क

19 बटालियन से नायब सूबेदार जीबी चाको तथा हवलदार दीपक द्वारा पोस्टर तथा स्लोगन का परिणाम दिया गया प्रथम कैडेट पलक सिंह द्वितीय खुशी सिंह एवं प्रीति पांडे तृतीय ऋषिका सिंह और सिद्धि यादव सांत्वना पुरस्कार हेतु श्रेया शुक्ला, कोमल और श्रेया है।

आयुष्मान भारत योजना में यूपी की ऊंची छलांग, कई श्रेणियों में देश में नंबर वन

- पीएमजेएवाई को बेहरत ढंग से धरातल पर उतारने में जुटी योगी सरकार, मिलने लगी कामयाबी

- 4.77 करोड़ से अधिक हेल्थ अकाउंट बनाकर उत्तर प्रदेश देश में प्रथम

- हेल्थ प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन के मामले में भी उत्तर प्रदेश नंबर वन

- स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेशन में भी उत्तर प्रदेश सबसे आगे

- डिजिटल हेल्थ इंन्सेंटिव स्कीम में भी यूपी से सभी राज्य पीछे

लखनऊ, 29 सितंबर। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। प्रदेश ना सिर्फ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्मित करने में देश में नंबर एक स्थान पर है, बल्कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल हेल्थ इंन्सेंटिव स्कीम और स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेट करने में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं समय समय पर प्रदेश पीएमजेएवाई को लेकर किये जा रहे कार्यों की ना सिर्फ समीक्षा करते हैं बल्कि अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी करते हैं।

2.73 करोड़ मेडिकल हिस्ट्री भी अपडेट

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश 4,77,19,482 आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) जनरेट करके पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें, पश्चिम बंगाल छठे, कर्नाटक सातवें और ओडिशा आठवें स्थान पर है। वहीं इन 4.77 करोड़ अकाउंट्स के अंतर्गत 2.73 करोड़ से ज्यादा लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जा चुका है। इस मामले में भी यूपी देश के टॉप थ्री राज्यों में है। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात इस मामले में उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं।

अधिक से अधिक प्राइवेट हेल्थ सेंटर को जोड़ने में जुटी योगी सरकार

इसी प्रकार हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन (एचपीआर) के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में कुल 42,741 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स का रिजिस्ट्रेशन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत किया जा चुका है। इसमें 10 हजार से अधिक डॉक्टर और 32 हजार से अधिक नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं। वहीं हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन (एचएफआर) के मामले में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में 38,863 हेल्थ फैसिलिटी सेंटरों को रजिस्टर किया जा चुका है। इनमें सरकार और प्राइवेट स्वास्थ्य सुविधा केंद्र शामिल हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश और मध्य प्रदेश क्रमशः तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। कर्नाटन प्रथम स्थान पर है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि जितनी जल्दी हो सके प्रदेश के अधिक से अधिक प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान भारत योजना के साथ जोड़ा जाए।

डिजिटल टोकन से ओपीडी के लिए अब 4-5 मिनट की वेटिंग

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत स्कैन एंड टोकन जनरेट करने के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। यूपी में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सेवा के उपयोग से ऑनलाइन ओपीडी के लिए 33,79,592 टोकन रजिस्ट्रेशन किया गया, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। इस रैंकिंग में कर्नाटक दूसरे, जम्मू एवं कश्मीर तीसरे, दिल्ली चौथे, आंध्र प्रदेश पांचवें और छत्तीसगढ़ छठे स्थान पर है। डिजिटल ओपीडी टोकन रजिस्ट्रेशन का सबसे बड़ा लाभ ये हुआ है कि पहले जहां आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों को ओपीडी में दिखाने के लिए तकरीबन एक घंटे तक का इंतजार करना पड़ता था, जोकि अब घटकर 5 मिनट रह गया है। तकरीबन 34 लाख बार मरीजों ने अबतक स्कैन एंड टोकन जनरेट सुविधा का लाभ उठाया है। बता दें कि प्रदेश में ऐसे 545 अस्पताल हैं, जिनमें हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) का इस्तेमाल होता है।

एससी-एसटी छात्रों को योगी सरकार का तोहफा, इसी वर्ष से मिलेगी बढ़ी हुई स्कॉलरशिप

कक्षा 9 व 10 के छात्रों को 3,000 रुपए के स्थान परे 3,500 रुपए का होगा भुगतान

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र 31 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

पहली बार स्वच्छता कार्यों से जुड़े परिवारों के बच्चों को भी पढ़ाई के लिए मिलेगी आर्थिक सहायता

सभी आय वर्ग के परिवारों के बच्चों को मिलेगा लाभ, आवेदन पत्र में नहीं भरना होगा व्यक्तिगत विवरण

आधार कार्ड के द्वारा विद्यार्थी के सभी व्यक्तिगत विवरण स्वतः आवेदन में भर जाएंगे

छात्रवृत्ति का पोर्टल डिजीलॉकर व एनपीसीआई से जोड़ा गया

बीएससी या बीए पाठ्यक्रमों में छात्रवृत्ति पाने के बाद बीटेक में भी छात्रवृत्ति की सुविधा

लखनऊ, 29 सितंबर। योगी सरकार ने प्रदेश के एससी और एसटी से जुड़े लाखों छात्रों को बड़ी सौगात दी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष से सरकार पूर्व दशम छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 व 10 के अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को अब 3,500 रुपए प्रति वर्ष देगी। अभी तक इस वर्ग के छात्रों को प्रतिवर्ष 3,000 रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी। खास बात ये है कि अब ऐसे परिवार जो स्वच्छता कार्य से जुड़े हैं, इनके कक्षा 9 व 10 में पढ़ रहे बच्चों को भी सरकार की तरफ से पहली बार छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना का लाभ सभी आय वर्ग के परिवार ले सकेंगे।

सुगमता से मिलेगी छात्रवृत्ति

सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि बच्चों के व्यक्तिगत विवरण आधार से स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। विद्यार्थियों को अब आवेदन पत्र में निजी विवरण नहीं भरना होगा। आधार से नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि स्वतः प्राप्त हो जाएगी। साथ ही सीबीएसई एवं आईसीएससी बोर्ड से बच्चों के प्राप्तांक ऑनलाइन प्राप्त हो जाएंगे जिससे आवेदन के समय होने वाली त्रुटियों की संभावना खत्म हो जाएगी और अधिक से अधिक विद्यार्थी योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी प्रकार डिजिलॉकर और एनपीसीआई से पोर्टल को जोड़कर खाता संख्या इत्यादि भरने में होने वाली गलतियों को भी खत्म कर दिया गया है।

31 मार्च तक होंगे आवेदन

अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग में अब 31 मार्च तक कक्षा 11, 12 व अन्य ऊपरी कक्षाओं हेतु आवेदन किए जा सकेंगे, जिससे परीक्षा परिणाम देर से आने अथवा सत्र देर से प्रारंभ होने पर भी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जा सकेगा। बीएससी या बीए जैसे नॉन प्रोफेशनल कोर्स में छात्रवृत्ति प्राप्त करने के बाद बीटेक जैसे प्रोफेशनल कोर्स में भी अब छात्रवृत्ति की सुविधा मिलेगी।

बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी लागू

विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति चरणबद्ध रूप से लागू की जा रही है। जिन संस्थानों द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू नहीं की जाएगी उन्हे वित्तीय वर्ष 2025-26 से छात्रवृत्ति का लाभ नहीं दिया जाएगा।

कक्षा 9 व 10 में 12 वर्ष से 20 आयु के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा एवं कक्षा 11, 12 व अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 40 वर्ष की आयु तक छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकेगा।

अस्वच्छ पेशे से जुड़े परिवारों के छात्रों को भी मिलेगा लाभ

अस्वच्छ पेशे में लगे व्यक्तियों के कक्षा 9 व 10 में पूर्ण अवधि आधार पर अध्ययन कर रहे आश्रित छात्र भी छात्रवृत्ति का लाभ ले सकेंगे। अस्वच्छ पेशे से तात्पर्य उनसे है जो हाथ से मैला ढोते हैं, चर्मकार, कूड़ा उठाने वाले और जान जोखिम में डालकर सफाई प्रक्रिया को पूर्ण करते हैं। ऐसे परिवारों के छात्रों द्वारा अपने माता-पिता, अभिभावक का अस्वच्छ पेशे में कार्य करने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण पत्र स्थानीय निकाय, नगर निगम, नगर पालिका या राज्य सरकार द्वारा अधिकृत प्राधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।

62 जिलों में 2100 नलकूप निर्माण परियोजना को गति देगी योगी सरकार

-प्रदेश में सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग ने शुरू की तैयारी

-वर्ष 2023-24 में नाबार्ड पोषित नवीन राजकीय नलकूप निर्माण परियोजना की पूर्ति के लिए तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि की जारी

-बांदा, सुल्तानपुर, जौनपुर, मेरठ व भदोही समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में नलकूपों के आधुनीकिकरण के लिए 7.16 करोड़ रुपए खर्च कर मरम्मत कार्यों में लाई जाएगी तेजी

लखनऊ, 29 सितंबर। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में लागातार प्रयास कर रही योगी सरकार ने लोगों को सुरक्षित पेयजल पहुंचाने व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए वृहद स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में जलशोधन व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए गए हैं। इन निदेशों को एक विस्तृत कार्ययोजना की शक्ल दी गई है जिसके क्रियान्वयन के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग ने कई स्तरों पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के 62 जिलों में 2100 नलकूप निर्माण परियोजना के लंबित कार्यों को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 में तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 841.98 करोड़ रुपए है और नाबार्ड पोषित इस परियोजना के अंतर्गत 410 करोड़ रुपए की प्रावधानित राशि में से तीसरी किस्त के तौर पर मौजूदा धनावंटन को वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, बांदा, सुल्तानपुर, जौनपुर, मेरठ व भदोही समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में नलकूपों के आधुनीकिकरण के लिए 7.16 करोड़ रुपए खर्च कर मरम्मत कार्यों में तेजी लाने की प्रक्रिया को लेकर भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

प्रमुख अभियंता व विभागाध्यक्ष करेंगे कार्यों की पूर्ति को सुनिश्चित

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश में सिंचाई व जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता व विभागाध्यक्ष को कार्यों की पूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि परियोजना के तहत जारी की गई धनराशि का इस्तेमाल किसी अन्य मद में न हो। वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी नलकूपों का निर्माण व मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण और स्थापित मानकों के अनुरूप ही हो। साथ ही, वह इस बात को भी सुनिश्चित करेंगे कि निर्धारित कार्यों की पूर्ति के लिए खर्च की जाने वाली धनराशि उत्तर प्रदेश शासन की रूल बुक के अनुसार ही हो।

दक्षिण परिक्षेत्र, जौनपुर, बांदा, सुल्तानपुर, मेरठ व भदोही में होगा नलकूपों का आधुनिकीकरण

प्रदेश में दक्षिण परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तमाम जिलों में 100 से अधिक राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनीकिकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में सिंचाई व जल संसाधन विभाग बड़ा कदम उठाने जा रही है। परियोजना के लिए 2.99 करोड़ रुपए की धनराशि प्राविधानित है जिसमें से पहली किस्त के तौर पर 1.49 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे परियोजना के तहत लंबित कार्यों की पूर्ति में मदद मिलेगी। इसी प्रकार, बांदा में 137, सुल्तानपुर सदर क्षेत्र में 50, जौनपुर के शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में 22, मेरठ के नलकूप खंड पूर्व के अंतर्गत 80 राजकीय नलकूप व 14 पंप सेटों की प्रतिस्थापना व भदोही में 69 अदद राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण एक करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है। इस प्रकार, दक्षिण परिक्षेत्र समेत 5 जिलों में नलकूप के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकिकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में कुल 7.16 करोड़ रुपए पहली किस्त के तौर पर जारी किया गया है।

डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

समाज जागरण

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के विवेकानंद ऑडिटोरियम हॉल में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई, *जिसमें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) नितिन मदान , उप जिलाधिकारी (सदर) अंकित कुमार , एसीपी क्राइम अमित सिंह , , जिला औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर, प्रभारी तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ डॉ श्वेता खुराना, डिप्टी सीएमओ पवन कुमार ,एस एच ओए एन टी एफ सौरभ विक्रम सिंह, आबकारी निरीक्षक आशीष पांडे, गौरव चन्द्र , नामवर सिंह , शिखा ठाकुर ,चंद्रशेखर सिंह , गलगोटिया यूनिवर्सिटी के वी सी के .बाबू एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित कॉलेज के छात्र-छात्राओं से नशा से दूर रहने की अपील की और जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को निर्देश दिए की जनपद गौतम बुद्ध नगर को नशा मुक्त बनाने के लिए जनपद में व्यापक स्तर पर नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में अभियान चलाकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए आमजन को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए कि उनके द्वारा जनपद के सभी शैक्षिक संस्थानों व कॉलेजों को स्मोकिंग फ्री, अल्कोहल फ्री व नार्कोटिक्स पदार्थ फ्री बनाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा अधिकारियों का यह भी आह्वान किया कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू का विक्रय न होता पाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी शिक्षण संस्थान से 100 गज के दायरे में तंबाकू, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट का विक्रय होता पाया जाये तो संबंधित विक्रेता की सूचना संबंधित उप जिला अधिकारी, थाना प्रभारी व तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ को देते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अभियान में शैक्षणिक संस्थानों का भी भरपूर सहयोग लिया जाए ताकि शैक्षणिक संस्थानों द्वारा मैनेजमेंट टीम का गठन करते हुए तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान ज्यादा से ज्यादा घोषित किये जा सके। आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों के द्वारा अपने-अपने विभागवार नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के संबंध में सभी को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। सभी विभागों ने अपना परिचय देते हुए नार्कोटिक्स पदार्थों के संबंध में सूचना देने के लिए बैठक में उपस्थित कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर गलगोटिया कॉलेज मैनेजमेंट की ओर से आश्वासन दिया गया कि कॉलेज को स्मोकिंग फ्री, अल्कोहल फ्री व नारकोटिक्स पदार्थ फ्री घोषित किया जाएगा।

दिव्यांगजनों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का पात्र दिव्यांगों तक शत प्रतिशत पहुंचाया जाए लाभ।

दिव्यांगों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का जनपद में किया जाए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगों के हितार्थ चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र दिव्यांगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला दिव्यांगता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को उपलब्ध करायी जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर लम्बित दिव्यांगजनों के यू० डी० आई० डी कार्ड को निर्धारित समय अवधि में बनाने का कार्रवाई की जाए एवं जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से समन्वयक स्थापित कर लम्बित दिव्यांगजनों के राशन कार्ड बनाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि दिव्यांगजनों को जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रदान किये जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक दिव्यागजनों को शिविर के माध्यम से चिन्हांकन कर विभागीय योजनाओ का लाभ प्रदान किया जाये।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा(से.) ने किया प्रखंड कमेटी का गठन

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह
संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के कार्यकताओं नें कुटुंबा प्रखंड कमेटी के गठन के लिए शुक्रवार को हरदत्ता अंबा में बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह तथा संचालन देवेंद्र पांडेय ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से अनिल कुमार सिंह, रणविजय मिश्रा, विरेंद्र भुइयां, रौशन कुमार सिंह को उपाध्यक्ष,देवेंद्र पांडेय को प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता, मिथिलेश पांडेय को कोषाध्यक्ष,शत्रुघ्न प्रसाद सिन्हा, मिथिलेश कुमार, प्रशांत राठौर, शाहिद अंसारी को महासचिव, धीरेंद्र सिंह, विवेक कुमार, सीता भुईयां,अनिल पासवान, सुरेश भुईयां को सचिव, नजमा खातून को महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष तथा मनोरंजन पांडेय को मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई। प्रखंड अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारीयों को पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों पर चलने की शपथ दिलाई और

पार्टी की उन्नति के लिए पूरी तरह समर्पित होकर काम करने की बात कही। बैठक में विजय कुमार सिंह, विवेक कुमार, रौशन कुमार सिंह, सुरेश भुईयां,सीता भुईयां,देवेंद्र पांडेय, नजमा खातून मिथिलेश पांडेय आदि लोगों उपस्थित हुए।

भाजपा बेलागंज विधानसभा चंदौती मंडल उत्तरी का बैठक जिला कार्यालय रसलपुर में संपन्न.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार)- भाजपा बेलागंज विधानसभा, चंदौती मंडल उत्तरी का बैठक जिला कार्यालय रसलपुर में आहूत की गई. बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर बूथ शशक्तिकरण अभियान के तहत मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र का गठन एवं सत्यापन का कार्य किया गया. इस बैठक में गया लोकसभा के संयोजक क्षितिज मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह बेलागंज विधानसभा प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं सत्यापन पदाधिकारी कुमार सतशील के द्वारा किया गया.इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी क्षितिज मोहन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने- अपने बूथ जीतो और 2024 में नरेंद्र भाई मोदी जी को पुनः 400 + का आकड़ा पार करके प्रधानमंत्री बनाने का कृत संकल्प लेने का आवाहन किया. बैठक में विधानसभा प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि बेलागंज विधानसभा के नेता एवं कार्यकर्ता ऊजार्वान हैं ,और संगठन के द्वारा दिए गए कार्य को बखूबी से

निभाते हैं . उन्होंने आगे कहा कि 2024 की जीत तो पक्की है, क्यूंकि देश को विश्व के अग्रिम पंक्ति में लाने के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी का रहना जरुरी है. उन्होंने आगे कहा कि 2025 विधानसभा के लिए सभी कार्यकर्ता अपने 'अपने कार्य में लक्ष्य को पाने के लिए जो पार्टी के द्वारा करणीय कार्य दिया गया ,उसे समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित की जाए. बैठक में सत्यापन पदाधिकारी सतशील जी ने सभी मंडल के पदाधिकारी,शक्ति केंद्र पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्षों का सत्यापन किया. बैठक में ओबीसी के जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार, नमामि गंगे के रामप्रवेश सिंह मंडल अध्यक्ष विनोद पासवान, मंडल पदाधिकारी कामता यादव, देवेंद्र सिंह, धीरज कुमार, दिलीप सिंह, दिनेश कुमार, गाँधी कुमार,रामजी ठाकुर,अभयनन्द कुमार, अनंत कुमार, संजय यादव, भोला चौधरी, संभु पासवान, मनोज सिंह, सुरेन्द्र सौव, सुषमा देवी, रैना देवी, शारदा देवी, पप्पू कुमार, वसंत पासवान, सुबोध कुमार सिंह, सहित मीडिया प्रभारी अमित पासवान उपस्थित थे.

सरमेरा के धरती पर बिहार राज्यस्तरीय किसान महापंचायत का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार) :- संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के तत्वाधान में बिहार राज्य स्तरीय किसान महापंचायत सरमेरा के डाक बंगला मैदान में किया गया. किसान महापंचायत की अध्यक्षता चंद्रशेखर प्रसाद ने किया ,वहीं मंच का संचालन सुरेश प्रसाद ने की.इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश के किसान अपनी दुर्दशा में सुधार को लेकर आंदोलित है, तो वही दूसरी और केंद्र की मोदी सरकार किसानों की उपेक्षा कर अंबानी अंडानी जैसे चांद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रही है. उन्होंने आगे कहा कि बिहार राज्य में खेती ही जीविका का एक बड़ा साधन है.घाटे की खेती से उदासीन होकर किसान मजदूर के साथ-साथ पूरा ग्रामीण क्षेत्र पालन करने पर विवश है ,फलस्वरुप "गांव खंडहर में तब्दील हो रहा है " आज के किसान जो दुनिया को पेट भरने का काम करता है, लेकिन समय का दुर्दशा है कि किसान खुद भूखा रहने को विवश है. उन्होंने आगे कहा कि किसान महापंचायत में तीन कृषि काला कानून की चर्चा की गई, जो किसान की बात करेगा ,वही देश पर राज करेगा.कल स्वामी रंगनाथन का निधन पर किसानों ने दुखत व्यक्त किया.किसानों को उत्पादन का डेढ़ गुना मुनाफा मिलना चाहिए किसानों का फसल बीमा किया जाए. किसान महापंचायत में बिहार के आठ जिला के किसान शिरकत किए है जो निम्नलिखित है:- जहानाबाद सिद्धनाथ जी मसौढ़ी कल्लू बाबू हाजीपुर इंद्रदेव सिंह गया सामाजिक कार्यकर्ता मो. जफर बारी अंसारी उर्फ छोटू मियां सीतामढ़ी जालंधर सिंह यदुवंशी मुजफ्फरपुर नीरज सिंह

शेखपुरा सुरेश बाबू शामिल हुए.इस मौके पर रामदेव चौधरी ,अनिल पासवान, महेंद्र प्रसाद ,शाहनवाज, जैनेंद्र कुमार, भूषण यादव ,उपेंद्र कुमार सिंह, रामबाबू यादव, नवीन सिंह, चंद्रवंशी सुरेश प्रसाद ,श्रीकांत प्रसाद ,चमारी प्रसाद ,साधु शरण, लक्ष्मीपति हम, जलन सिंह, सुरेश प्रसाद ,संतोष कुमार ,चंद्रभूषण पांडेय ,जालंधर शिवकुमार यादव , नीरज सिंह, इंद्रदेव यादव बटोरन पासवान का नाम शामिल है. वहीं किसानों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया. जिन प्रमुख किसनों की मांगे:-

(1)भारत सरकार पूरे देश में एमएसपी (टरढ) न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी दे।
(2) बिहार समेत अनावृष्टि राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाए ।
(3)देश के किसानों को कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली दिया जाए।
(4) देश के किसानों का कर्ज माफ किया जाए।
(5)भारत के 60 वर्ष से ऊपर वाले किसानों के लिए ₹5000 प्रति मह पेंशन योजना लागू किया ।
(6) मनरेगा को कृषि कार्य से जोड़ा जाए ।
(7)किसानों की जमीन अधिग्रहण कानून के तहत अधिग्रहण किया जाए।
(8) जमीन सर्वे अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज एवं परिमार्जन में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया जाए।
(9) बिहार में पुनः मंडी चालू किया जाए।
(10)सक्रिय जलाशय परियोजना एवं उतरकोयल परियोजना को धरातल पर उतार जाए।
(11) किसानों के प्रेरणा स्त्रोत महान किसान नेता सहजानंद सरस्वती और गुरु सहाय लाल के नाम पर एक-एक आधुनिक सुविधाओं से संपन्न राजधानी पटना में सभागार का निर्माण बिहार सरकार द्वारा किया जाए.

नागाडीह के योगिया पहाड़ के समीप डैम मे डूबने से किशोर की मौत

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 29 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के मनोहरी गांव के समीप योगीया पहाड़ स्थित चेक डैम में नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृत किशोर की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर पंचायत के गम्हारिया गांव निवासी सुदेश्वर राम के 11 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। पिछले कुछ दिनों से मनीष कुमार अपने नाना के घर मनोहरी गांव के नगाडीह गया हुआ था ।मिली जानकारी अनुसार किशोर अपने कुछ दोस्तों के साथ

चेक डैम में नहाने चला गया जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गया। उसके दोस्तों ने गांव आकर मनीष को डूबने की सूचना गांव वालो को दिया। गांव के लोगो द्वारा घटना की सूचना टंडवा थाना पुलिस को दिया गया ।घटना स्थल पर पहुची पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किशोर के शव को बाहर निकाला। तत्काल किशोर को लोग अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।
मामले मे टंडवा थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया की योगिया पहाड स्थित चेक डैम मे नहाने के क्रम मे किशोर गहरे पानी मे डूब गया जिससे उसकी मौत हो गयी। शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया गया।

मोटरसाइकिल ने एक मजदूर के मारी टक्कर मौके पर हुई मौत, मोटरसाइकिल के साथ चालक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 29सितंबर 2023:-

औरंगाबाद जिले देव थाना के दधपा रोड में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने औरंगाबाद से मजदूरी कर लौट रहे एक मजदूर में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक मजदूर का पहचान देव प्रखंड के दधपा गांव निवासी जोगी भुइया के पुत्र रमज्ञान भुइयां के रूप में हुई है। इधर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चालक जिसने मजदूर में टक्कर मारी थी वह फरार हो गया था जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया।प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि

आवश्यक करवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार मोटरसाइकिल चालक की पहचान औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के मितराज गांव निवासी सोहर पाल के 32 वर्षीय पुत्र योगेश पाल के रूप में हुई है।इधर मजदूर की मौत के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का अनिश्चितकालीन धरना

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह
संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- लंबित मांगों की पूर्ति एवं सरकार की वादा खिलाफी के विरुद्ध प्रखंड क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। सेविका-सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी ने बताया कि बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के आह्वाहन पर 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आवाहन किया गया है। सरकार हम लोगों से दोहरी नीति अपना रही है। एक तरफ हर सरकारी कर्मियों का मानदेय दोगुना कर दिया वहीं आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को नजर अंदाज कर रही है। हमारी मांग है कि सरकार हमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए सेविका का मानदेय छब्बीस हजार तथा सहायिका का मानदेय अट्ठारह हजार किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटका रहेगा। मांगी पूरी न होने की स्थिति में हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे। आंदोलन में संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी, संघ की सचिव प्रियंका कुमारी, प्रेमशिला देवी, रूबी कुमारी, राधिका देवी, सोनी कुमारी, सलमा खातून, निधि कुमारी, पुष्पा कुमारी समेत दर्जनों सेविका-सहायिका उपस्थित थें।

आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का अनिश्चितकालीन धरना

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह
संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- लंबित मांगों की पूर्ति एवं सरकार की वादा खिलाफी के विरुद्ध प्रखंड क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। सेविका-सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी ने बताया कि बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के आह्वाहन पर 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आवाहन किया गया है। सरकार हम लोगों से दोहरी नीति अपना रही है। एक तरफ हर सरकारी कर्मियों का मानदेय दोगुना कर दिया वहीं आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को नजर अंदाज कर रही है। हमारी मांग है कि सरकार हमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए सेविका का मानदेय छब्बीस हजार तथा सहायिका का मानदेय अट्ठारह हजार किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो



जाती तब तक आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटका रहेगा। मांगी पूरी न होने की स्थिति में हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे। आंदोलन में संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी, संघ की सचिव प्रियंका कुमारी, प्रेमशिला देवी, रूबी कुमारी, राधिका देवी, सोनी कुमारी, सलमा खातून, निधि कुमारी, पुष्पा कुमारी समेत दर्जनों सेविका-सहायिका उपस्थित थें।

गयाजी धाम में पितृपक्ष के दौरान फल्गु नदी के तट पर पिंडदान एवं श्राद्ध करने से 108 कुल व सात पीढ़ी तक के पूर्वजों की आत्मा की शांति मिलती है- हिमांशु शेखर.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)- मानव शरीर नश्वर है.आत्मा अमर है.आत्मा एक शरीर को त्यागकर दूसरे शरीर मे प्रवेश करती है. इसे ही हम मृत्यु कहते है.मृत्यु के उपरांत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा ही श्राद्ध कहलाती है.कालांतर में इसमें कई कर्म काण्ड जुटते चले गए.
पूर्वजों की पूजा की परंपरा हर धर्म मे है.प्राचीन काल से हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष या पितरपख के दौरान फल्गु के तट पर पिण्डदान करने की परंपरा है. पौराणिक कथा के अनुसार गया धाम में पिंडदान करने से 108 कुल व सात पीढ़ी तक का उद्धार हो जाता है, एवं हमें अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है. भगवान राम भी अपने पिता का पिंडदान फल्गु के तट पर किया था. प्राचीन काल में गया जी तीर्थस्थल में 365 वेदियां थी, जहां एक वर्ष रहकर पिंडदान का कर्मकांड संपन्न किया जाता था, लेकिन समय के साथ कई वेदियां सिमट कर अब 54 रह गई है, लेकिन इस स्थल की महत्ता और पवित्रता आज भी बरकरार है. जीवन की आपाधापी को देखते हुए अब पिंडदान कर्मकांड को एक दिन, तीन दिन, पांच दिन , सात दिन और सत्रह दिन का विधान रखा गया है. श्रद्धालु अपने समय अनुसार कोई भी विधान चुन सकते है.विदेश में रह रहे श्रद्धालुओं के लिए तकनीक का सहारा लेते हुए ऑनलाइन पिंडदान

की भी सुविधा प्रारंभ किया गया है, लेकिन यह हमारे संस्कृति के विरुद्ध है, हमें अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए समय निकालना चाहिए. इस वर्ष यह पिंडदान का कार्यक्रम 28 सितंबर से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक निर्धारित है.सभी वेदियों पर पिंडदान करने का समय और तारीख चिन्हित कर दिया गया है. 4 अक्टूबर को विष्णुपद स्थित 16 वेदी पर पिंडदान किया जाएगा. इसी तरह 7 अक्टूबर को भी 16 वेदी पर पिंडदान किया जाएगा ,उनमें प्रमुख वेदी कश्यप पद, मतंग पद, इंद्र पद अगस्त पद प्रमुख है. धर्मगुरुओं द्वारा वेदियों का काल्पनिक स्वरूप स्थापित किया जाता है, जिस पर श्रद्धालु पिंडदान करते है.धर्मज्ञाता हिमांशु शेखर ने कहा है कि,
प्राचीन काल में कश्यप पद वेदी फल्गु से लगभग चालीस किलोमीटर दूर आज के टिकारी प्रखंड अंतर्गत केसपा गांव में स्थित था.प्राचीनकाल में इसी गांव में महर्षि कश्यप का आश्रम था. महर्षि कश्यप ने उसी आश्रम में रहकर कश्यपपुरी संहिता की रचना किया था,उन्ही के नाम पर उस स्थल का नाम कश्यपपुरी हुआ,जो कालांतर में अपभ्रंश होकर केसपा के नाम से जाना जाता है.हिमांशु शेखर ने पितृपक्ष मेला आयोजन समिति एवं जिला प्रशासन से मांग किया है कि पितृपक्ष मेला में केसपा गांव को शामिल किया जाए, एवं सभी श्रद्धालुओं को कश्यप पद वेदी की वास्तविकता से परिचित कराया जाए। मूलवेदी पर पिंडदान करने से पुण्य की प्राप्ति अधिक होती है.केसपा गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से आज की पीढ़ी को अवगत कराया जाना चाहिए एवं इस गांव को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए.

हिन्दी पखवाड़ा के तहत 'शब्दाक्षर' बिहार की औरंगाबाद जिला समिति द्वारा काव्य महोत्सव का किया गया सफल आयोजन.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

औरंगाबाद(बिहार)-राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' के बिहार प्रदेश की औरंगाबाद जिला समिति द्वारा काव्य महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शब्दाक्षर औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष कवि धनंजय जयपुरी तथा संचालन कवि द्वय विनय मामूली बुद्धि एवं नागेंद्र कुमार केसरी द्वारा किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि मनोज मिश्र 'पद्मनाभ', शब्दाक्षर जहानाबाद जिलाध्यक्ष सावित्री 'सुमन', औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो सिद्धेश्वरच प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रो संजीव रंजन एवं नैप्स के जिलाध्यक्ष अंबेडकर पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया. अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, साहित्यिक पुस्तकें एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया.तत्पश्चात, 'शब्दाक्षर' के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश पढ़ कर सुनाया गया, जिसमें श्री सिंह ने शब्दाक्षर औरंगाबाद जिला समिति के सदस्यों को बिहार में हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार हेतु सतत रूप से कार्य करने की सलाह दी. शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि शब्दाक्षर द्वारा भारतवर्ष के 25 प्रदेशों में प्रदेश तथा जिला इकाइयों द्वारा हिन्दी साहित्य को समर्पित आयोजन किये जा रहे हैं. साहित्यिक आयोजनों की इसी श्रृंखला में एक खूबसूरत कड़ी के रूप में शब्दाक्षर बिहार प्रदेश की औरंगाबाद जिला इकाई द्वारा आयोजित यह कवि सम्मेलन भी है.राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि ने शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र के कुशल नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि बिहार में भी शब्दाक्षर की सभी जिला इकाइयों द्वारा साहित्यिक आयोजन हो रहे हैं, जिनमें नये युवा कवियों को राष्ट्रीय मंच प्राप्त हो पा

रहा है. डॉ रश्मि ने भी शब्दाक्षर औरंगाबाद समिति को इस आयोजन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं.कवि सम्मेलन में कुमार सानू ने सरस्वती वंदना के उपरांत अपनी कविता "यूं तो मैं आबाद रहता हूं, मैं यहां जिंदाबाद रहता हूं, रहता हूं शहर-ए-दिल में मैं, मैं तो औरंगाबाद रहता हूं" द्वारा औरंगाबाद जिले के प्रति अपने भावसुमन अर्पित किये। हिमांशु चक्रपाणि की गजल "जिसे तू आजमाना चाहता है, उसे सारा जमाना चाहता है, तुझे पाने की जिद में खड़ा हूं, जिसे पाना जमाना चाहता है" पर खूब तालियाँ बजीं.अजय वैद्य की "हे ईश्वर आप हो संपूर्ण, अमर अविनाशी माया मोह से दूर" एवं प्रवेश कुमार की बेटियों को समर्पित "लो खोलता हूं आज दिल की गांठ लाडली, बोलता हूं आज दिल की बात लाडली, क्यों याद तेरी आये नहीं" पंक्तियों की सबने सराहना की. जयप्रकाश कुमार की व्यंग्य रचना "इस शहर का एक शरीर है, जो कुछ साल पुराना है', अनुज बेचैन की "प्रेमचंद तुम्हारी याद आती है आज भी" को भी काफी प्रशंसा मिली। कवि विनय मामूली बुद्धि की व्यंग्य रचना "चीख नहीं चीत्कार सुनाई पड़ी..सिसक सिकुड़ रहा हस्तिनापुर", सावित्री सुमन की गजल -"यहां मोहब्बत सिसक रही है, मगर उसे कुछ खबर



नहीं है, जिस राह से तुम गुजर रहे हो, उस राह में तेरा घर नहीं है" पर भी खूब वाहवाहियां लगीं।कवि-सम्मेलन में रोहित कुमार, जनार्दन मिश्र जलज, अनिल अनिल, लवकुश प्रसाद सिंह, प्रभात बांधुल्य , सुरेश विद्यार्थी, शिवजी, संतोष सिंह ने भी अपनी रचनाएँ पढ़ीं। सभी कवियों को शब्दाक्षर औरंगाबाद की ओर से प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि सहित मंचस्थ सभी विद्वानों ने कार्यक्रम को अत्यंत सराहना की. अपने अध्यक्षीय उद्बोधनों में शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री पद्मनाभ एवं कार्यक्रम अध्यक्ष धनंजय जयपुरी ने कवि सम्मेलन में आये रचनाकारों/अतिथियों एवं समस्त शब्दाक्षर परिवार के प्रति आभार जताया. सम्मेलन में शिक्षक नेता अशोक पांडेय, पत्रकार राज पाठक, अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह, सिंहेश सिंह, बैजनाथ सिंह, अजय कुमार, सुरेश ठाकुर सहित सैकड़ो बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही.

बेखौफ बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक में एक युवक को गोली मार कर हत्या कर दी।

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार) बाइक सवार बेखौफ बदमाशों ने दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय के वार्ड नं एक में पासवान चौक स्थित अमृत बिगहा गांव निवासी 35 वर्षीय युवक सूर्यनाथ पासवान शुक्रवार की सुबह घर से बाहर टहलने जा रहे थे। इसी बीच घात लगाए बेखौफ अपराधियों ने सूर्यनाथ पासवान पर अंधा धुंध गोलीयां चलाई जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो

गई। अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद बारुण रोड की तरफ भागने में सफल रहा। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर अपराधियों को गिरफ्तारी एवं मुआवजे की मांग को लेकर दाउदनगर बरुण मुख्य सड़क को घंटों जाम कर मांग पर अड़े रहे। घटना की सूचना मिलते ही एसडी पीओ कुमार ऋषि राज,दाउदनगर थानाध्यक्ष अंजनी कुमार,अपर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार,सब इंस्पेक्टर ललन प्रसाद यादव अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन आक्रोशितों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज कर आगे की प्रक्रिया में जुट गई है।

18 लीटर देशी शराब व एक बाइक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर शुक्रवार को गोह-रफीगंज मुख्य पथ स्थित डिहुरी कब्रिस्तान के समीप से 18 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि रफीगंज पथ से गोह की तरफ आ रहे हिरो स्पेलेंडर बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा। जहां सुरक्षा बलों ने खदेड़कर पकड़ लिया। वहीं बाइक के पीछे बंधें प्लास्टिक की थैली में कुल 18 लीटर देशी शराब बरामद किया। मामले में थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर रमेश कुमार व मनोज कुमार गया जिले के आमस थाना अंतर्गत रेगनीया गांव का रहने वाला है।एस आई संजय कुमार के बयान पर उक्त शराब तस्करों के विरुद्ध कांड संख्या 320/23 दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

गांधी जयंती के अवसर पर खादी ग्रामोद्योग में कपड़ों पर दी जा रही छूट

दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित खादी ग्रामोद्योग के प्रबंधक काशीनाथ सिंह ने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर उनी वस्त्र , सुती वस्त्र , रेशमी वस्त्र एवं उनी कम्बल पर 25/ प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। वहीं प्रबंधक ने कहा कि खादी वस्त्रों को उपयोग करने से मनुष्य के शरीर में होने वाले फोड़ा फुंसी तथा आदि रोगों से मुक्ति मिलती है। इस लिए इस वस्त्र को सभी मौसमों में उपयोग किया जाता है। दो अक्टूबर गोह खादी ग्रामोद्योग में पहुंच कर अधिक से अधिक कपड़े खरीद कर लाभ उठायें।

विद्युत करंट से अधेड़ की मौत

दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)बंदेया थाना क्षेत्र के मोगलाही गांव में गुरुवार की देर शाम करंट लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी धर्मदेव यादव (50) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उक्त अधेड़ व्यक्ति शौच के लिए बाधार की ओर गए थे। वापस घर आते वक्त गांव के दक्षिण दिशा में पक्की सड़क के उनकी शव मिली जिसके ऊपर हाईवोल्टेज विद्युत तार टूटकर गिरा पड़ा था। ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग को फोन कर बिजली कनेक्शन कटवा कर शव को निकाला गया। वहीं मौजूद बंदेया थानाध्यक्ष दिनेश पासवान ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है।

छत्तीसगढ से आए दो नन्हें बाल कलाकारों ने दिखाया अद्भुत नृत्य

दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिनोवा बिगहा में शुक्रवार को अपनी अद्भुत शारीरिक कला से बच्चों को रूबरू कराया और अपनी कुछ अनोखी शारीरिक कला को भी सिखाया और साथ - ही-साथ अपनी अद्भुत नृत्य शैली को दिखाकर विद्यालय के

बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया।इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमारी रीता सिन्हा,सहायक शिक्षक रंजन कुमार और शिक्षिका दीपा कुमारी मौजूद थी।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस प्रकार के कला शिक्षा से युक्त कार्यक्रम से बच्चे कला प्रेमी बनते हैं और उनके भीतर भी ऐसी अद्भुत शारीरिक कला क्षमता का निर्माण होता है और साथ ही इस प्रकार के कार्यक्रम को करवाने के लिए उन्होंने अपने विद्यालय के सहायक शिक्षक रंजन कुमार का भरपूर आभार प्रकट किया।

उत्तर कोयल नहर से युवक की लाश बरामद

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- फोन पर बात करने के दौरान उत्तर कोयल नहर में गिरे युवक की लाश शुक्रवार की दोपहर बरामद हो गई। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत बलिया अंतर्गत ढूंढा गांव निवासी अर्जुन भुईयां के 22 वर्षीय पुत्र बजरंगी भुईयां के रूप में हुई है। विदित हो कि गुरुवार की दोपहर फोन पर बात करने के क्रम में एक युवक पथरा गांव के समीप उत्तर कोयल नहर में गिर गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढूंढा गांव के लोग घटनास्थल पर नजर बनाए हुए थे। लाश फूलने के बाद पानी पर तैरने लगी। तब ग्रामीणों ने शव को नहर से बाहर निकाला और ढुंढा गांव में ले आए। लाश बारामद होने की सूचना मिलने पर अंबा थानाध्यक्ष ढूंढा गांव पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पदोन्नति मिलने पर थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- अंबा थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत होने पर स्थानीय लोगों ने बधाई दी और फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। समाजसेवी बीरबल कुमार ने बताया कि थानाध्यक्ष का कार्यकाल

निष्पक्ष और निर्विवादित रहा है। हर विभाग में ऐसे कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारियों की जरूरत है। बधाई देने वालों में मुकेश रंजन, बीरबल कुमार, रविंद्र प्रसाद, मंटू मेहता, संतोष मेहता आदि लोग शामिल थे।

युवा संवाद भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

नेहरू युवा केंद्र किशनगंज के तत्वाधान में सहयोगी संस्था के माध्यम से युवा संवाद भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन किशनगंज शहर के सुभाष पल्ली स्थित इंसान डिग्री कॉलेज किशनगंज के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद रजा सैयद हाफिज निर्देशक इंसान डिग्री कॉलेज किशनगंज, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्यामानंद झा, इंसान स्कूल के प्रिंसिपल, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र किशनगंज ने भाग लेकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला युवा अधिकारी सत्य प्रकाश यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश पर अपना विचार युवा संवाद भारत 2047 के विषय वस्तु पर युवाओं को संबोधित किया। इसके अंतर्गत साधन सेवी के रूप में श्यामानंद झा विशिष्ट अतिथि के द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी, जलवायु परिवर्तन में युवाओं की भूमिका, आदि विषयों पर विस्तृत रूप से युवाओं के बीच परिचर्चाऐं की। कौशल विकास विषयों पर दीपक कुमार मिश्रा साधन के रूप में भाग लेकर

युवाओं को रोजगार के लिए हुनर जिंदगी में बहुत जरूरी है, इसी विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की और मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद रजा सैयद हाफिज साहब निदेशक इंसान डिग्री कॉलेज ने युवाओं को साइंस आफ टेक्नोलॉजी आदि विषयों पर विस्तृत रूप से युवाओं को प्रेरित करने के लिए अपना विचार दिए।

किशनगंज पहुंचे लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, पार्टी के कार्यकताओं के साथ किया बैठक, कई अहम बिंदुओं पर हुई चर्चा

राहुल कुमार, किशनगंज

एक दिवसीय दौरे पर पटना से किशनगंज पहुंचे लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी। वही किशनगंज मुख्यालय स्थित रामपुर चेक पोस्ट पहुंचते ही लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान अपने कार्यकताओं के साथ फूलों की माला पहन कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं ने भरत माता की जय, बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की जय घोष के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात किशनगंज मुख्यालय स्थित अशोक सम्राट भवन पहुंचे। पार्टी के महिला कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी का आरती कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इस दौरान लोक जनशक्ति पार्टी के पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के तेलिये चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, किशनगंज जिला अध्यक्ष हबीबपुर रहमान एवं अन्य लोक जनशक्ति

पार्टी के पदाधिकारी ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया किया। कार्यक्रम के दौरान भारी मात्रा में सम्राट अशोक भवन में कार्यकर्ता मौजूद थे वहीं कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर पटना से बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के विजन पर हरी झंडी दिखाकर संकल्प यात्रा को रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के सातवें दिन आज हम किशनगंज आए हैं। और इस संकल्प यात्रा का मूल्य उद्देश्य यह है कि सभी हमारे प्रकोष्ठ के अध्यक्ष यहां के जिला अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। जिसमें सक्रिय कार्यकर्ता का गठन करेंगे। इन सभी बिंदुओं पर आज हम लोग चर्चा करेंगे। क्षेत्रीय समस्या से भी अवगत करेंगे। और सदस्यता को लेकर अपनी पार्टी का विस्तार पर इस पर भी चर्चा करेंगे। और 28 अक्टूबर को जो हमारी रैली होगी उसे पर भी चर्चा करेंगे। सभी इन बिंदुओं पर चर्चा कर आगे हम हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को सूचित करेंगे।



गणपति महोत्सव का हुआ समापन, गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे से गूंजा शहर

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

किशनगंज शहर के महावीर मार्ग रोड ठाकुरबारी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में बीते दस दिनों से चल रहे गणेश महोत्सव का शुक्रवार को गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ समापन हो गया. गणेश चतुर्थी के दिन घर-घर में गणपति भगवान की प्रतिमा को विधि विधान से पूजा अर्चना कर विराजमान किया गया था. वहीं दस दिनों तक विधि विधान से पूजा आरती करके शुक्रवार ढोल-नगाड़ों, बैंड बाजा के साथ नाचते गाते शोभायात्रा निकाली गई. डे मार्केट

स्थित धोबी घाट में गणपति भगवान की प्रतिमा का विसर्जन किया गया. गणपति बप्पा मोरया और अगले बरस तुम जल्दी आना के जयकारे लगते रहे. ढोल-नगाड़े के साथ श्रद्धालुओं ने काफी श्रद्धा और उत्साह से प्रतिमा को जलधारा में प्रवाहित किया. विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए जमकर डांस किया. गणपति बप्पा मोरया, अबके बरस तू जल्दी आना के जयकारों से आज पूरा किशनगंज शहर गूंज उठा. शहर में पूरे दिन गणेश महोत्सव की धूम मची रही.

अपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले तीन बदमाश गिरफ्तार

उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):

अपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से जमा हुए तीन बदमाशों को प्रधान नगर थाना की पुलिस ने बीती रात दो नंबर वार्ड के महानंदा नदी किनारे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाशों के नाम एमडी इम्तीयाज उर्फ मुन्ना, विजय साहनी और दिलीप विश्वकर्मा है। इम्तीयाज बिहार के मोतीहारी का निवासी है, जबकि विजय और दिलीप सिलीगुड़ी के निवासी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तीनों बदमाश बीती रात किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए महानंदा नदी किनारे जमा हुए थे। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस की नजर इन तीनों बदमाशों पर गई। पुलिस को देखकर तीनों बदमाश भागने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने तीनों का पीछा कर पकड़ लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने धारदार हथियार भी बरामद किया है। पुलिस ने आज तीनों आरोपियों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया है।

बस और स्कूटी की टक्कर में घायल युवक की मौत, मृतक के परिजनों से मिले पंचायत प्रधान

उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):

गुरुवार को बस और स्कूटी की टक्कर में घायल हुए दो युवकों में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य युवक गंभीर हालत में सिलीगुड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। मृतक का नाम हमीदर अली और घायल युवक का नाम आइयूब अली है है। ये दोनों बिन्नागुड़ी ग्राम पंचायत के बीरबान इलाके के निवासी है।

बताया गया है कि मृतक हमीदर के परिवार में उसकी पत्नी, दो बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता हैं। वह राजमिस्त्री का काम कर अपना परिवार चलाता था। उनकी मौत से परिवार अब असहाय हो गया है। आज ग्राम पंचायत प्रधान समीजुद्दीन अहमद, पार्टी नेता विजय दास और इलाके के अन्य प्रतिनिधियों ने मृतक के

परिवार से मुलाकात की।

ज्ञात हो कि गुरूवार को फालाकाटा-सिलीगुड़ी रूट की एक बस सिलीगुड़ी की ओर जा रही थी। तभी भूटकीहाट इलाके में बस ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसके चलते स्कूटी पर सवार दोनों लोग सड़क पर गिर गए। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हुए दोनों स्कूटी सवारों को बरामद कर सिलीगुड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

इस बीच, दुर्घटना के बाद उत्तेजित भीड़ ने बस में आग लगा दी थी। घायल दोनों युवकों में से हमीदर अली की मौत हो गई। इस संबंध में ग्राम पंचायत प्रधान समीजुद्दीन अहमद ने कहा कि हमीदर राजमिस्त्री का काम करता था। परिवार बहुत गरीब है। हम परिवार के साथ हैं। मैं कोशिश करूंगा कि परिवार को सरकारी मदद मिले। उन्होंने कहा कि इसके अलावा घायल युवक के परिवार को भी सहायता दी जायेगी।

स्वच्छता पखवाड़ा : वातावरण साफ रखने की ली गई सपथ

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । शुक्रवार को सड़क निर्माण कंपनी जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत कंपनी के कर्मचारियों द्वारा गलगलिया बाजार एवं नेपाल भारत बॉर्डर के समीप झाड़ू लगाकर सड़कों एवं नालियों का सफाई किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव कुमार सिंह डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर क सिंह सेफ्टी मैनेजर सत्येंद्र कुमार हाईवे मैनेजर उपेंद्र सिंह सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुशवाहा एवं उनके टीम के द्वारा अहम भूमिका निभाया गया।

सफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन ठाकुरगंज बाजार में भी किया गया एवं वहां पर भी सड़क किनारे स्थित नाली एवं सड़कों का सफाई किया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव कुमार सिंह एवं उनके टीम के द्वारा यह शपथ लिया गया कि हम अपने आसपास कहीं भी गंदगी फैलने नहीं देंगे एवं 100 अन्य लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया।

"स्वच्छता ही सेवा अभियान" को मुँह चिढ़ाता विद्यालय का खेल मैदान।

गांधी के स्वच्छता–सपना को ध्वस्त करता उच्च विद्यालय ठाकुरगंज के स्टेडियम की दुर्दशा।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)

उच्च विद्यालय ठाकुरगंज के खेल-मैदान की दुर्दशा व गंदगी का अंबार यह बताने को पर्याप्त है कि इस क्रीडांगन का उपयोग लंबे अरसे से नहीं हो रहा है। नई शिक्षा नीति 2020 में वर्णित तथ्यों के अनुसार अध्ययन-अध्यापन में क्रीड़ा को पर्याप्त स्थान दिया गया है जिसके निमित्त विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गयी है।

महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इस विद्यालय को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के रूप में उत्क्रमित किया जा चुका है। इसके अलावे इस विद्यालय के खेल मैदान से सटे पूर्वी भाग में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय भी अवस्थित है। ऐसी स्थिति में इस विद्यालय के खेल-मैदान की बदहाल स्थिति इस विद्यालय के प्रबंधन समिति के साथ-साथ प्रधानाध्यापक के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने को पर्याप्त प्रतीत होता है। हलांकि न तो इस विद्यालय में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक की पदस्थापना है और न ही इस विद्यालय परिसर में संचालित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ।

सनद रहे कि 15 सितंबर से सम्पूर्ण भारत में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान जारी है जो 02 अक्टूबर तक जारी रहेगा। 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक एसएचएस आयोजित करने के लिए राज्यों/जिलों/ब्लॉकों के लिए प्रस्तावित गतिविधियाँ इस प्रकार हैं:-

सभी महत्वपूर्ण स्थानों से कचरा हटाना

क्षेत्र में कूड़ेदान, सार्वजनिक शौचालय, ढलाव,

अपशिष्ट परिवहन वाहन, एमआरएफ आदि जैसी सभी स्वच्छता संपत्तियों की मरम्मत, पेंटिंग, सफाई और ब्रांडिंग;

नदी तटों को साफ करने और विशेषकर गंगा ग्रामों और गंगा कस्बों में जल निकायों से अपशिष्ट (प्लास्टिक सहित) हटाने के अभियान में सहायता करना;

कूड़े को रोकने के लिए संरक्षित क्षेत्रों में प्लास्टिक सामग्री के विनियमन के साथ-साथ टङ्गएऋङ्गउ के तहत चिड़ियाघरों, राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों आदि की सफाई;

पर्यटक स्थलों, एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारकों की सफाई अभियान के साथ-साथ एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए आईईसी पहल, हरा गीला सूखा नीला अभियान के अनुरूप सूखे और गीले कचरे के डिब्बे को संतृप्त करना आदि;

एकल उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) के विकल्पों को प्रोत्साहित करने वाले आईईसी अभियानों के साथ-साथ छावनी बोर्ड क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान;

स्कूलों में स्वच्छता अभियान और जागरूकता गतिविधियाँ शुरू की जा सकती हैं, जिसमें बच्चे स्त्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण, अपशिष्ट की यात्रा, अपशिष्ट से धन, एसयूपी के विकल्पों के महत्व को समझ सकें। जहां संभव हो स्कूलों/कॉलेजों में स्वच्छता क्लब बनाए जा सकते हैं;

'हर पत्री साफ सूत्री' अभियान के तहत रेलवे पटरियों, रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों आदि सहित रेलवे के अंतर्गत आने वाली सभी संपत्तियों की सफाई; और

देश की स्वच्छता यात्रा को बढ़ावा देने वाले विशेष कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना।

इस अभियान में विद्यालयों को महत्वपूर्ण भूमिका में रखा गया है जिसके सन्दर्भ में शिक्षा विभाग, बिहार के स्तर से आवश्यक दिशानिर्देश भी जारी किया गया है।

उच्च विद्यालय ठाकुरगंज के क्रीडांगन की बदहाल अवस्था का जिक्र करते हुए नगरवासियों का कहना है कि प्रधानाध्यापक को इस मामले में नगर पंचायत ठाकुरगंज से आवश्यक सहयोग लेने की पहल करने पर व्यवस्था में न केवल सुधार होगा बल्कि इसे खूबसूरती में भी चार चांद लग सकते हैं।

क्या है "स्वच्छता ही सेवा अभियान" :-

सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जन आंदोलन उत्पन्न करने के उद्देश्य से श्रमदान गतिविधियों को शुरू करने के लिए डीडीडब्ल्यूएस और एमओएचयूए के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान मनाया जा रहा है ; एसबीएम के कार्यान्वयन पर प्रोत्साहन प्रदान करना; संपूर्ण स्वच्छ गांव के महत्व का प्रसार करना ; प्रत्येक व्यक्ति का व्यवसाय के रूप में स्वच्छता की अवधारणा को सुदृढ़ करना ; और राष्ट्रव्यापी भागीदारी के साथ स्वच्छ भारत दिवस (2 अक्टूबर) की प्रस्तावना के रूप में ।

एसएचएस-2023 की थीम ' कचरा मुक्त भारत' है , जिसका फोकस दृश्य स्वच्छता और सफाई मित्रों के कल्याण पर है। पिछले वर्षों की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना स्वैच्छिकता/श्रमदान है। इन स्वच्छता अभियानों का ध्यान बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, छावनी बोर्ड, समुद्र तटों, पर्यटक स्थलों, चिड़ियाघरों, राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों, ऐतिहासिक स्मारकों, विरासत स्थलों, नदी के किनारों, घाटों, नालों और नालों आदि जैसे अधिक लोगों की संख्या वाले सार्वजनिक स्थानों पर होगा। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में।

उम्मीद किया जा सकता है कि "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" सम्बंधित महात्मा गांधी के सपने को आगामी 02 अक्टूबर तक इस विद्यालय के क्रीडांगन के बदहाल अवस्था में सुधार कर कुछ हद तक पूर्ण करने में सफलता मिल सकेगी।

जान है तो जहान है, जीवनशैली और खान-पाने बदल कर हृदय को रखें स्वस्थ - सिविल सर्जन

-29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लोग करा सकते हैं स्वास्थ्य जांच

-प्रखंडों पर हुई निःशुल्क स्क्रीनिंग , मिली हृदय को स्वस्थ रखने की जानकारी

-"यूज हार्ट, नो हार्ट" है इस वर्ष की थीम

राहुल कुमार, किशनगंज

कार्डियोवैस्कुलर बीमारी एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट है, जो सालाना 20.5 मिलियन से अधिक लोगों की जान लेता है। दिल के दौरे, स्ट्रोक और दिल की विफलता जैसी स्थितियां इन मौतों के एक महत्वपूर्ण हिस्से के लिए जिम्मेदार हैं। वास्तव में, कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां दुनिया भर में मृत्यु दर का प्रमुख कारण हैं, जो सभी वैश्विक मौतों का लगभग 31% है। दिल का दौरा, स्ट्रोक और कोरोनरी हृदय रोगे सबसे आम दोषियों में से हैं। हर साल की तरह इस बार भी जिला स्वास्थ्य प्रशासन ने 29 सितम्बंर को विश्व हृदय दिवस के रूप में सदर अस्पताल प्रांगणे में निःशुल्क स्क्रीनिंग और जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर को आरम्भ करते हुए सिविल सर्जन डॉ. कौशल किशोरे ने बताया कि जान है तो जहान है। इसलिए हमारी जान को सुरक्षित रखने के लिए हृदय को भी स्वस्थ रखना अनिवार्य है। हृदय शरीर के सबसे अहम अंगों में से एक है। जिसके अस्वस्थ होने या अस्वस्थ होकर काम करना बंद करने से हमारी मृत्यु भी हो सकती है। आज के समय में खान पान और जीवनशैली में होते लगातार बदलाव,

धूम्रपान और तनावपूर्ण जीवनचर्या हमारे हृदय को काफी नुकसान पहुंचाता है। रिसर्च बताते हैं जहाँ कम उम्र के लोगों में हृदय संबंधी समस्याओं या सीवीडी (कार्डियोवास्कुलर डिजीज) और हृदयाघाते के मामलों में इजाफा हुआ है। वहीं उनमें असमय मृत्यु की आशंका भी बढ़ गयी है। इसलिए हृदये को निरोग रखने के लिए 40 वर्ष की आयु के बाद हर व्यक्ति साल में एक बार अपने हृदय की जांच कराएँ। प्रत्येक दिने कम से कम 30 मिनट की एक्सरसाइज या योगाभ्यास करें। तेल मसाले. फास्टफूड और वसो युक्त खाद्य पदार्थों से दूरी बनायें। धूम्रपान का त्याग कर ना सिर्फ हृदय सम्बन्धी समस्याओं बल्कि मधुमेह , रक्तचाप जैसे गंभीर रोगों से भी बचें।

सभी प्रखंडों में मनाया गया विश्व हृदय दिवस :

जिला गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. उर्मिला कुमारी ने बताया सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर के दिशा निर्देश के आलोक में सदर अस्पताल सहिते सभी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों में विश्व हृदय दिवस का आयोजन कर लोगों की निःशुल्के जांच की गयी और उन्हें परामर्श दिए गए। साथ ही जिले में विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में 29 सितंबर से 12 अक्टूबर के बीचे जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करा सकते हैं। जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थानों में रंगीन पोस्टर्स , फ्लैक्स लगाकर आमजनों को निःशुल्क जांच सह चिकित्सकीय परामर्श पखवाड़ा की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने आगे बताया विश्व हृदय दिवस की इस वर्ष की थीमे ह्यूज हार्ट, नो हार्टह्रे है। जिसका मकसद लोगों को दिल के महत्व और हृदय ज्ञान के महत्व को व्यक्त करने के लिए इमोजी के उपयोग पर जोर देता है।

लक्षणों को समझें वे सतर्क रहें-

एसीएमओ डॉ सुरेश प्रसाद ने बताया कि ऐसे तो 40 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के व्यक्तियों में हृदये रोग की आशंका ज्यादा होती है लेकिन मौजूदो समय में यह कम आयुवालों को भी अपनी गिरफ्त में ले रही है। इसलिए यदि सीने में दर्द, बेवजह पसीना आना, सांस लेने में दिक्कत, उल्टी या चक्कर आना, गले और जबड़े का दर्द,असामान्य और लगातार खरार्टे जैसे लक्षणों की अनदेखी न करें और सतर्क होकर अपने वजन को नियंत्रित करने की कोशिश करना शुरू कर दें। आहार में फाइबर युक्त आहार या फल का सेवन करें। साल में एक बार जाँच कराएँ। तनाव से दूर रहें और नियमित व्यायाम करें।

हृदय रोग से सुरक्षा के लिए संतुलित आहार का सेवन आवश्यक –

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि वर्तमान समय में बहुत से ऐसे लोग हैं जिनका भोजन असमय होता है। आजकल लोग कम समय में पिज्जा, बर्गर या अन्य फास्ट फूड खाकर अपना पेट भर लेते हैं । लेकिन इस तरह के फास्ट फूड व तैलीय पदार्थों का खाना लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेहे है। इसी से लोगों में रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारी को बढ़ावा मिलता है। जो बाद में हृदय सम्बन्धी रोग में परिवर्तित हो जाता है । इससे बचने के लिए लोगों को पर्याप्त समय में संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए।

जिले में डेंगू की जांच व इलाज का समुचित इंतजाम, फिर भी एहतियात जरूरी

-अब तक जिले में डेंगू के कुल 10 मरीज, फिलहाल 03 एक्टिव मरीज

-प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता के आधार फॉगिंग के साथ फैलाई जाएगी जागरूकता

• 04 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

राहुल कुमार, किशनगंज

वर्तमान में सूबे सहित जिले में डेंगू का प्रसार जारी है। डेंगू मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं तेजी से लोग इससे उबर रहे हैं। जिले में डेंगू प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ कर 10 हो गयी है। इसमें फिलहाल 03 एक्टिव मरीज हैं। मच्छर जनित रोगों में डेंगू अति गंभीर रोगों की श्रेणी में आता है। डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में जिले में डेंगू से जागरूकता के लिए 04 जागरूकता रथ को सदर अस्पताल प्रांगण से सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर एवं जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मंजर आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिऐ लोगों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि, इस बीमारी से बचाव के लिए सही जानकारी के साथ-साथ सतर्कता और सावधानी ही सबसे बेहतर और कारगर उपाय है। इसलिए, सभी लोग इस बीमारी से सतर्क और सावधान रहें एवं बचाव से संबंधित उपाय का निश्चित रूप से पालन करें। अब तक कुल रैपिड एंटी जेंट जांच 826 की गयी है । डेंगू मरीजों को सभी तरह की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार जरूरी पहल कर रहा है।

डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिये विभाग अलर्ट –

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मंजर आलमे ने कहा कि जिले में डेंगू को लेकर फिलहाल स्थिति सामान्य है। उनके मुताबिक जागरूकता रथ अगले पांच दिनों तक जिलेभर में घूम-घूम कर जागरूकता फैलाएगा। डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभाग पूरी तरह अलर्ट है। इसे लेकर डेंगू संक्रमण के शिकार सभी मरीजों के घर के आसपास 500 मीटर के दायरे में फॉगिंग करायी जा रही है। संक्रमित सभी व्यक्ति के घरों में फॉगिंग संपन्न हो चुकी है। डेंगू मरीजों की

लाइनलिस्ट तैयार की गयी है। नियमित रूप से मरीजों का फॉलोअप किया जा रहा है। ताकि उन्हें समुचित चिकित्स्कीय सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने बताया कि शहरी इलाकों में संबंधित नगरपालिका व ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के स्तर से छिड़काव किया जा रहा है।

जांच व इलाज का पर्याप्त इंतजाम –

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के दिशा निर्देश के आलोक में जिले में डेंगू की जांच व इलाज का समुचित इंतजाम उपलब्ध है। जिले के सभी पीएचसी व एपीएचसी स्तर पर डेंगू जांच से संबंधित सुविधा उपलब्ध है। डेंगू संबंधी मामलों के सत्यापन के लिये सदर अस्पताल में एलीजा टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। प्रारंभिक जांच में डेंगू का लक्षण उजागर होने पर सैंपल वैरिफिकेशन के लिये इसे सदर अस्पताल भेजा जाता है। जहां डेंगू का मामला सत्यापित होने पर मरीजों की समुचित जांच के बाद जरूरी चिकित्सकीय सुविधा उन्हें उपलब्ध करायी जा रही है।

- डेंगू से बचाव के लिए सही जानकारी जरूरी :

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलमे ने बताया, आमलोगों के बीच डेंगू से बचाव के लिए सही जानकारी नहीं होने के कारण उनके लिए डेंगू शब्द ही खौफ का मुद्दा है। यदि इसके विषय में आम लोगों को पूरी जानकारी दी जाए तो लोगों के मन से डेंगू का भय खत्म हो सकता है। वहीं, उन्होंने बताया, एडीज नामक मच्छर के काटने से डेंगू बुखार होता है। यह मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है, जो अधिकांश दिन में ही काटता है। डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है। 3 से 7 दिन तक लगातार बुखार, तेज सर में दर्द, पैरों के जोड़ों मे तेज दर्द, आँख के पीछे तेज दर्द, चक्कर एवं उल्टी, शरीर पर लाल धब्बे आना एवं कुछ मामलों में आंतरिक एवं बाह्य रक्तस्त्रावे होना डेंगू के लक्षणे में शामिल हैं। कुशल प्रबंधन एवं चिकित्सकों की निगरानी से डेंगू को जानलेवा होने से बचाया जा सकता है। इसलिए, जरूरी है कि डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह ली जाए। डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर बिना चिकित्सकीय सलाह के बुखार की दवा खाना खतरनाक हो सकता है।

दिन में सोते समय भी लगाएं मच्छरदानी :

डॉ मंजर आलमे ने बताया कि दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके साथ-साथ मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ- सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखें और कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करें। गमला, फूलदान का पानी हर दूसरे दिन बदल दें। घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता जरूरी है। मॉल व दुकान चलाने वाले लोग भी खाली जगहों पर रखे डिब्बे और कार्टनों में पानी जमा नहीं होने दें। जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें।

डेंगू के लक्षण :

- अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार
- मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना
- आंखों के पीछे दर्द होना जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है
- जी मिचलाना एवं उल्टी होना

गंभीर मामलों में नाक, मुंह व मसूड़ों से खून आना

- त्वचा पर चकत्ते उभरना

बचाव के उपाय:

- एडीज के मच्छर साफ स्थिर पानी में पनपते हैं
- कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें एवं धूप में सुखाकर प्रयोग करें
- घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली परदे लगाएं ।

पानीटंकी न्यू मार्केट इलाके से फिर एक युवक ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार।

रंजीत कुमार पोद्दार : दैनिक समाज जागरण : संवाददाता

खोरीबाड़ी : भारत-नेपाल सीमा के खोरीबाड़ी के पानीटंकी न्यू मार्केट इलाके में फिर एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद एसएसबी 41वीं बटालियन के जवानों ने खोरीबाड़ी अंतर्गत पानीटंकी न्यू मार्केट इलाके

में छापेमारी की। इस दौरान युवक के पास से 52 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। आरोपी का नाम रॉबिन बर्मन (23) है, जो मंजय जोत का रहने वाला है। बाद में एसएसबी ने आरोपी को खोरीबाड़ी थाने को सौंप दिया। आज आरोपी को सिलीगुड़ी महकमा अदालत भेज दिया गया। जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित बाजार कीमत करीब लाखों रुपये है।

दिनारा में शोक की लहर,नहीं रहे समाजसेवी अरविन्द दूबे

के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास

बुधवार का दिन दिनारा प्रखंड क्षेत्र वासियों के लिए अत्यंत बुरी खबर लेकर आया जहां दिनारा प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं शिक्षा की अलख जगाने वाले विद्यालय संचालक व गरीब जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्राप्त कराने में मदद के लिए बिना किसी की परवाह किये खड़े रहने वाले, जिसका साथ दिया उसके साथ हमेशा कन्धा से कन्धा मिलाकर चलने वाले अरविन्द दूबे को ईश्वर ने अपने श्रीचरणों में वापस बुला लिया है। वह अब हम सब के बीच नहीं है। अविश्वसनीय,अकल्पनीय मगर होनी को कौन टाल सकता है।भानस ओपी थाना क्षेत्र के भुआवल गांव निवासी शिक्षक चन्द्रदीप दूबे के द्वितीय पुत्र अरविन्द दूबे (उम्र 60 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया है।उनकी मौत की सूचना पर दिनारा प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार समाजसेवी अरविन्द दूबे पूर्णतः स्वस्थ थे लेकिन, मंगलवार के दिन थोड़ी तबीयत खराब होने के कारण एक स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए बाहर रेफर कर दिया और बनारस इलाज के लिए जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई। शिक्षा प्रेमी व समाजसेवी अरविन्द दूबे ने एक निजी विद्यालय सरस्वती शिशु निकेतन की स्थापना की और लगभग दस वर्षों तक उसे संचालित किया था। क्षेत्र में जब निजी विद्यालयों का अभाव था उस दौर में उन्होंने कार्य किया। फिलहाल

वे अभ्युदय इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षण का कार्य कर रहे थे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पत्रकार गुड्डू चौबे ने बताया कि यह अपूरणीय क्षति है। दूबे जी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने दिनारा में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए अपना पुरा समय दिया। पत्रकार मुक्तेश्वर दूबे ने बताया कि वे हमारे युवाकाल के संरक्षक, प्रेरक और पोषक थे। निर्णय शील और साहसी व्यक्तित्व के धनी थे, जिनके निधन से हजारों लोगों को आघात पहुंचा है। वहीं टाटा मोटर्स में कार्यरत सीनियर इंजिनियर अविनाश दूबे ने उनके निधन पर गहरी संवेदना जताते हुए कहा कि वे मेरे आदर्श गुरु थे। उन्होंने अपना जीवन शिक्षा सेवा में व्यतीत कर दिया। अभ्युदय इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य अनुज परासर ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि हमारे समाज में शिक्षा की अलख जगाने वाले सामाजिक व्यक्ति के निधन होने से अपूर्ण क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। वहीं उनके परम मित्र पत्रकार कमला कान्त दूबे ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि वे सरल स्वभाव के धनी होने के साथ-साथ मृदुभाषी थे। जिन्होंने शिक्षा जगत में काफी योगदान देने के साथ साथ समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति हमेशा जागृत किया। उनके निधन से शिक्षा जगत को भारी क्षति हुई है। समाजसेवी अरविन्द दूबे के अकास्मिक निधन से पूरे दिनारा प्रखंड में शोक की लहर व्याप्त है वही सोशल मीडिया पर भी शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है तथा उनके पैतृक गांव भुआवल में भी शुभ चिंतकों और आस पड़ोस के लोग शोक व्यक्त करने पहुंच रहे हैं। लोगों ने कहा कि आज उगते हुए सूरज का अस्त हो गया।

अंजबीत सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्रांगण में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कार सह प्रमाणपत्र वितरित

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

वनस्पति-शास्त्र विभाग अंजबीत सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के तत्वावधान में आयोजित पुरस्कार सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह सफल रहा। उक्त महाविद्यालय में पूर्व में हुए ओजोन पेंटिंग प्रतियोगिता में 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय ओजोन परत सरंक्षण था। जिसमें प्रथम पुरस्कार अनन्या कुमारी बीसीए एवं सलोनी सिंह जंतु विज्ञान विभाग को मिला। द्वितीय पुरस्कार हर्षित सिन्हा एवं श्रुति को मिला। जबकि तीसरा पुरस्कार रेणु कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं राहुल कुमार को मिला। छह प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जिसमें रेखा कुमारी, अंजली कुमारी, आकांक्षा कुमारी , शुभम , प्रिया , सोनम कुमारी एवं खुशबू को मिला । पुरस्कार सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस भास्करन संबोधित करते हुए कहा कि ओजोन परत का संरक्षण करना सभी का दायित्व है । पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने कहा कि ओजोन परत को बचाना पूरे विश्व के लिए

चुनौती है। सभा में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष सह पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रभात कुमार ने ओजोन परत की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समन्वयक एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कन्हैया सिंह ने पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत इस तरह के कार्यकर्मो के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी प्रतिभागियों को अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समारोह में बॉटनी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शशि भूषण के सक्रियता के कारण कार्यक्रम काफी प्रभावपूर्ण रहा। समारोह के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापिका डॉ सरिता कुमारी ने किया। इसके अलावा समारोह में जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार और प्राध्यापिका डॉ कुमारी प्रिया भी उपस्थित थी।

कुपोषण को भगाने के लिए पोषणयुक्त आहार जरूरी: सीडीपीओ

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली रोहतास

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड स्थित सामेकित बाल विकास विभाग के तत्वाधान में पोषण मेला का आयोजन किया गया। जिसकी उदघाटन सीडीपीओ सुषमा भलेरिया टोपो ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद सीडीपीओ द्वारा सही पोषण देश रोशन के तहत कुपोषण मुक्त करने लिए सभी सेविकाओं को शपथ दिलाई गई। पोषण मेले में सेविकाओं के द्वारा लोगो को जागरूक करने के लिए पोषण से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के स्लोगन तथा रंगोली बनाया गया था। सीडीपीओ ने सेविकाओं को संबोंधित करते हुए कहा कि कुपोषण को भगाने के लिए पोषणयुक्त आहार लेना बहुत जरूरी है। हमलोगों को अपने भोजन में मोटा अनाज व प्रोटीन युक्त आहार का प्रयोग करना चाहिए। पोषण मेला सरकार के द्वारा चलाया जा रहा एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इसके अंतर्गत सभी को जागरूक करना है। कुपोषण भगाने व पोषण हेतु जागरूकता फैलाने के लिए पोषण मेला में उपस्थित सेविकाओं को भी किया गया। सीडीपीओ ने कहा कि सभी सेविका व सहायिका उक्त जागरूकता अभियान को अपने-अपने पोषक क्षेत्र में फैलायें किसी तरह की लापरवाही न बरतें। पोषण

विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उक्त मेले में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की गई व सेविकाओं द्वारा बनाये गये व्यंजन व पकवान की गुणवक्ता को परखने के लिए सीडीपीओ के द्वारा स्वाद भी चखा गया। इस अवसर पर सेविकाओं को उनके द्वारा बनाये गए स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित मेला में पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी, प्रखंड कोऑर्डिनेटर रीमा कुमारी, सेविका मीरा कुमारी, सरोज कुमारी, नीतू कुमारी, पूनम कुमारी, सुनीता कुमारी, कंचन कुमारी, उर्मिला कुमारी,संगीता देवी, रीता कुमारी, सुमन कुमारी, मंजू पटेल व मधुबाला कुमारी सहित प्रखंड की सभी सेविका मौजूद थी।

बीपीएससी एवं सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर अधिकारियों को किया गया ब्रीफ, कई दिशा निर्देश जारी

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 69वीं संयुक्त प्रारम्भिक प्रतियोगी परीक्षा एवं केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए संवाद कक्ष में परीक्षा के दौरान प्रतिनियुक्त सभी वीक्षक, केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों को संयुक्त रूप से ब्रीफिंग की गई। इस दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर परीक्षा को सफल एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर आयोग से प्राप्त निदेशों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा बताया गया कि बीपीएससी द्वारा दिनांक 30 सितम्बर दिन शनिवार को एक पाली में 69वीं संयुक्त प्रारम्भिक प्रतियोगी परीक्षा के संचालन हेतु जिले में कुल 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जहां 12 बजे मध्याहन से 2 बजे अपराह्न तक परीक्षा ली जाएगी। जबकि केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा दिनांक 01 अक्टूबर दिन रविवार तथा आगामी 7 अक्टूबर को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा 10 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याहन तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 3 बजे अपराह्न से 5 बजे अपराह्न तक जिले के कुल 18 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षाओं के लिए कुल 42 स्टैटिक दंडाधिकारियों तथा 17 जोनल दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जो अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। बताया गया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग द्वारा प्राप्त निदेशों का परीक्षा कार्य में संलग्न सभी अधिकारी एवं कर्मी अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के ढाई घंटा पूर्व प्रवेश की अनुमति सघन जांच करने के बाद हीं दी जाएगी तथा किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रानिक पेन जैसे सामग्रियों ले जाने की इजाजत नहीं रहेगी। परीक्षार्थी सिर्फ एडमिट कार्ड, पहचान पत्र एवं नीला व काला बॉल पेन के साथ हीं परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। वहीं ब्रीफिंग के दौरान बताया गया कि उम्मीदवारों के बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों के खोलवाने, वितरण करवानें तथा उत्तर पुस्तिकाओं के सीलबंद करने आदि कार्यों को आयोग से प्राप्त मार्गदर्शिकाओं के अनुरूप ही किया जाएगा तथा निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन नहीं करने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोषागार से प्रश्नपत्रों का वितरण करते समय यह विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि पहले दूर वाले परीक्षाकेन्द्रों में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को उपलब्ध कराते हुये समय रहते स्थानीय केन्द्रों के दंडाधिकारियों को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित हो ताकि ससमय सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों को पहुँचाया जा सके। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता चंद्रशेखर प्रसाद, लोक शिकायत पदाधिकारी, सदर एसडीओ आशुतोष रंजन, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

लोजपा कार्यकताओं की हुई बैठक

के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास

रोहतास जिले प्रखंड कार्यालय दिनारा में लोक जनशक्ति पार्टी(रा)का शुक्रवार को दिनारा विधानसभा कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान जबकि संचालन टुनटुन पांडेय ने किया। 1 अक्टूबर दिन रविवार को संझौली स्थित के के हाई स्कूल के मैदान में कानू हलवाई संघर्ष सेना रोहतास द्वारा आयोजित महासम्मेलन को एतिहासिक बनाने पर चर्चा हुई। लोजपा नेता एवं विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अजीत राय ने बैठक के सम्बन्ध में बताया कि 1अक्टूबर दिन रविवार को संझौली स्थित के के हाई स्कूल के मैदान में कानू हलवाई संघर्ष सेना रोहतास के द्वारा आयोजित महासम्मेलन का उद्घाटन व सम्बोधित करने हेतु पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के आगमन पर उनके स्वागत के तैयारी को लेकर बैठक में चर्चा हुई। तमाम कार्यकताओं और

कानू हलवाई समाज के लोगों से भी आग्रह किया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमर कसकर जुट जाएं। प्रचार-प्रसार के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी लोगों तक पहुंचाया जाए। ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग जुट राष्ट्रीय अध्यक्ष के भाषण का लाभ उठाएं। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव जग नारायण साह, विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र पासवान, सह प्रभारी अति पिछड़ा छठु साह,विनोद लाल, सुरेंद्र सिंह, काशीनाथ सिंह, जितेंद्र कुमार, कृष्णा पासवान, मदन पासवान, गोपाल चंद्र पांडेय, रिंकू कुमार सिंह, पुष्पा शर्मा, मीरा देवी, इंदु देवी, अजय पासवान, गोरखनाथ पासवान, कालिका पासवान, गौरी शंकर पासवान, हरि पासवान, दया शंकर पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के क्रम में हुई महिला की मौत

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

शुक्रवार को सिंचाई अनुसंधान केंद्र बिक्रमगंज आरा रोड के परिसर में एक महिला जमीन पर छटपटा रही थी। जिस घटना को देखकर केवीके बिक्रमगंज के वरीय वैज्ञानिक डॉ रविंद्र कुमार जलज, केविके बिक्रमगंज के कार्यक्रम में आए हुए संझौली के वरीय पत्रकार एवं स्थानीय पत्रकार की पहल पर इसकी सूचना 112 नंबर की बिहार पुलिस की गाड़ी एवं स्थानीय अस्पताल के एंबुलेंस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही 112 नंबर की बिहार पुलिस की गाड़ी एवं स्थानीय अस्पताल के एम्बुलेंस स्थल पर पहुंच महिला को प्राथमिक इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां पर अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला का इलाज शुरू कर दिया। लेकिन इलाज के कुछ ही देर बाद महिला ने दम तोड़ दिया। सूत्रों के मुताबिक मृतिका 35 वर्षीय महिला सुनीता देवी दावथ थाना क्षेत्र के कोआथ निवासी स्वर्गीय लल्लू चौधरी की पत्नी बताई जाती है । जिसकी सूचना मृतिका के परिजनों को दी गई । घटना की सूचना मिलते ही मृतिका के पुत्र एवं परिजन अस्पताल पहुंच गए। मृतिका के पुत्र एवं परिजन अस्पताल पहुंचते ही दहाड़ मारकर रोने लगे। जानकारी देते हुए बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतिका के पुत्र ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया । उन्होंने कहा कि मृतिका के पुत्र ने बताया कि दो-तीन रोज से मां की तबीयत खराब थी। उसे ब्रेन ट्यूमर की शिकायत थी। उसी सिलसिले में बिक्रमगंज दवा लेने के लिए आई थी।

ओबीसी मोर्चा रोहतास भाजपा ने जारी की अपने पदाधिकारियों की सूची

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिले के बिक्रमगंज अंर्तगत ओबीसी कार्यालय घुसियां खुर्द में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र साह ने अपने दल के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के निदेर्शानुसार ओबीसी मोर्चा अपने सभी पदाधिकारियों की सूची जारी की है। जिलाध्यक्ष ने सभी को नई जिम्मेवारी दी है। पार्टी के कार्यक्रमों को जिला स्तर पर चलाने व पार्टी की मजबूती के लिए उन्हें दायित्व सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उपाध्यक्ष शनि चौरसिया,उमेश चौहान,भूपेश कुमार गुप्ता, मुखिया जी,कन्हैया शर्मा, बनारसी सेठ ,मीना देवी , शिक्षिका महामंत्री संजीव मोहन , अजय चौहान ,विजय कुमार सेठ, अरुण कुमार,नंदकिशोर चौहान, विजय शर्मा,धीरू कुमार शर्मा, संजय कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष कृष्ण गुप्ता,यमुना कुमार,मीडिया प्रभारी कौशल जायसवाल,आईटी सेल संयोजक मुकेश कुमार, सहसंयोजक कुंदन एवं नीलकमल कार्यालय मंत्री दिनेश साहू,जिलाप्रवक्ता बलवंत सिंह, परमेश्वर गुप्ता,ऋषि कुमार,उमेश गुप्ता जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य,अरविंद,अमरजीत कुशवाहा,संजय शर्मा,डॉक्टर मुकेश गुप्ता,कृष्णा चौरसिया, प्रतिभा,पल्लवी, प्रेम कुमार,महेंद्र सिंह,डॉक्टर अरुण कुमार, सनातन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका ने किया धरना-प्रदर्शन

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय के समक्ष शुक्रवार को पांच सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका ने धरना प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व आंगनबाड़ी सेविका संघ के प्रखंड अध्यक्ष शकीला खातून ने किया । उन्होंने कहा कि विगत चुनाव के समय प्रदेश के मुखिया ने यह वादा किया था कि सरकार बनने के साथ ही मानदेय की राशि दुगना कर दी जाएंगी , लेकिन यह घोषणा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इसके विरुद्ध संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविकाओं ने जनवरी से मार्च माह तक आंदोलन किया। तब प्रधान सचिव ने यह आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा। इसके बावजूद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।उन्होंने कहा कि अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दस हजार रुपए

निर्धारित करने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के आलोक में ग्रेच्युटी भुगतान करने, सरकारी कर्मियों का दर्जा देने तथा 18000 रुपए मानदेय की राशि निर्धारित करने सहित पांच सूत्री मांगों को जब तक लागू नहीं किया जाता आंदोलन जारी रहेगा। 5 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन आंगनबाड़ी के सेविका व सहायिका ने बीडीओ धर्मेंद्र सिंह व सीडीपीओ रूबी कुमारी को सौंपा गया।मौके पर मुनी देवी, इंद्रमुनी देवी,संगीता देवी,मधुमती देवी, मीरा देवी, बबीता राय, सविता कुमारी, विद्यावती देवी,प्रभा देवी,सरिता देवी,शांति देवी, कुमारी स्मृति देवी, रीना राय नीतू देवी,फूलकुमारी देवी,सावित्री देवी,मंजू देवी अनिता देवी,निर्मला देवी सहित कई सेविका सहायिका शामिल थी।

हेल्थ एव वेलनेस सेंटर नरवर मे हेल्थ मेला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर नरवर में आयुष्मान भवः हेल्थ मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन वरीय उपचार प्रयवेक्षक सोनू कुमार शर्मा व कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर प्रतिमा कुमारी ने किया ' हेल्थ मेला में शामिल ग्रामीणों को वरीय उपचार प्रयवेक्षक सोनू कुमार शर्मा के द्वारा टीबी रोग कि जॉच, दवा, निक्षय पोषण योजना, टीबी मुक्त पंचायत, टीबी चैंपियन, आदि योजनाएं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ' लोगो को सुझाव देते हुए सोनू कुमार शर्मा ने बताया कि टीबी रोग लाइलाज नहीं है, अगर थोड़ी सावधानी बरती जाए तो इस रोग को जड़ से खत्म किया जा सकता है ' अगर किसी को लगातार दो सप्ताह

से ज्यादा दिनों से खांसी, बुखार, वजन कि कमी, भूख न लगना, सीने में दर्द जैसे लक्षण नजर आए तो उसे बिल्कुल नजर अंदाज न करे बल्कि नजदीकी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे जा अपने बलगम कि जॉच करा ले ' जांच में टीवी रोग पाए जाने पर निःशुल्क दावा व खादय सामग्री सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा ' इस कार्यक्रम में शामिल निक्षय मित्र नरवर निवासी समाजसेवी सिकेंद्र सिंह ने उक्त पंचायत के एक टीवी मरीज को गोद ले पौष्टिक खाद्यय सामग्री उपलब्ध कराया ' मौके पर एएनएम, आशा, एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे

स्वच्छता के तैयारी को लेकर प्रखंड सभागार में किया गया बैठक

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत बैठक किया गया। बैठक में 1 अक्टूबर को प्रखंड के सभी पंचायत एवं प्रखंड में श्रमदान करना है। सभी गतिविधियों को सभी पंचायत के सुपरवाइजर के साथ कार्य नियोजन तैयार किया गया। पंचायत में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक स्वच्छता को लेकर तैयारी हेतू बैठक किया गया। मौके पर प्रखंड स्वच्छता समन्वयक अशोक कुमार सिंह, डाटा

ऑपरेटर विनय कुमार, विकास कुमार सहित बींसो पंचायत के सुपरवाइजर देववंश राम पंचायत करगहर, प्रिंस कुमार पंचायत रीवा, राम एकबाल पासवान अररूआ पंचायत, बृजलाल कुमार सिंह पंचायत शाहमल खैरा देव, राजकुमार पंचायत बडहरी, संदीप कुमार पंचायत बसडिहा, विनोद राम पंचायत अकोढी, रवि रंजन पंचायत बभनी, अनिल कुमार सिंह पंचायत बकसड़ा, अमृतेश कुमार पाठक पंचायत ठोरसन, नीतीश कुमार पंचायत सेंदुआर, संदीप कुमार पंचायत भोखरी, प्रदीप कुमार पंचायत सेमरी, अमिताभ कुमार पंचायत डुमरा, अनिरुद्ध पासवान पंचायत समरडीहा, विकास पासवान पंचायत कल्याणपुर सहित सभी सुपरवाइजर प्रखंड सभागार में मौजूद रहे।

दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने के टक्कर में बकरी की मौत, दो घायल

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव के बधार के समीप शुक्रवार को तीखा मोड़ पर दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में एक बकरी व दो बाइक सवार जख्मी हो गए। जिन्हे ग्रामीण के सहयोग से निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उचित उपचार के बाद मुक्त कर दिया। बताया जाता है कि कैमूर जिला के कुदरा निवासी राहुल कुमार नोखा से कुदरा जा रहे थे। इस बीच विपरीत दिशा से आ रहे नोखा निवासी मुतुर्जा आलम ने अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर दूर जा गिरे। इस घटना में उन्हें गंभीर चोटें आई। टक्कर में मुतुर्जा आलम की बाइक के झोले में रखे एक बकरी की मौत हो गई। इस घटना के बाद बकरी का पैसा देने को लेकर दोनों मोटरसाइकिल सवारों में जमकर मारपीट हुई।

दलित बस्तियों में आयुष्मान भारत योजना के बारे में दी गई जानकारी

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे देश व्यापी "सेवा पखवाड़ा" कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सासाराम लोकसभा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बंशीधर के नेतृत्व में मेदनीपुर गांव के दलित बस्तीयों में संपर्क अभियान चलाकर आम लोगो को विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना "आयुष्मान भारत योजना " के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सत्यनारायण पासवान ने सभी ग्रामीणों को नरेंद्र

मोदी के स्वास्थ्य योजना के लाभ को बताया तथा मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने सभी महिलाओं को जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाने को आग्रह किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने भाजपा द्वारा किए सभी जनकल्याणी कार्यों का ब्योरा दिया तथा उपस्थित लोगों से सभी योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। पूर्व जिला महामंत्री सरतचंद संतोष ने बताया कि पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य खर्च नरेंद्र मोदी की सरकार कर रही है ताकि कोई गरीब व्यक्ति इलाज के बिना न रहे। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष परमेश्वर सिंह ने भी सभी ग्रामीणों को कैंप में जाकर जल्द से जल्द कार्ड बनवाने का आह्वान किया। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण जनता ने इस संपर्क अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री शकील अहमद ने भाजपा को बताया महंगाई वाली सरकार

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम

पूर्व केंद्रीय मंत्री शकील अहमद के जिला मुख्यालय सासाराम में पहुंचने पर शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकताओं ने पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है। इस दौरान सासाराम के परिसदन भवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री शकील अहमद ने केंद्र सरकार पर हमला बोला तथा भाजपा सरकार को मंहगाई वाली सरकार बताया। उन्होंने कहा कि देश की जनता पीएम मोदी के महंगाई वाली सरकार से उब चुकी है। मंहगाई से गरीब व मध्यम वर्गीय जनता काफी परेशान है। इसलिए देश कि

जनता इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की मूड में है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह से मजबूत है और एकजुट होकर आगामी चुनाव में साथ लड़ेगी। इसके साथ हीं इंडिया गठबंधन का एक ही उद्देश्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगामी चुनाव में हराना और इसको लेकर इंडिया गठबंधन पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कई दलों को मिलाकर बनाया गया है। इसलिए समय आने पर देश का नेता मिलजुल कर तय किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान बिहार सरकार के मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह, करगहर विधायक संतोष मिश्रा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नोखा में केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर बनेगा पंडाल

दैनिक समाज जागरण नसीम शाह नोखा रोहतास

रोहतास जिले के नोखा में पश्चिम पट्टी स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दुर्गा मंदिर पूजा कमेटी द्वारा नवरात्रि को लेकर पूजा पंडाल का निर्माण कार्य जोर सोर से चल रही है। पूजा कमेटी द्वारा केदारनाथ धाम मंदिर का निर्माण कर श्रद्धालुओं के सामने रखा जाएगा तथा इस पंडाल में मां दुर्गा की करीब 15 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। पूजा कमेटी के उपाध्यक्ष अनुराग सिंह के द्वारा बताया गया की यहां पर नोखा प्रखंड के सोतवा गांव के कारीगर श्री बजरंगी कुमार प्रतिमा का निर्माण कार्य मे लगे है। पंडाल का निर्माण बंगाल से आए कारीगर अब्बास जी के टीम द्वारा किया जा रहा है। दुर्गा

मंदिर पूजा कमेटी पश्चिम पट्टी सन् 1963 से दुर्गा पुजा की अर्चना करते आ रही है। वही दुर्गा मंदिर का निर्माण दुर्गा मंदिर कमेटी सदस्यों तथा नोखा नगर की जनता के सहयोग से सितम्बर 2013 में किया गया था। केदारनाथ मंदिर पंडाल का निर्माण व दुर्गा मंदिर पूजा अर्चना लाइट डेकोरेशन प्रसाद वितरण करने में तीन से चार लाख रुपए का खर्चा आएगा, जिसे सदस्यों का सहयोग तथा नोखा के दुकानदार भाईयों के सहयोग से सफलतापूर्वक करते हैं। दुर्गा मंदिर के प्रांगण में 2013 से ही पंडाल का निर्माण लगातार किया जा रहा है। इस पंडाल को बनाने में कमेटी के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसमें अध्यक्ष हरख नारायण सिंह कोषाध्यक्ष, रघुनाथ सिंह सचिव देवेंद्र पाण्डेय,संजय चौधरी, कृष्ण मुरारी जी, अशोक कुमार सिंह, प्रदीपकुमार, लखन जी, विकास सिंह, रितेश चन्द्र द्विवेदी, करण कुमार,राकेश,रजनीश सर, परशुराम सर,मुन्ना सर, धन्नजय जी,सुनीलसर,मिथलेश, सोनू बैठा,संजय कुमार,राजू, मनीष व धर्मेन्द्र आदि शामिल है।

भाजपा के कार्यकताओं ने राम-रथ का किया जोरदार स्वागत

बड़ी संख्या में पुलिस बल रहे तैनात

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर में शुक्रवार को बजरंग दल के द्वारा राम-रथ करगहर पहुंचा। जहां भारतीय जनता पार्टी मंडल करगहर के कार्यकताओं के द्वारा राम रथ पर फूल वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। राम रथ कार्यक्रम का नेतृत्व उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रोहतास संतोष पटेल के द्वारा किया गया। वही राम रथ का नेतृत्व कर रहे संतोष पटेल ने कहा कि यह राम रथ सर्व धर्म सम्भाव के तहत आपसी भाईचारा तथा धर्म के प्रति लोगों में आस्था बनी रहे। इसलिए यह राम रथ का भ्रमण किया जा रहा है। वही राम रथ का स्वागत करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के करगहर के युवा प्रखंड अध्यक्ष अनूप पाठक, महामंत्री भाजपा उमेश गुप्ता, प्रदीप पाठक ढुनमुन ,महेंद्र शर्मा ,अरुण दुबे, जयप्रकाश गुप्ता, मंगल साह प्रदीप कुमार,नीतीश गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ज्वेलरी दुकानदार से चांदी लूट कर भागे तीन अपराधियों को पुलिस ने दबोचा,

हथियार के बल पर दिया था घटना को अंजाम

दैनिक समाज जागरण विकास कुमार आरा

भोजपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले अशोक सोनी से लुटेरों ने 15 सितंबर को करीब शाम में साढ़े पांच बजे के करीब बाइक सवार तीन अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर चांदी के गहने, 15 हजार रुपए और मोबाइल छीन ली गई थी। जिसके बाद अशोक सोनी ने इसकी सूचना थाना को दिया था। जिसके बाद पुलिस कार्रवाई में तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस–ाकी जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में दी है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि धनगाई थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव चौक के पास एक पुल है। जो एरिया ज्यादातर सुनसान होता है। जहां 15 सितंबर को शाम में करीब साढ़े 5 बजे के आस पास एक जगदीशपुर एरिया के रहने वाले अशोक सोनी की ज्वेलरी की दुकान तीयर थाना क्षेत्र में है। 15 सितंबर की शाम को दुकान बंद कर-के लौट रहे थे। घर लौटने के दौरान अशोक सोनी के पास सभी ज्वेलरी चांदी की थी। तभी तीन लड़के बाइक से आते है। उसके बाद हथियार दिखाकर अशोक सोनी से उनका झोला(बैग) छीन लेते है। इस घटना के बाद अशोक सोनी ने पुलिस के पास प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें चार से पांच किलो चांदी की बात बताई गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्रवाई में जब हमलोगों ने डाटा लिया तो सबसे पहले

अपराधी की गिरफ्तारी छोटी यादव की होती है। इसकी गिरफ्तारी के बाद इस मामले में उद्भेदन होता है। किस प्रकार से इस कांड में साजिश की गई और किस प्रकार से घटना को अंजाम दिया गया था। उसके बाद एक अमित नाम का ज्वेलर था जो नारायणपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसी से ये सभी गहने बेचा करते थे। उसके बाद अमित किसी और ज्वेलर को सामान बेच दिया करता था। वहीं इस मामले में सभी लोगों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली गई है। जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। हालांकि इस मामले में दो और नाम सामने आए है। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कार्रवाई कर रही है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में मुख्य आरोपी जगदीशपुर थाना क्षेत्र निवासी धनजी यादव का बेटा छोटू यादव है। उसके बाद नारायणपुर के निवासी अनिल सोनार का पुत्र अमित सोनार और तीसरा आरोपी आएर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर गांव का निवासी दामोदर सिंह का पुत्र गोपाला सिंह है। इस मामले में तीन किलो चांदी बरामद हुआ है। जब अशोक सोनी से कागज मांगा गया तो उन्होंने बताया कि नहीं इतनी ही चांदी थी। इसके साथ ही 15 हजार रुपए छीने गए थे वो भी बरामद किया गया है और तीन मोबाइल बरामद किया गया है।

युवा जदयू के प्रदेश महासचिव बने शुभम पटेल

दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी

तरारी। भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड के जदयू के तेज तर्रार युवा नेता सह समाजसेवी शुभम पटेल को युवा जदयू का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। भोजपुर जिले के तरारी प्र-खंड के बसौरी गांव निवासी शुभम पटेल पिछले कई वर्षों से संगठन के विभन्न पदों पर रहते हुए संगठन की मजबूती और विस्तार में अपना सक्रिय योगदान देते आ रहे हैं। शुभम पटेल का संगठन में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने शुभम पटेल को प्रदेश महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी है। इसके पूर्व तरारी प्रखंड युवा जदयू शुभम पटेल के मीडिया सेल प्रभारी, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष और तरारी प्रखंड जदयू के प्रखंड अध्यक्ष के पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाया है। युवा जदयू के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर शुभम पटेल ने मुख्यमंत्री नीतीश

कुमार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मनीष कुमार और युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उनके प्रति जो विश्वास दिखाया है उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इधर शुभम पटेल को युवा जदयू के प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर जदयू के राज्य परिषद सदस्य अरुण प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव प्रिंस सिंह बजरंगी, सुशील उपाध्याय, अंजनी कुमार सिंह, अशोक कुशवाहा, सुमेर कुश-ावाहा,गोलू यादव,गोपाल पांडेय, जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, श्रीनिवास सिंह, बबन कुशवाहा, अभिषेक मेहता, बिट्टू पटेल समेत दर्जनों नेताओं व कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि शुभम पटेल के नेतृत्व में सूबे के युवा पार्टी की विचारधारा से जुड़ेंगे और संगठन गांव स्तर पर मजबूत होगी।

भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद यादव के अध्यक्षता में बैठक किया

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव

आरा : भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के खलिसा में अखील भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद यादव के अध्यक्षता में बैठक हुआ जिसका संचालन चन्दन पासवान ने किया। बैठक में दिनांक 30 सितम्बर 2023 को मौजूदा महिला आरक्षण विधेयक के विरोध श्री कृष्ण चेतना समिति सभागार में आयोजित बैठक में शामिल होने के निर्णय लिया गया।

बैठक में नरेंद्र मोदी पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति के लोगो को हक मारी कर रहे हैं।नरेंद मोदी ने जो विगत दिनों 33 प्रतिशत आ-रक्षण महिलाओं को दिया है उसमें पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के महिलाओं को आरक्षण नही दिए है। बैठक के अंत में हरित क्रांति के जनक प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक ए एम एस स्वामीनाथन के मृत्यु पर उनकी आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में उपस्थित लोगों में अवधेश यादव जितेंद राम रंजन यादव सुनील यादव पप्पू पंडित चचैन कुमार राम राजू यादव सुरेन्द्र राम, परमा नन्द राम, हरेराम पंडित, अवधेश यादव,झलक यादव,अजय राम, सुदर्शन यादव, सतेंद्र यादव, ननक मुसहर, रबिन्द्र रजक,मोहन सिंह, रामेश्वर यादव, संतोष पाल, राघवेंद्र यादव सुमेश्वर बैठा, सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक का बहिष्कार कर मुखिया संघ ने बिना कोरम बैठक कराने का लगाया आरोप।

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो वेद प्रकाश यादव

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायती राज भवन में पंचायत समिति की समान्य बैठक आयोजित की गई थी। बैठक का मुखिया संघ के द्वारा बहिष्कार कर सदन से वॉक आउट कर गए। मुखिया संघ का कहना है कि राज्य एवं केंद्र सरकार के द्वारा 19 सूत्री मांगों को नहीं मानने पर चरपोखरी मुखिया संघ बैठक में भाग नहीं लेने का निर्णय प्रदेश मुखिया संघ बिहार के द्वारा किया गया है।मुखिया संघ द्वारा बैठक का कोरम पूरा नही होने के बावजूद प्रखंड प्रमुख और पंचायत के मुखिया लालमुक्ति पास-ावान,मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया

पंचायती राज पदाधिकारी चरपोखरी पर बैठक कराने का आरोप लगाया है। बहिष्कार करने वालों में सियाडीह प्रवीण कुमार उर्फ राजू,कोयल पंचायत मुखिया पूजा देवी सहित अन्य मुखिया शामिल हैं।

मांगों के समर्थन में आंगनबाडी सेविका व सहायिका का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष 20 सूत्री मांगों के समर्थन में आंगनबाडी सेविका व सहायिका द्वारा रोषपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया।मांगों को लेकर आंगनबाडी सेविका संघ

के प्रखंड अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मागे पुरा नहीं करती है। तबतक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। प्रखंड से लेकर प्रदेश व केन्द्र तक राज्य कर्मियों के दर्जा दिलाने के लिए अवाज उठाई जाएगी।धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में संघ के जिला अध्यक्ष कमल कांति देवी,प्रखंड अध्यक्ष सुमित्रा कुमारी कोषाध्यक्ष चिंता कुमारी, मनी कुमारी चंद्रावती देवी रितु कुमारी, सोनी कुमारी, मनी कुमारी सहित कई सेविका व सहायिका मौजूद थी।

शिविर आयोजित कर दिया गया कृषि हेतु विद्युत कनेक्शन

दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर

भोजपुर जिले के पीरो में विद्युत विभाग द्वारा आयोजित शिविर में किसानों को कृषि कार्य के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया। शुक्रवार को पीरो प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद भवन आयोजित में शिविर में पीरो प्रशाखा में 5 तथा हसनबाजार में 4 किसानों को विद्युत कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई। इस दौरान शिविर में मौजूद कनीय विद्युत अभियंता संकेत कुमार ने बताया कि विद्युत संचालित पंप सेट से सिंचाई करने पर औसत खर्च डीजल संचालित पंप सेट की तुलना में दस प्रतिशत कम आता है। कृषि कार्य हेतु नया विद्युत संबंध लेने हेतु आवेदक को अपना व्यक्तिगत पहचान पत्र, आवासीय पहचान पत्र व जमीन का

कागजात की छाया प्रति जमा करनी होती है। इसके लिए समय समय पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावे आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यहां आयोजित शिविर में कनीय अभियंता पीरो संकेत कुमार, कनीय अभियंता हसनबाजार कुमार गौरव, मानव बल राजेश कुमार, जावेद अखतर, सत्येन्द्र कुमार, मुस्ताक आलम, संतोष कुमार, पर्यवेक्षक सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

निशुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी

सहार : भोजपुर जिला के सहार प्रखंड अंतर्गत खड़ाव चतुर्भुज पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र पर स्थानीय मुखिया समरेश सिंह के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे खड़ावचतुर्भुज उपकेंद्र के चिकित्सा उत्पल कांत के अलावा जीएनएम एवं एएनएम की टीम ने लगभग 40 लोगों को शुगर बीपी सहित अन्य रोगों की जांच की गई एवं मुफ्त में आवश्यकता अनुसार दवा भी दिया गया। खडाव चतुर्भुज पंचायत के मुखिया समरेश सिंह ने बताया कि सफाई कर्मी को भी मुक्ति इलाज किया गया साथ ही साथ स्थानीय स्वास्थ्य उपकेंद्र को भी सफाई कर्मियों ने स्वच्छता अभियान के तहत सफाई किया गया है। मौके पर स्थानीय मुखिया सहित स्वास्थ कर्मी तथा ग्रामीण उपस्थित रहें।

पूर्णियां:पुलिस की बड़ी कामयाबी, जिले में लूटपाट करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 14 अपराधी गिरफ्तार

गिरफ्तार 11अपराधी उड़ीसा के जबकि,एक कटिहार और दो पूर्णियां के निवासी

दो देसी कट्टा,चार गोली,पांच मोटरसाइकिल के साथ ही ढाई किलो चांदी के जेवर,2लाख 4300रू बरामद

पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल

बीते कई महीनो से पूर्णिया की धरती पर हो रहे चेन स्नेचिंग,डिक्की तोड़कर रुपए गायब करने,मोबाइल छिनतई करने एवं चोरी करने की घटनाओं ने आम अवाम के साथ ही जिला पुलिस प्रशासन को झकझोर कर रख दिया था।लगातार बढ़ती इन घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक,पूर्णियां आमिर जावेद ने इसके रोकथाम एवं इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सदर पुष्कर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया, जिसमें परि पुलिस उपाधीक्षक चंद्र भूषण,केहाट थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह,तकनीकी शाखा प्रभारी पंकज आनंद,मरंगा थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार,मधुबनी टीओपी थानाध्यक्ष मनीष चंद्र यादव,अपर थानाध्यक्ष मरंगा जितेंद्र राणा,कुंदन कुमार,सुभाष मंडल,सहायक खजांची थानाध्यक्ष शशि कुमार भगत,परीक्ष्यमाण पुलिस अवर निर-ीक्षक अभय रंजन,विनय कुमार, नीरज कुमार,सरिता कुमारी,पंकज कुमार,सौरभ कुमार,कुमार पंकज के साथ ही सिपाही इंद्रजीत कुमार, सुनील कुमार,रघुवंश कुमार,अंशु कुमार,मुकेश कुमार,भवेश कुमार, श्रवण कुमार सिंह,निर्भय नारायण झा एवं अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया।पुलिस अधीक्षक से प्राप्त दिशानिर्देश का अनुपालन करते हुए गठित टीम द्वारा लगातार मानवीय साक्ष्य संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए गुरुवार को मधुबनी टीओपी अंतर्गत आरकेके कॉलेज के पीछे कुछ दूरी पर मोरिया वार्ड नंबर 1अवस्थित करण सिंहा के मुर्गी फार्म पर छापामारी की गई।छापेमारी के क्रम में उक्त स्थान से 14 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया।तलाशी के क्रम में उनके पास से दो देसी कट्टा, चार गोली,11 मोबाइल,ढाई किलोग्राम लूटे गए चांदी के जेवरात, 204300रू के साथ ही पांच मोटरसाइकिल बरामद किया गया। गुरुवार को मामले की बाबत आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान

पुलिस अधीक्षक,पूर्णियां आमिर जावेद ने बताया कि,गिरफ्तार शातिर अपराधकर्मीगण अंतर्राज्यीय अपराधी गिरोह के सदस्य हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह लोग उ-ड़ीसा के गंजाम और जाजपुर जिले के रहने वाले हैं।बीते जनवरी माह से यह लोग स्थानीय अपराधियों की मदद से जिले के अलग-अलग जगह पर रहकर एक सुदृढ़ गिरोह बनाकर विभिन्न थाना क्षेत्र में लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहे थे।ना सिर्फ पूर्णिया बल्कि, कटिहार,दरभंगा आदि जगहों पर भी यह लोग छिनतई व चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे।बरामद ढाई किलो चांदी के जेवरात दरभंगा से लूट कर लाने की बात सामने आई है।यह लोग कटिहार जिले के कोढ़ा गैंग के स्टाइल में घटनाओं को अंजाम दे रहे थे लेकिन, अनुसंधानकताओं ने इससे अभिज्ञता जताई।तब दूसरे तरीके से मामले की जांच शुरू की गई और अंततः पूर्णिया पुलिस को एक बड़ी कामयाबी प्राप्त हुई।गिरोह के एक सदस्य को पटना से गिरफ्तार किया गया है,जिसे पूर्णिया लाया जा रहा है।इनके अत्यंत शातिर होने का एक उदाहरण यह भी है कि यह लोग लूटपाट से अर्जित रूपयों को स्थानीय सीएसपी से समय-समय पर उड़ीसा भेजते रहते थे।मामले में अग्रतर अनुसंधान जारी है ताकि, विस्तृत जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई की जा सके।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गिरोह का मास्टरमाइंड सुरेश कुमार दास के होने की संभावना है। गिरफ्तार सभी अपराधकर्मियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर लटके ताले हडताल पर गई सेविका सहायिका

दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर

भोजपुर जिले के पिरो प्रखंड में अपनी विभन्न मांगों को ले बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन(एटक से सम्बद्ध) के आह्वान पर शुक्रवार से आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई । आंगनबाड़ी सेविका-सहायिक-ाओं के हड़ताल पर जाने से अधिसंख्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लटक गए हैं। यूनियन की पीरो प्रखंड इकाई की अध्यक्ष कौशर बानो, सचिव पुष्पा देवी, पिंकी गुप्ता, जनक नंदिनी, शम्मा परवीन, नीलम देवी, इंदु देवी, उर्मिला देवी समेत कई अन्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने राज्य सरकार पर वादा खिलाफी करने और सेविका-सहायिकाओं की उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने हक और अधिकार के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। सेविका-सहायिकाओं ने सरकार और विभाग के रवैये पर आक्रोश जताते हुए कहा जाता है। सरकार के इस रवैये के खिलाफ सेविका-सहायिकाओं को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होना पड़ा है। अगर

कि सरकार और विभाग उनसे आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कराने साथ साथ सरकार की दर्जनों योजनाओं को मूर्त रूप देने में उनका योगदान तो लेते हैं। लेकिन जब से-विका-सहायिकाओं के हक और अधिकार की बात आती है उनके साथ उपेक्षात्मक रवैया अपनाया सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नही लेती तो वे लोग सड़क पर उतरने के लिए बाध्य हो जाएंगी। इधर सेविका-सहायिकाओं के हड़ताल पर जाने के कारण शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की पढ़ाई नही हुई और इससे जुड़े अन्य कार्य भी प्रभावित हुए।

भाजपा द्वारा दलित टोली में पाठ्य सामग्री का वितरण

तरारी । भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड क्षेत्र में भाजपा द्वारा सेवा पखवारा कार्यक्रम के तहत तरारी मंडल के अमरूआ व जेठवार गांव के दलित बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान चला केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान तरारी विधानसभा के भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गा राज और जिला परिषद सदस्य सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंदना राजवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार दलितों के उत्थान के लिए करीब दो दर्जन योजनाओं को चला रही है , लेकिन राज्य सरकार कि इसमें दिलचस्पी नहीं है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह, आई टी सेल कुमार गौतम,

मंडल अध्यक्ष बृज बिहारी पांडेय , अरविंद सिंह, मिकु सिंह, रितेश सिंह , हरेंद्र पांडेय, आदित्य मुन्नी, चन्द्रमा सिंह, जयप्रकाश पांडेय और प्रवीन मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

बरांव पंचायत में आवास योजना की बिडिओ ने किया जांच

राशि लेकर मकान निर्माण नही कराने वालों पर होगी करवाई

दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर

भोजपुर जिले के पिरो प्रखंड के बीडीओ सुनील कुमार गौतम ने श-ुक्रवार को प्रखंड के चतुर्भुजी बरांव पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन की जांच की। जांच के क्रम में यह पाया गया कि पंचायत के 18 लाभुक ऐसे हैं जिन्होंने योजना के तहत राशि प्राप्त करने के बावजूद अपने मकान का निर्माण नही कराया है। बीडीओ सुनील कुमार गौतम के अनुसार चतुर्भुजी

बरांव पंचायत में वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2019-20 में आवास योजना के तहत राशि प्राप्त करने वाले 13 और वित्तीय वर्ष 2021-22 में योजना की राशि प्राप्त करने वाले पांच लाभुकों ने राशि लेने के बाद भी अपने मकान का निर्माण नही कराया है। निरीक्षण के दौरान सभी लाभुकों को चेतावनी दी गई है और उनसे राशि की वसूली के लिए आवश्यक करवाई शुरू की जा रही है।

चोरी के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण पिरो सतीश कुमार

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी अनिल चौधरी और चंदन चौधरी को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से कथित चोरी के दो मोबाइल सेट बरामद हुए हैं। अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष के अनुसार मोबाइल ट्रेकिंग के आधार पर मिली सूचना के बाद पुलिस टीम ने धनपुरा गांव से अनिल चौधरी और चंदन चौधरी को चोरी के दो मोबाइल सेट के साथ गिरफ्तार किया। दोनो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया

अवैध बालू लदा 12 ट्रक जब्त चालक फरार

दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इमादपुर थाना पुलिस और खनन विभाग के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 12 अवैध बालू लदा ट्रक जब्त किया गया। इमादपुर थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया की खनन विभाग के इस्पेक्ट चंदन कुमार के द्वारा बिहटा और सहीयारा गांव के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 12 अवैध बालू लदा ट्रक जब्त किया गया। जबकि चालक फरार हो गया। जब्त वाहन को थाना लाया गया।

मजाक-मजाक में लड़के की मौत हो गयी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

पूर्णियाँ:अमौर प्रखंड के डौहुआबाड़ी पंचायत से सउदी अरब कमाने गये एक 23 वर्षीय युवक की दुर्घटना में मौत हो गई है। घटना की सूचना परिजनों को मिली तो पूरे परिवार व गांव में मातम छा गया। जानकारी देते हुए मृतक युवक के भाई जशिम अख्तर ने बताया कि डहुआबाड़ी गांव के चौनटोला निवासी मरहूम इश्हाक के सबसे छोटे 23 वर्षीय पुत्र मो तंजीम सात माह पूर्व घर की माली हालत सुधारने के लिए सऊदी अरब के दमाम शहर गया। और अल इदरीश कंपनी में वाहनों का धुलाई का काम करने लगा। परिजनों के अनुसार वह गुरुवार को धुलाई कर रहा था। इसी क्रम में उनके काम कर रहे गांव के युवक ने मजाक-मजाक में मलद्वार में टायरों में हवा भरने वाले पाइप से हवा भर दिया। जिससे वह अचेत होकर गिर गया। दो दिनों तक ऐसे ही रूम में रखा गया। पर जब स्थिति बिगड़ने लगी तो आनन फानन में शनिवार को सऊदी दमाम शहर स्थित मुसवत हॉस्पिटल में एडमिड कराया गया। जहाँ ईलाज के दौरान रविवार रात 10 बजे निधन हो गया । मृतक के भाई जशिम अख्तर ने बताया कि तंजीम 6 भाई 3 बहन में

सबसे छोटा था और काफी मेहनती था। परिवार को लेकर हमेशा चिंतित रहता था।घटना की सूचना मिलते ही वहां मौजूद परिचित व रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना सुबह फोन से परिजनों को मिली तो घर में मातम छा गया। परिजनों की रोने की चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक लड़का मिलनसार मेहनती और गांव में सभी का चहेता था। परिजन शव मंगाने के लिए जन प्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं।

41वीं वाहिनी रानीडंगा द्वारा 30 दिवसीय बिजली सुधारण एवं घरेलू बिजली फिटिंग प्रशिक्षण का समापन ।

रंजीत कुमार पोद्दार : दैनिक समाज जागरण : संवाददाता

खोरीबाड़ी : 41वीं वाहिनी रानीडंगा द्वारा मानव संसाधन विकास / नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 दिवसीय बिजली सुधारण एवं घरेलू बिजली फिटिंग प्रशिक्षण का समापन त्रिभुवन प्रसाद, उप कमांडेंट 41 वीं वाहिनी, एसएसबी रानीडंगा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीमा चौकी बक्सरवीटा में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप कमांडेंट, 41 वीं वाहिनी, एसएसबी रानीडंगा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का उत्थान करना एवं सीमावर्ती बेरोजगार युवक/युवतियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देना ताकि वे इस प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य में अपना स्वरोजगार विकसित कर अपना तथा अपने गाँव की आर्थिक स्थिति को सुधार सके. महोदय ने बताया की उक्त प्रशिक्षण से एक सुदृढ़ व स्वच्छ समाज का निर्माण तो होगा ही साथ में उधमशीलता का विकास व आर्थिक तथा सामाजिक तरक्की का मार्ग भी प्रशस्त होगा और भारत सरकार का यह कदम निश्चित ही उपयोगी साबित होगा । साथ ही महोदय ने कहा कि स्थानीय जनता के सहयोग के बिना कोई भी संस्था अपने दायित्वों का पूर्णरूपेण निर्वहन नही कर सकती, अतएव देश की सीमा की रक्षा में आप लोगों का सहयोग आपेक्षित है। प्रशिक्षण कराने वाली संस्था देशबंधु भोकेसनल इंस्टीट्यूट सिलीगुड़ी के सचिव श्रीमती अर्पिता बरुआ ने अपने सम्बोधन मे प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को इस ट्रैनिंग के फायदे एवं स्वरोजगार सृजित करने के पहलुओं को बताया गया । सचिव ने बताया कि एसएसबी के द्वारा देश की सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के रोजगार एवं उज्जवल भविष्य को निखारने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जो कि देश के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम होगा । उप कमांडेंट महोदय ने उपस्थित जन समूह से नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम समापन के बाद मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आस पास के गाँव में अमृत कलश यात्रा निकाली गयी और प्रत्येक घर से मिटटी एकत्रित की गयी। इस कार्यक्रम में त्रिभुवन प्रसाद, उप कमांडेंट, सोनम वान्गियाल सहायक कमांडेंट, 41 वीं वाहिनी, एसएसबी रानीडंगा, एवं एसएसबी के अन्य बलकर्मी, देशबंधु इंस्टिट्यूट व व्यावसायिक प्र-शिक्षण सिलीगुड़ी के सचिव श्रीमती अर्पिता बरुआ, प्र-शिक्षनार्थी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें ।

अलग-अलग मामले में पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण: विकास कुमार चरपोखरी

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना की पुलिस ने अलग-अलग मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है चरपोखरी थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा से मिली जानकारी के अनुसार मोटर चोरी के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें पुतुल कुमार एवं महेश यादव दोनों भोजपुर जिले के

पावना थाना क्षेत्र के भगवानपुर के रहने वाले हैं। राम लायक ठाकुर नौबतपुर थाना एवं आकाश कुमार चरपोखरी के रहने वाला है वहीं दूसरी ओर 307 मामले का अभियुक्त हरिद्वार राय को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

गोपालगंज-बिहार- नवोदय विद्यालय में कक्षा नवम व एकादश में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू

समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ शैलेंद्र कुमार तिवारी

गोपालगंज (बिहार) जिले के उचकागॉव प्रखंड के बलेसरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के सत्र 2024-25 में कक्षा नवम व एकादश में नामांकन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 तक है। ऐसे छात्र जो गोपालगंज जिले के निवासी है और गोपालगंज जिले के किसी भी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2023-24 में कक्षा आठवीं अथवा कक्षा दशवीं में अध्ययन कर रहे हों। कक्षा नवम के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र जिनकी जन्मतिथि एक मई 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच और कक्षा एकादश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दसवीं में अध्ययनरत छात्र जिनकी जन्मतिथि एक जून 2007 से जुलाई 2009 के बीच हो
ऐसे सभी पात्र छात्र विद्यालय की वेबसाईट www.navodaya.gov.in पर जाकर संबंधित कक्षा के प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 31 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

बांका थाना के 3 एएस आई बने एस आई, थाना अध्यक्ष ने अपने कार्यालय में तीन एस आई को लगाया स्टार

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका (बिहार) बांका थाना के तीन एएस आई बने एस आई थाना अध्यक्ष ने अपने कार्यालय में

तीनों एस आई को लगाया स्टार बांका थाना में तैनात एएस आई, दीप नारायण यादव, जमशेद खान, व विजय कुमार सिंह को सब इंस्पेक्टर की पदोन्नति मिलने पर, थाना अध्यक्ष शंभू यादव ने तीनों को स्टार लगाया, थाना अध्यक्ष ने कहा की तीनों एएस आई ईमानदारी पूर्वक एवं लगन के साथ काम करते, एएस आई से अब एस आई कि पद पर पदोन्नति प्राप्त की है, उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तीनों ईमानदारी से सेवा दे रहे हैं, उसी प्रकार आगे भी काम करते रहेंगे, इस अवसर पर थाना के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे!

भारत स्काउट गाइड का दीक्षांत सह समापन समारोह का हुआ आयोजन

समाज जागरण

भागलपुर /पीरपैंती (बिहार) उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सिमानपुर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापक मनीष कुमार, शिक्षिका बबीता सिंह ,अनीता सिंह, काजल कुमारी ,परमिंदर सिंह, रमेश कुमार, शंभू रामा, विनोद कुमार ,मोहम्मद मेराज आलम और स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया।

78 स्काउट गाइड के बच्चों को स्कार्फ बैज, वागल और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित। प्रशिक्षक ने नीले झंडे तले समाज सेवा देश ,सेवा और दूसरों की सहायता के लिए प्रतिज्ञा दिलाई। शांम्भवी, प्रदीप कुमार ,अंजू कुमारी ,अनिता ,खुशी ,खुशबू ,सोनू कुमारी ,शिवराज ,अंकित, विक्की कुमारी, रानी कुमारी ,ज्योति कुमारी को मेडल और पेन देकर किया गया सम्मानित। स्वागत गीत की प्रस्तुति भारती अंजली रश्मि अंजू सलोनी खुशी रानी अनीशा रुचि और सन्नो कुमारी ने किया। प्रधानाध्यापक मनीष कुमार ने कहा कि आज के समय में स्काउट गाइड प्रत्येक विद्यालय में होना जरूरी है जिससे विद्यार्थी के जीवन में शारीरिक मानसिक और नैतिक विकास होता है। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक मुकेश आजाद को प्राचार्य मनीष कुमार ने डायरी ,पेन , देकर सम्मानित किया गया।

अमरपुर प्रखंड बीआरसी में हुआ प्रधानाध्यापकों का गुरु गोष्ठी का आयोजन , प्रधानाध्यापकों को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने दिए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश !

समाज जागरण जिला संवाददाता लक्ष्मण पासवान

बांका /अमरपुर(बिहार) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड बीआरसी अमरपुर में शुक्रवार को पूर्व सूचना के आधार पर सभी प्रधानाध्यापकों का एवम संकुल समन्वयकों का अमरपुर के प्रखंड बीआरसी के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी महोदय शिवनंदन ठाकुर ने प्रत्येक माह की भांति गुरु गोष्ठी का आयोजन कर सभी विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय संचालन में कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए ! अमरपुर बीआरसी के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने गुरु गोष्ठी में सभी प्रधानाध्यापकों को विभागीय निदेश के आलोक में सभी कार्यों का निष्पादन ससमय करने का निर्देश दिया !
छात्र-छात्राओं के अर्धवार्षिक मूल्यांकन के साथ मासिक मूल्यांकन करने , विद्यालय नहीं आने वाले छात्र-छात्राओं का नामांकन रद्द करने , इंस्पायर अवार्ड में छात्र-छात्राओं को शामिल कर इसके मानकों पर खरा उतारने हेतु छात्र-छात्राओं के साथ उचित मार्गदर्शन करने , वीर गाथा से संबंधित आवश्यक कार्य करने , ई शिक्षा कोष अंतर्गत शिक्षक प्रोफाइल स्कूल प्रोफाइल छात्र प्रोफाइल अपडेट करने , सभी कमरों में बिजली पहुंचाने विद्यालय में पड़े कबाड़ से संबंधित सामग्री का बिक्री

कर
विभाग को उचित माध्यम से राशि जमा देने , आजादी के अमृत महोत्सव मेरा माटी मेरा देश ,
विभागीय निदेश के आलोक में मांगे जाने वाला प्रत्येक रिपोर्ट
ससमय उपलब्ध कराने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश देते गए ! प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिवनंदन ठाकुर के द्वारा सभी विद्यालय प्रधानाध्यापकों को विद्यालयों के साफ सफाई के साथ मिड डे मील बनने वाले कमरों की साफ सफाई के साथ मिड डे मिल खाना खिलाने ,चहक कार्यक्रम अंतर्गत गति विधि आधारित पठन-पाठनकरने , छात्र-छात्राओं की उपस्थिति विद्यालय में शत प्रतिशत करने स्वच्छता पखवाड़ा मनाने , विद्यालय के साथ शौचायलयों की साफ सफाई
आदि कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत रूप से बैठक में विभागीय निर्देश के बारे में सभी प्रधानाध्यापकों को बताया गया ! प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिवनंदन ठाकुर ने
बताया कि सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय समय से खोलने एवं समय से बंद करने के साथ-साथ विद्यालय के सभी कार्यकलापों का संपादन 100 समय 100 समय करने को कहा गया है विभागीय निवेश के आलोक में
कार्य नहीं करने वाले प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध विभागीय विधि सम्मत कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा ! आपको बता दूं कि शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में इन दोनों प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी महोदय शिवनंदन ठाकुर के द्वारा एवं प्रखंड बीआरपी के द्वारा नियमित रूप से सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है !
प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिवनंदन ठाकुर के साथ प्रखंड बीआरपी भी निरीक्षण करते हैं. और प्रधानाध्यापक को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हैं आज के गुरु गोष्ठी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी महोदय शिवनंदन ठाकुर के साथ प्रखंड नव चयनित बीआरपी संजय झा , बीआरसी के अकाउंटेंट सागर कुमार , विक्रम कुमार , अमरपुर प्रखंड के मध्यान भोजन योजना के आरपी सुभाष पंडित , बीआरसी के पूर्व बीआरपी सह एमडीएन मध्य विद्यालय डुमरामा (बालक) के प्रधानाध्यापक सदानंद शर्मा , प्रधानाध्यापक मुकेश शर्मा, सीताराम सिंह , तारडीह के प्रधानाध्यापक अजय कुमार आदि के साथ प्रखंड अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ-साथ कई संकुल समन्वयक मौके पर मौजूद थे'

2024 में महागठबंधन से भागलपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में युवा नेता पप्पू यादव होते हैं तो जीत सुनिश्चित है, युवा

समाज जागरण सन्नी मंडल

भागलपुर (बिहार) राजद के कद्दावर युवा नेता ,जिले में विकास पुरुष के नाम से चर्चित नाथनगर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पप्पू यादव अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह जनता के बीच हर समय उपलब्ध तो रहते ही हैं लेकिन हर मानव कल्याण के लिए अपने दायित्व पर उतने वाले युवा प्रत्याशी पप्पू यादव है। इतना ही नहीं किसी असहाय गरीब मजदूर लाचार हर जरूरतमंद लोगों तक हर संभव सहयोग कर पुण्य कमा रहे है । ये जनता के बीच जाकर उनके सुख-दुख में भागीदारी निभाते हैं। चाहे बाढ़ का मामला हो या सुखार का, किसी गरीब की बेटी की शादी की बात हो हरेक जगह गर्म जोशी के साथ जनता के साथ खडे रहते है। ,मन, धन से ,निस्वार्थ भाव से मानव सेवा कर रहे है। मानव सेवा के लिए ये पूर्ण रूप से समर्पित हैं ! भागलपुर ही नही बल्कि पूरे बिहार में शान्ति सद्भाव का संदेश जा रहा है इनका मधुर सबंध सभी अधिकारियरी ;पदाधिकारियो के बीच है ही इसके साथ ही मजबूत पकड़ जनता के बीच देखा जा रहा है !वही इस बार खासकर सभी जाति धर्म के युवा वर्ग को 2024 के चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी भागलपुर नाथनगर के युवा व बेबाक निर्भीक होकर जनता की आवाज उठाने वाले पप्पू यादव को अगर टिकट मिलता है, तो भारी मतों से जीत सुनिश्चित करेगे। चूंकि इस बार जनता का आशीर्वाद ऐसे प्रत्याशी पर है जो उस पद पर ना रहते हुए भी हर तरह से सहयोग मदत पहूंचा रहे है । बता दे कि खासकर सभी छः विधानसभा सभा में युवा वर्ग का एक ही मांग हो रहा है, पप्पू भैया को ही हमलोग जितायेगे ।ताकि समाज शहर का विकास जमीनी स्तर पर हो सके । ऐसा ही जनप्रतिनिधि होना चाहिए । हम आपको बता दे कि आज यही वजह है, कि जनता के दिलों में पप्पू यादव बस गए हैं ! अपने जिले में कई जटिल से जटिल समस्याओं का निदान सार्वजनिक कार्य से संबंधित सफलता पूर्वक हल करने का कार्य से जनता का दिल व भरोषा जीतने का काम किये । जनता के विश्वास पर खरा उतरने से उनके बीच मधुर संबध तो हुआ ही क्षेत्र में

काफी मजबूत पकड भी हुआ !नाथनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पप्पू यादव को 2024 के चुनाव में विधायक के रूप में देखकर क्षेत्र के विकास के लिए जनता एक बार अपना आशीर्वाद दे मौका दिया जायेगा। ।जी हां नाथनगर विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ अन्य पांच विधानसभा क्षेत्रों मे सभी अवाम के युवा वर्ग खासकर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्री पप्पू यादव को महागठबंधन प्रत्याशी के रूप में अगर चुना जाता है। तो अधिक मतों से विजई होगे ।चूकि जनता की सेवा के लिए हर हमेशा तैयार रहते है ।इसीलिए इस बार जनता का आशीर्वाद मिलना तय है। पूरे जिला में सभी वर्गों के युवा का मांग है कि हमारे बीच ऐसे ही युवा नेता आये ।वही बिहार के डिप्टी सीएम श्री तेजस्वी यादव जी से मधुर संबंध और बहुत करीबी हैं । अभी से ही जनता के बीच चुनाव का घुनसुन होने लगा है ।छः विधानसभा जिसमें भागलपुर नाथनगर ,गोपालपुर ,बिहपुर कहलगांव ,पीरपैती महागठबंधन से संसद के उम्मीदवार श्री पप्पू यादव को भारी मतों से विजई बनाने का संकल्प ले लिया गया हैं। किसी भी त्योहार पर जनता के साथ तथा त्योहार पर शान्ति सद्भाव भाईचारे का संदेश पूरे बिहार ही नही बल्कि पूरा भारत मैसेज जाता है,कि भागलपुर नाथनगर का लाल जो 31वर्षो से ये पैगाम दे रहे है। सभी अवाम के जनता इनके साथ खडे है। जिस प्रकार से महामारी कोरोना काल के समय जरूरतमंद लोग के साथ साथ सभी असहाय व गरीबों तक हर संभव मदत पहुँचाने का काम किये ।महामारी के समय वो मंजर याद कर लोग सहम जाते है ।वैसे समय अपने जिले मे तमाम घर ,मुहल्ला ,गाँव अपने टीम के साथ सेनीटाइज करने का काम किये हर लोगो तक राशन पहुंचने के साथ राशी से भी सहयोग पहुंचाने का काम किये। देखा जाए तो भागलपुर का लाल हर जरूरतमंद लोगो तक मदत पहुंचाने का काम कर रहे है । मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव, प्रवीण यादव,सुबोध यादव, मुन्ना खान, अभिनंदन यादव, जितेंद्र यादव, संतोष मिश्रा, राजेंद्र लाल विक्की कुमार ,संतोष गुप्ता ,पिंकू कुमार ,रोहित यादव ,संजय कुमार, संजय पासवान ,अशोक कुमार राजेंद्र ,मालाकार शंभू कुमार, राजीव वर्मा,अनिल यादव,काशी मिश्रा,शंकर यादव,राजेश कुमार समाज सेवी नीतू देवी व अन्य।

बांका ओढ़नी डेम मोड के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की हुई मौत दो जख्मी मायागंज मे रेफर

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका (बिहार) ओढ़नी डैम के पास शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जब कि दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, दोनों जख्मी युवक का इलाज सदर अस्पताल में किया गया, और बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिया गया, मिली जानकारी के अनुसार निगाह गांव निवासी हनी सिंह का पुत्र कृष्ण कुमार महेश ठाकुर

का पुत्र श्रीकांत ठाकुर एवं विलास मंडल का पुत्र दीपक कुमार शुक्रवार की सुबह ओढ़नी डेम जा रहे थे, इसी दौरान बाइक तेज रफ्तार में रहने के कारण बाइक ओनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गई, जिसमें कृष्ण कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि श्रीकांत ठाकुर व दीपक कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया वहीं दोनों की स्थिति गंभीर देखने पर स्थानीय लोगों के द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सदर अस्पताल में डॉक्टर प्रमोद कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिया वहीं परिजनों को जानकारी मिलने के बाद कोहराम मच गया!

भाजपा जिला भागलपुर ने किया विभिन्न प्रकोष्ठ की घोषणा।

समाज जागरण कार्यालय संवाददाता दिलीप कुमार साह

भागलपुर (बिहार)भाजपा जिला मिडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने कहा कि जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के द्वारा घोषणा की है।
संगठन की रीति नीति को जनता के बीच ले जाकर पार्टी को और मजबूत करेंगे। भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठ कि घोषणा इस प्रकार है।पंचायतीराज प्रकोष्ठ ,नरेंद्र झा सहकारिता प्रकोष्ठ ,प्रदीप सिंह चुनाव आयोग सेल ,डॉ कमलेश झाबुनकर प्रकोष्ठ ,उमा भूषण तांतीविधि प्रकोष्ठ प्रकोष्ठ ,ओम प्रकाश तिवारीपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ , दिपक सिन्हा मत्स्यजीवि प्रकोष्ठ ,अजय सहनी महादलित प्रकोष्ठ ,संजय हरिबुद्धि जीवि प्रकोष्ठ ,नीरज मंडलडाटा संकलन प्रकोष्ठ सुधीर भगत,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ ,अंजली घोष

नमाज अदा कर मांगी सलामती और सेहत की दुआ

समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा

भागलपुर (बिहार) पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सह विद्वान परिषद सदस्य सैयद शाहनवाज हुसैन जी के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो० सहाबुद्दीन के नेतृत्व में घोरनपीर बाबा के मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआ मांगा।
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो० सहाबुद्दीन ने कहा की हमलोग सभी कोई मिलकर सैयद शाहनवाज हुसैन जी के लिए दुआ मांगा उन्होंने कहा की अल्लाह सैयद शाहनवाज हुसैन जी

को सेहत अता करें और लंबी उम्र अता करें सैयद शाहनवाज हुसैन जैसा व्यक्तित्व सब में नहीं पाया जा सकता है।पूर्व जिला अध्यक्ष इम्तेयाज खान ने कहा की हम सभी कोई मिलकर दुआ किए है हम लोगों को यकीन है की अल्लाह सैयद शाहनवाज हुसैन जी को सेहतमंद कर फिर से हम लोगों के बीच उपस्थित होंगे।इस मौके पर मो० अफसार, मो० सरफराज आलम, मामून रशीद, मो० सद्दाम, मो० राशिद हुसैन सहित कई लोग उपस्थित थे।
इसकी जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्राणिक वाजपेयी ने दी।

चलान को लेकर पुलिस पब्लिक में हुई जमकर हाथापाई, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा

भागलपुर(बिहार) समाहरणालय स्थित कचहरी चौक पर चेकिंग के दरमियान एक आम पब्लिक यातायात में तैनात सिपाही से हातपाई पर उतर आए। दरअसल मामला यह था कि उक्त व्यक्ति का पेंडिंग चालान दोपहर में ही काट दिया गया था। पेंडिंग चालान काटने के बाद व्यक्ति वहां से चला गया यह वाकया दोपहर तकरीबन 2:00 बजे की है बताई जा रही है। उक्त

व्यक्ति भागलपुर जिले के सनौहला के रहने वाले हैं और उसका नाम अनूप कुमार बताया जा रहा है। वहीं कुछ घंटे बाद व्यक्ति आता है और ट्रैफिक में तैनात सिपाही अमलेश कुमार से यह कह कर भीड़ जाता है कि उसका चालान क्यों काट दिया गया। इसके बाद इसके बाद दोनों में हाथापाई शुरू हो जाती है नौबत यहां तक आ जाती है कि तैनात ड्यूटी पर सिपाही अमलेश की शर्ट को फाड़ दिया जाता है। इस घटना की जानकारी अपने वरीय पदाधिकारी को सिपाही अमलेश ने दी जिसके बाद उक्त व्यक्ति को जोगसर थाना भेज दिया जाता है और विधि संबंध कार्रवाई करने की बात कही जाती है। वही इस संदर्भ में ट्रैफिक इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने इसको लेकर कुछ भी बताने से इंतजार किया उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस बारे में हमें किसी भी तरह की जानकारी नहीं है इसकी जानकारी लेकर ही मैं कुछ कह पाऊंगा जबकि उसे युवक को पूछताछ के लिए थाने पुलिस से ले जा चुकी है अब मामला कहां तक क्या होता है यह देखने वाली बात होगी।

रेंगता हुआ शहर भागलपुर, जल्द होगी यातायात व्यवस्था दुरुस्त, यातायात पुलिस विभाग ने की कई बिंदुओं पर समीक्षात्मक बैठक

समाज जागरण
जिला संवादाता विवेक कुमार

भागलपुर बिहार शहर में स्मार्ट सिटी के तहत कई कार्य चल रहे हैं लेकिन अभी भी शहर स्मार्ट नहीं हो पाया है जबकि करोरों रुपए की लागत से शहर के सड़कों एवं नालों साथ ही साथ सौंदरीकरण पर खर्च की गई है, लेकिन अतिक्रमण के चलते अपना शहर रेंगता हुआ नजर आ रहा है, आए दिन लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन को एड़ी चोटी एक करनी पड़ती है, स्कूली बच्चे घंटों सड़कों पर फंसे रहते हैं वहीं दूसरी ओर दफ्तर जाने के लिए लोग काफी परेशान दिखते हैं इसको लेकर यातायात पुलिस एक खास मुहिम जल्द शुरू करने जा रही है जिसको लेकर आज एक अहम बैठक की गई इस बैठक में यातायात डीएसपी यातायात इंस्पेक्टर सहित यातायात से संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे शहर में लग रहे जाम को लेकर जो भी परेशानियां हो रही हैं उससे निजात दिलाने के लिए एक-एक कर सबों से वार्ता की गई और जितने भी बिंदु सामने आए हैं उसे पर जल्द से जल्द काम कर शहर के यातायात व्यवस्था को जल्द

दुरुस्त किया जाएगा साथी बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की सड़कों पर जो दुर्घटना होती है वैसे दुर्घटना पीड़ित लोगों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाई जाए इस केस को अनुसंधान करने वाले जो भी अधिकारी रहेंगे वह जल्द से जल्द इस पर संज्ञान लेकर पीड़ित को मुआवजा दिलाने का काम करेंगे ,इसको लेकर यह बैठक आज भागलपुर समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में की गई, उम्मीद है जल्द रेंगता हुआ शहर भागलपुर अब दुरुस्त हो पाएगा। वहीं यातायात इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने कहा शहर में जाम की समस्या को लेकर रूट में कुछ बदलाव किए गए हैं जहां कुछ समय अवधि दी गई है जिस पर तोतों का परिचालन नहीं होगा वह स्कूली समय 12:40 से 1:30 तक का रहेगा यह फोटो अब घंटाघर से होते हुए कचहरी चौक नहीं आएगी इसका रूट आकाशवाणी होते हुए तिलका मांझी की ओर जाएगी।

चांडिल एन एच 32 पर जाम से निजात के लिए विधायक सविता महतो ने किया एनएचआई व रेलवे अधिकारी संग बैठक

शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल : ईचागढ़ विधान सभा के विधायक सह पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति सविता महतो ने शुक्रवार को रांची विधानसभा स्थित पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति सभा कक्ष में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में खराब पड़े एन एच सड़क के मरम्मती को लेकर एनएचआई व रेलवे के अधिकारी संग बैठक किया।
बैठक में विधायक ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में एन एच 32 व 33 में पढ़ने वाली सड़क काफी दिनों से खराब अवस्था में रहने के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने बैठक में कहा कि सड़क की स्थिति ऐसी है कि गर्मी के दिनों में धूल, बरसात के दिनों में कीचड़ तथा गड्ढे हो जाते हैं ।
जिससे विगत कुछ महीनो में सड़क दुर्घटना के कारण सैकड़ो लोगों के अकारण मृत्यु हो चुकी है। एन एच आई 32 के द्वारा पीतकी ओवरब्रिज एवं जामडीह ओवरब्रिज का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। जिससे आम नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।
विधायक ने तत्काल एन एच 32 के चांडिल साधन होटल से पीतकी रेलवे फाटक से जामडीह गांव तक सात किलोमीटर, शिव मंदिर साधन होटल से चांडिल गोल चक्कर तक 0.5किमी, एन एच 33 में चीलगु

बाजार के सामने पुल का चारदीवारी जो लगभग 6 महीने से क्षतिग्रस्त है तथा चौका चौक में ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस रोड में दो जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे की जल्द मरम्मती का मांग किया है। साथ ही विधायक ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सड़के जो रेलवे के अधीनस्थ आती है और काफी जर्जर अवस्था में है जैसे चांडिल बाजार से चांडिल बायपास रोड साधन होटल तक सड़क का निर्माण, नीमडीह प्रखंड के मुरुगडीह आरईओ रोड से बांदु पीडब्लूडी रोड तक दो किमी सड़क मरम्मत, झिमड़ी पीडब्लूडी रोड से किशुनडीह तक दो किमीसड़क मरम्मत, तीरुलडीह उत्तर केविन फटाक से केदारनाथ के घर तक 15 सौ फिट विशेष सड़क मरम्मती, बाकारकुड़ी से ऐदलडीह रेलवे भुआस तक लगभग डेढ़ किमी रोड की मरम्मत, हेंसालोंग रेलवे स्टेशन से निश्चितपुर गांव के फाटक तक एक किलोमीटर रोड की मरम्मती व जानूम पंचायत के बांधकुली रेलवे फटाक से मोडीपारा तक लगभग डेढ़ किलोमीटर रोड की विशेष मरम्मती का मांग किया।
बैठक में रेलवे व एनएचआई के अधिकारियों द्वारा जल्द सड़क मरम्मती करने का आश्वासन दिया। बैठक में सदस्य सह विधायक समरी लाल, संजीव सरदार, एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्ट दिलीप कुमार, टीम मैनेजार दुर्गेश कुमार, डीईएम आद्रा व एसीएम आद्रा धर्मबीर कुमार एवं आरसीडी के मुख्य अभियनता केके लाल एवं एन एच आई, रेल व रोड के अधिकारि उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया गया शराबी व अड्डेबाजी के खिलाफ अभियान

दैनिक समाज जागरण , संवाददाता - ईचागढ़

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक डाक्टर बिमल कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टीकर के आस पास ,मिलन चौक, जारगोडीह चौक आदि जगहों पर शाराबी व अड्डेबाजी करने के खिलाफ अभियान चलाया गया।



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टीकर के पास मैदान, झाड़ी व आसपास के होटलों में अड्डाबाजी के खिलाफ अभियान चलाकर अड्डा बाजी करने वालों को ईचागढ़ पुलिस द्वारा खदेड़ा गया। वहीं होटलों में शराब पीने से मना करने एवं अनावश्यक अड्डा बाजी नहीं करने का निर्देश भी होटल संचालकों को थाना प्रभारी गौरव मिश्रा द्वारा दिया गया। वहीं मिलन चौक के सरकारी शराब दुकान के आस पास शराब पीने को लेकर अड्डा बाजी करने वालों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वहीं थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अड्डा बाजी व शराबियों के खिलाफ अभियान चलाया गया एवं होटल ढाबों में अनावश्यक अड्डा बाजी नहीं करने व होटलों में शराब पीने के खिलाफ चेतावनी दिया गया। उन्होंने कहा कि अड्डेबाजी व शराब के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नशे के हालत में ही गलत कार्य को अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि होटलों में शराब पिलाने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा एवं शराबियों को भी जेल भेज जाएगा।

पटमदा में 6 को विशाल प्रदर्शन की तैयारी, अनाज वितरण में अनियमितता के खिलाफ पटमदा के गांवों में हो रही ग्राम सभा

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : पटमदा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनवितरण प्रणाली की दुकान से पिछले वर्ष के 3 महीने का अनाज नहीं मिलने एवं इस वर्ष भी नियमित अनाज नहीं मिलने के मामले में ग्राम सभा के माध्यम से कार्डधारी गोलबंद हो रहे हैं। साथ ही अनाज आवंटन व वितरण में गड़बड़ी के खिलाफ ग्राम प्रधान संघ पटमदा के आह्वान पर आगामी 6 अक्टूबर को प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित एक दिवसीय धरना-

प्रदर्शन की तैयारी जोरो पर चल रही है लावा गांव स्थित हरि मंदिर में गुरुवार को ग्राम प्रधान बृंदावन दास की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा के दौरान सैकड़ों कार्डधारियों ने अनाज नहीं मिलने की शिकायत की। इसमें दो जविप्र दुकानदार से जुड़े कार्डधारी पहुंचे थे। इस संबंध में ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि ग्रामीणों में आपूर्ति विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है और क्षेत्र के सभी गांवों में ग्राम सभा के माध्यम से तैयारी की जा रही है।
उन्होंने बताया कि इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इसकी सूचना अंचलाधिकारी के माध्यम से अनुमंडलाधिकारी को भेज दी गई है।

भुला पंचायत मंडप में महिला समिति का वार्षिक आम सभा आयोजित

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा :बोड़ाम प्रखंड के भुला पंचायत मण्डप मे शुक्रवार को भुला आजीविका महिला स्वालम्बी सहयोग समिति लिमिटेड के द्वारा वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में सीएलएफ के द्वारा किए गए कार्य का वार्षिक लेखा जोखा एवं ऑडिट रिर्पोट का जानकारी सभी के बीचों में साझा किया गया और वर्तमान में चल रहे झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत बुधनी हेंब्रम को विधायक मंगल कालिंदी के हाथों से 20,000 रुपया का चैक दिया गया। इस बैठक में बोड़ाम प्रखंड के पूर्व जिला परिषद स्वपन कुमार महतो, मुखिया मंगल सिंह, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनुरंजन, चित्रसेन भगत, पद्मावती भगत और जेएसएलपीएस के सभी सदस्य उपस्थित थे।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ उद्घाटन

आयोजन ऐसा हो जो युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों को हमेशा रहे याद: संजीव मिश्रा

पूर्णियां।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का भव्य उद्घाटन समारोह पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में हुआ है. इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्णिया नगर निगम की मेयर विभा कुमारी एवं सिनियर डिप्टी कलेक्टर व जिला खेल पदाधिकारी डेजी रानी द्वारा इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया. वहीं, इस उद्घाटन समारोह को लेकर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने कहा कि- मेरी चाहत है कि पनोरमा स्पोर्ट्स का आयोजन ऐसा हो जो युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए हमेशा यादगार हो. युवा पीढ़ी को विभिन्न खेलों से हम सभी को जोड़ना है. युवा पीढ़ी हमारे देश की शक्ति है. पनोरमा स्पोर्ट्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी प्रतिभा को निखारना के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज, क्लबों के युवा खिलाड़ियों के लिए खेलों का आयोजन किया गया है. इसमें बालक एवं बालिका वर्ग खिलाड़ी गण भाग लेंगे. पनोरमा स्पोर्ट्स स्टार सीजन -6 में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों और संस्थाओं के स्कूल, कॉलेज, क्लबों

को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है. इसकी जानकारी क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्टार सीजन-5 के स्पोर्ट्स आयोजन सदस्य हरिओम झा ने दी. ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का भव्य आयोजन दिनांक 29/09/2023 को अपराह्न 3:00 से पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित हुआ. उन्होंने बताया कि सबसे पहले रजिस्टर्ड स्कूल एवं क्लबों के खिलाड़ियों, प्राचार्य महोदय/महोदया, पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों का रेट कारपेट पर स्वागत व अभिनंदन होगा. उसके बाद मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों का आगमन और स्वागत किया जाएगा.

इस वृहद खेल समारोह का पैनोरमा ग्रुप की तरफ से आयोजित होना और इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का शामिल होना गर्व की अनुभूति देता है:जिला खेल पदाधिकारी

पैनोरमा स्पोर्ट्स सीजन 6 की हुई शुरूवात

पूर्णियां।

उद्घाटन के दौरान आगत अतिथियों को पैनोरमा स्पोर्टस परिवार द्वारा मिथिला कल्चर के तहत स्वागत की गई।सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम के बच्चों के द्वारा अतिथियों का ड्रम पार्टी स्पेशल परेड करते हुए श्री संजीव मिश्रा जी ने अगुवाई की। माउंट सिनाई मिशन स्कूल कस्बा ,सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम ,सेंट मोसेस इंग्लिश स्कूल खुश्की बाग ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मेयर विभा कुमारी जी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए पैनोरमा ग्रुप के निदेशक का आभार व्यक्त किया और बिहार के खिलाड़ियों को इतने बड़े खेल आयोजन में शामिल होने के लिए पैनोरमा ग्रुप का धन्यवाद व्यक्त किया। जिला खेल पदाधिकारी सुश्री डेजी रानी ने इस वृहद खेल समारोह का पैनोरमा ग्रुप की तरफ से आयोजित होना और इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का शामिल होना गर्व की अनुभूति देता है बताया। मनोरमा ग्रुप की तरफ से पैनोरमा स्पोर्ट्स सीजन 6 का आयोजन ई होम्स के साथ-साथ जिला स्कूल के मैदान में होना तय है ।कार्यक्रम में शहर के तमाम खेल प्रेमी खिलाड़ियों के परिवार सहित मनोरमा ग्रुप के सहयोगी, मनोरमा परिवार ने शिरकत

किया। माननीय संजीव मिश्रा जी ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों, भाग लेने वाले सभी स्कूल के बच्चों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील सुमन ,एम एच रहमान, अजीत सिंह, नंदकिशोर नंदू ,मिथिलेश सिंह, तौफिक आलम, राणा सिंह ,मनोहर जी ,एस एस चटर्जी ,अब्बू आलम ,गोपी जी सरीके व्यक्तित्वों ने शिरकत किया। खेल के मैदान में मेयर विभाग कुमारी ,सूश्री डेजी रानी, श्री संजीव मिश्रा जी ने फीता काटकर उद्घाटन करते हुए सबों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित मिथिलेश राय ने राष्ट्रगान सभी खिलाड़ियों के साथ गया। आज का मैच वॉलीबॉल अंदर 16 बॉयज विजेता डी ए वी,वॉलीबॉल अंदर 16 गर्ल्स विजेता भी भी आर एस ।बैडमिंटन अंडर 16 बॉयज विजेता सेंट मोसेस,, बैडमिंटन में गर्ल्स विजेता सुनिधि भारती। 30 सितंबर के बाद से सभी मैच में फेर बदल होने की संभावना है ।

ठगी संगठन के सदस्य की गिरफ्तारी

फारबिसगंज ।

फारबिसगंज, थाना पुलिस द्वारा आज एक संगठित ठगी संगठन के सदस्य, श्री रामचंद्र कुमार, पिता - श्री रामप्रसाद यादव, निवासी - गोविंदपुर, थाना झ प्रतापगंज, जिला - सुपौल की गिरफ्तारी की गई है ।रामचंद्र कुमार को लोगों से पैसा डबल करवाने के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस द्वारा किए गए निष्कर्षण के परिणामस्वरूप, 15 लाख रुपए की रकम को फ्रीज करवाया गया है ।वही जिला प्रशासन ने

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा हम प्राधिकृतिक कार्रवाई करने का आलंब लेते हैं और सुरक्षा को और भी मजबूत बनाने के लिए हमारे प्रयास जारी हैं। सभी नागरिकों से यह अपील की जाती है कि वे सतर्क रहें और आपत्तिजनक गतिविधियों की सूचना देने के लिए पुलिस के साथ मिलकर काम करें।

कॉमर्स कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर शुक्रवार से शुरू हुई बी फार्मा का एग्जाम: डा. अरविंद कुमार

मधेपुरा ।

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा एवम बिहार सरकार से स्थायी संबंधन प्राप्त लार्ड बुद्धा कोसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में अध्ययन रत बी फार्मा वर्ष 2020 एवम 2021 सत्र के छात्र छात्राओं का परीक्षा बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में शुरू हो गई है। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार ने बताया कि सत्र 2020 में उक्त महाविद्यालय के 33 एवम 2021 सत्र के 19 परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय

द्वारा बनाया गया है। कड़ाई से कदाचार मुक्त परीक्षा ली जा रही है। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक डा. प्रभाकर कुमार के अलावे वीक्षक डा. कमलेश कुमार, डाशंभू राय आदि परीक्षा कक्ष में निरीक्षण करते दिखे।

कुसार्काटा में P3 बाजार प्रा. लि. मॉल का हुआ उद्घाटन, दिग्गजों का लगा जमावड़ा

मुख्य अतिथि थे बिहार सरकार के काबीना मंत्री शहनवाज आलम

अध्यक्षता पी एम कॉम्प्लेक्स के ऑनर समाजसेवी ई. मनोज झा एन ब्रदर्स स्वागत में दिखे तत्पर

कुसार्काटा ।

कुसार्काटा में बड़े ही धूमधाम से P3 बाजार प्रा. लि. मॉल का उद्घाटन हुआ। प्रमुख अतिथियों में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री जनाब शाहनवाज आलम, प्रदेश प्रवक्ता श्री अभिषेक झा, और अन्य अतिथिगण थे। P3 बाजार प्रा. लि. मॉल के उद्घाटन के मौके पर प्राचीन वैदिक अनुष्ठान और मैथिल परंपरा के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मॉल का शुभारंभ 29 सितंबर को दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ और अपराह्न 02 बजे के समय आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में शाहनवाज आलम जी के साथ-साथ प्रमुख अतिथियों में प्रदेश प्रवक्ता श्री अभिषेक झा, प्रिंसिपल के एन डिग्री कॉलेज के प्रो. त्रिलोकनाथ झा, राष्ट्रीय परशुराम परिषद् के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा, प्रदेश

उपाध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ट राजद के डा. शत्रुधन मंडल, प्रखण्ड अध्यक्ष राजद के मुस्ताक , मुखिया महेश शाह ,बीना देवी, अमर देव यादव ,प्रदीप कुमार झा उर्फ बब्बन, महेंद्र यादव, रवि कुमार उर्फ लाल बाबू के साथ प्रबंधक कार्यक्रम श्री ललन कुमार झा सहित कई राजनीतिक व सामाजिक दिग्गज मौजूद थे। PM कॉम्पलेक्स में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ई. मनोज कुमार झा जी ने की थी। जबकि स्वागत में ई. झा के साथ उनके अनुज डेढुआ पंचायत के मुखिया संतोष झा तत्पर दिखे। इस महत्वपूर्ण मॉल के उद्घाटन से क्षेत्र में आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों की वृद्धि की आशा की जा रही है। लोगों एवम आगत अतिथियों ने ई. मनोज बाबू के इस रोजगारपरक सपनों को साकार करने के लिए ढ़ाकी भर कर बधाई दिया। यूं कहें तो सिकटी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। चचाओं का बाजार गर्म था कि इंजिनियर मनोज बाबू सिकटी से विधान सभा चुनाव लड़ेंगे क्या?

किसान गोष्ठी में मोटे अनाज की वैज्ञानिक खेती सह जैविक खेती के लाभ टॉपिक पर हुई चर्चा

अररिया।

आत्मा अररिया के सौजन्य से जिला कृषि कार्यालय परिसर के सभागार में आज मोटे अनाज की वैज्ञानिक खेती सह जैविक खेती के लाभ विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन सयुक्त रूप से जिला कृषि पदाधिकारी श्री संजय कुमार शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक श्री प्रभात कुमार, मोहम्मद आफताब आलम, उप परियोजना निदेशक आत्मा अररिया श्री संतोष कुमार, सहायक निदेशक उद्यान सहायक, निदेशक कृषि अभियंत्रण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। इसमें सभी प्रखंड के चयनित कुल 54 प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। गोष्टी को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी अररिया द्वारा बताया गया कि मोटे अनाज खाने से शरीर को भरपूर मात्रा में आयरन, कैल्शियम, फाइबर इत्यादि सूक्ष्म पोषक तत्व पाया जाता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। सभी कृषकों से आग्रह किया गया की कृषक थोड़े

मात्रा में ही सही लेकिन मोटे अनाज की खेती जरूर करें। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद आफताब आलम द्वारा मोटे अनाज के उत्पादन की वैज्ञानिक खेती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। श्री प्रभात कुमार मौसम वैज्ञानिक के द्वारा जैविक खेती से होने वाले लाभ पर कृषकों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। उप परियोजना निदेशक आत्मा अररिया द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज का सेवन नियमित किया जाना चाहिए। इसका बीज कृषि विज्ञान केंद्र अररिया मे भी उपलब्ध हैं। साथ ही समय समय पर कृषि विभाग द्वारा भी इसका बीज ऑनलाइन के माध्यम से पहले आयो पहले पाओ के नियम पर वितरण किया जाता है।

60 मत्स्य कृषकों को समाहरणालय परिसर से द्वारा हरी झंडी दिखाकर सुपौल जिला के लिए किया गया रवाना

अररिया।

जिला मत्स्य कार्यालय, अररिया द्वारा 02 दिवसीय भ्रमण दर्शन -सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 60 मत्स्य कृष्कों दिनांक 29.09.2023 (शुक्रवार) को समाहरणालय परिसर से जिला मत्स्य पदाधिकारी -सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, अररिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर सुपौल जिला के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दुसरे जिले में हो रहे समेकित मछली पालन मत्स्य बीज हैचरी आदि के

वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से किसान सफलतापूर्वक मत्स्य पालन कर रहे है एवं आर्द्र भूमि चौर क्षेत्र को विकास कर मत्स्य पालन कर उत्पादकता में वृद्धि की जा रही है। राज्य सरकार के इस कार्यक्रम के तहत किसानों को नवीनतम तकनीक की जानकारी दी जा रही है। मौके पर संबंधित पदाधिकारी का उपस्थित थे।

पूर्णियाँ जिले में सक्रिय अंतर राज्जीय लुटपाट गैंग के 14 कुख्यात अपराधकर्मियों को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार अभियुक्तों में 10 अभियुक्तों का संबंध उड़ीसा राज्य से

जिले भर के विभिन्न थानों से संबंधित दर्जनों कांडो का किया गया सफल उद्भेदन

लुटी गई नकद राशि – 204300 एवं 2–541 किलोग्राम चाँदी का जेवर एवं अन्य समाग्री बरामद

दो देशी कट्टा एवं 04 गोली बरामद

पूर्णिया ।

बिहार पुलिस के संयुक्त प्रयास से बिहार के पूर्णियाँ जिले में सक्रिय अंतरराज्जीय लूटपाट गैंग के 14 खुफिया अपराधकर्मियों का गिरफ्तार होने की घटना की जानकारी दी गई। इस गिरफ्तारी के दौरान, पुलिस ने 2,04,300 रुपए की नकद राशि, 2.541 किलोग्राम

चाँदी के जेवर, 2 देशी कट्टा, 4 गोलियाँ, 10 मोबाइल, और 5 मोटरसाइकिल्स की बरामद की है। इन गिरफ्तारियों में 10 अभियुक्त उड़ीसा राज्य से संबंधित हैं, जो बिहार में अपने अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। इस सफल ऑपरेशन के साथ, पुलिस ने इस अपराधिक गैंग के प्रति कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रयासों का समर्थन किया है ।पुलिस आगाह करती है कि लोग सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी देने में मदद करें।

वार्षिक आमसभा आयोजित, सालभर का पेश किया लेखा-जोखा

नरपतगंज ।

जीविका के माध्यम से नरपतगंज प्रखंड में नारी शक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, मधुरा, नरपतगंज की शुक्रवार को वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। इस आम सभा की शुरूआत जिला अतिथि प्रभारी परियोजना प्रबंधक सह प्रबंधक संस्था निर्माण एवम क्षमतावर्धन श्री राकेश कुमार नीरज, प्रशिक्षण अधिकारी नीर नीरज, प्रभारी प्रखंड परियोजना प्रबंधक अरविंद कुमार साह, समिति की अध्यक्ष सह मुख्य प्रवर्तक गीता देवी, सचिव मिस्टा चक्रवर्ती तथा समिति की निदेशक मंडल की सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस आम सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री चंदन कुमार ने भी शिरकत की । आम सभा की बैठक में समिति की अध्यक्ष के द्वारा साल भर किए गए कार्यों का लेखा-जोखा एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। संकुल संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मेंबर जीविका दीदियों ने साल भर के किए गए कार्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा

में उपस्थित अन्य जीविका दीदियों को इसकी पूरी जानकारी दी गई। आगे के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए । संकुल संघ के माध्यम से किन-किन कार्यों को करना है इस पर विस्तार से चर्चा की गई । कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। नारी शक्ति संकुल संघ में समूह से ऋण लेकर जीविकोपार्जन के साधन विकसित कर आर्थिक तौर पर स्वावलंबित हुई जीविका दीदियों ने आमसभा में अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर नरपतगंज प्रखंड के क्षेत्रीय समन्वयक कैलाश कुमार मंडल, सामुदायिक समन्वयक उमेश कुमार प्रसाद, चिंकी कुमारी, राज कुमार शर्मा, सरस्वती कुमारी, मनीष कुमार झा, वीरेंद्र कुमार, जयनंदन कुमार, एमबीके सपना कुमारी, सीएफ मेहिलता देवी तथा रूबी देवी उपस्थित रहे।

27 गाँवो में निकाली गई कलश यात्रा और प्रत्येक घर से एकत्रित की गई मिट्टी/चावल कलश में

अररिया।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में दिनांक 01.09.2023 से 30.09.2023 तक "आजादी का अमृत महोत्सव" विषय के अंतर्गत "मेरी

माटी मेरा देश" आभियान के तहत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सीमान्त के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी/चावल एकत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 29.09.2023 को सीमान्त के 27 गाँवो में कलश यात्रा निकाली गई और प्रत्येक घर से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। पिछले दिनों की तरह आज भी स्थानीय लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे ह्मेरी माटी मेरा देशह्व कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक

जयनगर नित्यानंद झा राजू 29 सितम्बर

जयनगर अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार के कार्यालय कक्ष में उनकी अध्यक्षता में हुई। ` बैठक में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों से जुड़े राशन-किरासन एवं राशनकार्ड रसोई गैस से जुड़े समस्याएं का समाधान हेतु सभी सदस्यों के द्वारा चर्चा किया। बैठक में अनुमंडल अनुश्रवण समिति सदस्य सह प्रखंड सचिव भाकपा-माले जयनगर भूषण सिंह ने बैठक में कहा कि कस्टम मिल्ड चावल के द्वारा जयनगर लदनियां बासोपट्टी प्रखंड में चावल जो एस एफ सी को अपूर्ति की जा रही है और जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के माध्यम से उपभोक्ताओं को सरा-गाल चावल दिया जा रहा है यह विभागीय अधिकारियों के संलिप्तता दशार्ता है। इसे जांचोपरांत कार्रवाई करने और पूणार्वृति पर रोक लगाने की मांग की गई। ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य उप केन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को नियमित चालू करने एवं अनुमंडल अस्पताल के डाक्टरों दरकिनार करने की प्रवृत्ति की निंदा की गई । बैठक में प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी जयनगर विपिन आंसु एवं लदनियां /बासोपट्टी अमितेश कुमार बिहार गोदाम प्रबन्धक जयनगर अमर

का प्रतिनियुक्ति समाप्त करा कर नियमित उपस्थिति कराने एवं अवैध स्वास्थ्य संस्थानों को बंद करने सहित पंचायती राज व्यवस्था के तहत विभिन्न पंचायतों में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के मौजूदगी में विभिन्न प्रकार के सरकारी कार्यक्रमों में राजनीति दलों को सिंह लदनियां मोसर्फ हसन जिला पार्षद अंजली कुमारी भाकपा माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह कांग्रेस सुरेंद्र महतो विवेकानंद झा विधान पार्षद प्रतिनिधि अनुरंजन सिंह राजद के प्रदीप यादव भाजपा के नरेन्द्र नारायण उर्फ कुंवर उद्धव कुमार राणा प्रताप सिंह जदयू के राजकुमार सिंहे

नागाडीह के योगिया पहाड़ के समीप डैम मे डूबने से किशोर की मौत

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 29 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के मनोहरी गांव के समीप योगीया पहाड़ स्थित चेक डैम में नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृत किशोर की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर पंचायत के गम्हारिया गांव निवासी सुदेश्वर राम के 11 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। पिछले कुछ दिनों से मनीष कुमार अपने नाना के घर मनोहरी गांव के नगाडीह गया हुआ था ।मिली जानकारी अनुसार किशोर अपने कुछ दोस्तों के साथ चेक डैम में नहाने चला गया जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब

गया। उसके दोस्तों ने गांव आकर मनीष को डूबने की सूचना गांव वालो को दिया। गांव के लोगो द्वारा घटना की सूचना टंडवा थाना पुलिस को दिया गया।घटना स्थल पर पहुची पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किशोर के शव को बाहर निकाला। तत्काल किशोर को लोग अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले मे टंडवा थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया की योगिया पहाड स्थित चेक डैम मे नहाने के क्रम मे किशोर गहरे पानी मे डूब गया जिससे उसकी मौत हो गयी। शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया गया।

खोरीबाड़ी के सोनामती नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद, इलाके में हरकंप।

रंजीत कुमार पोद्दार : दैनिक समाज जागरण : संवाददाता

खोरीबाड़ी : शुक्रवार को खोरीबाड़ी के सोनामती नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृत व्यक्ति का पहचान विजय देबनाथ (45) के रूप में

किया गया। जो गाजी जोत का रहने वाला था। बताया जाता है कि शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने खोरीबाड़ी के पाताराम जोत के सोनामती नदी में एक व्यक्ति का शव देखा। खबर पाकर खोरीबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि, व्यक्ति की मौत कैसे हुई, इसकी जांच खोरीबाड़ी थाना पुलिस ने शुरू कर दी है। मृतक के भाई ने बताया कि कल काम पर जाने के बाद वह वापस नहीं लौटा। आज शव बरामद किया गया। घटना से इलाके में मातम छा गया।

रघुनाथगँज के हनुमान मंदिर को किया क्षतिग्रस्त दो पक्षों के बीच तनाव :स्थिति नियंत्रण मे-थानाध्यक्ष

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 29 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र के रघुनाथगंज गांव मे स्थित हनुमान मंदिर को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर मंदिर में तोड़फोड़ की गई है तथा मंदिर के समीप मे लगे झंडे को हटा दिया है जिसको लेकर दो पक्षों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया है। इस घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने नबीनगर टंडवा मुख्य पथ को जाम कर विरोध प्रदर्शन कर दोषियों को जल्द गिरफ्तारी की मांग की। तनाव को देखते हुए घटनास्थल पर सर्किल इंस्पेक्टर बिजेंद्र कुमार, नवीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पान्डेय,एस आई मदन उपाध्याय दल बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियो द्वारा कार्रवाई का भरोसा के बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम को हटा लिया एक पक्ष के लोगों का आरोप है कि रात 11 बजे तक मंदिर में कोई तोड़फोड़ नहीं हुई थी। जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने इससे साफ इनकार किया है। इसी बात को लेकर तनाव बढ़ गया। विरोध में गुस्साये ग्रामीण नवीनगर थाना पहुँच कर लिखित आवेदन देकर आरोपितो को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। वही प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार गुरुवार रात्रि मे गांव के समीप लगे झंडे को कुछ लोगों के द्वारा खोलकर फेकते देखा गया। सुबह मे हनुमान मन्दिर का गुम्बद टूटा देख ग्रामीण भडक उठे। मामले मे नवीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पान्डेय ने बताया की एस संबंध मे ग्रामीणो ने आवेदन दिया है। जिसमें

मुस्ताक अंसारी ,मुबारक अंसारी ,साबिर आलम ,शरीफ अंसारी ,मंसूर अंसारी ,साफजिन अंसारी ,परवेज अंसारी बबलू अंसारी,अरमान अंसारी ,राजू अंसारी ,बंटी अंसारी ,कैफ अंसारी ,आदिल अंसारी ,सदाब अंसारी ,हैदर अंसारी , डब्लू अंसारी,को अभियुक्त बनाया गया है। मामले में जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण मे है और पुलिस घटना स्थल पर कैंप कर रही है।

गांधी जी के विचार आज भी हैं प्रासंगिक : प्रो.वन्दना

कुलपति ने अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह का किया शुरूआत

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह एवं स्थापना दिवस के अन्तर्गत होने वाले विविध कार्यक्रमों की शुरूआत शुक्रवार को गांधी वाटिका से हुई। गाँधी वाटिका में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा को हथियार बनाकर देशवासियों को एकजुट कर आजादी दिलायी थी। आज के दौर में हमारे आस-पास जो बहुत सारी असामाजिक घटनाएँ हो रही हैं ऐसे में महात्मा गांधी का अहिंसा के प्रति दृष्टिकोण और भी प्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार करेंगे जिससे वह एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर होते रहेंगे। आयोजन के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल के निर्देश पर गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन, जलगांव की अपेक्षा के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 02 अक्टूबर को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस

मनाया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह के अंतर्गत पहले दिन प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में स्वच्छ भारत विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता एवं जनसंचार विभाग में सामाजिक सद्भाव विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. अन्नू त्यागी, शशिकांत यादव, डॉ. राहुल राय, डॉ. अंकित सिंह, पंकज सिंह ने कार्यक्रमों का समन्वय किया। गांधी वाटिका में समारोह के शुभारम्भ अवसर पर प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, एनएसएस के समन्वयक डॉ. राजबहादुर यादव, सहायक कुलसचिव दीपक सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. मारुती सिंह आदि उपस्थित रहे।

सहचर्य की भावना को प्रमुखता देते हुए समाजसेवा करना ही संस्था का उद्देश्य : डॉ. क्षितिज

प्रशिक्षण कार्यशाला का रोटरी क्लब ने किया आयोजन

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जौनपुर। रोटरी क्लब अन्तराष्ट्रीय की जौनपुर इकाई ने संस्था द्वारा किस प्रकार से सहचर्य की भावना को आगे रखते हुए समाजसेवा की जा सकती है विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में एमपीएचएफ डॉ. क्षितिज शर्मा द्वारा उपस्थित संस्था सदस्यों को सर्वप्रथम संस्था की मूल भावना स्वयं से बढ़कर मानव सेवा के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य सहचर्य की भावना को बढ़ाते हुए समाज की सेवा करना है। हम सबको यह समझना जरूरी है कि संस्था किसी के व्यक्तिगत हित के साधन का माध्यम नहीं है अपितु सामाजिक हित में कार्य करने का अतुल्य साधन है। स्वयं से आगे बढ़कर जब हम समाज के लिये सोचना शुरू करेंगे तब हम एक सार्थकता का अनुभव करेंगे। उन्होंने संस्था द्वारा अन्तराष्ट्रीय स्तर पर शांति, स्वच्छ जल व शिक्षा के क्षेत्र में क्या क्या कार्य किया जा रहा है

इस पर विस्तृत जानकारी दी। संस्थाध्यक्ष सुजीत अग्रहरि ने बताया कि संस्था में सदैव एक दूसरे का हौसला बढ़ाते हुए समाज कल्याण से सम्बंधित कार्य किये जाने चाहिये। सहचर्य किसी भी संस्था की मूल आत्मा है। सहचर्य से ही सेवा भावना का उद्भव होता है। उन्होंने स्वर्ण व्यवसायी संदीप सेठ को संस्था सदस्यता की शपथ दिलवायी। कार्यक्रम निदेशक पीएचएफ मनीष चन्द्रा ने अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया। सचिव विवेक सेठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम बहादुर सिंह, अनिल गुप्ता, मनीष गुप्ता, संजय जायसवाल, आशीष गुप्ता, प्रदीप सिंह, कृष्ण कुमार मिश्र, शिवांशु श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय, श्याम वर्मा, डा. बृजेश आदि उपस्थित रहे।

क्षेत्र में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

कोतमा। अनूपपुर जिले के क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खननधड़ल्ले से किया जा रहा है फिर राजस्व अमला और खनिज विभाग के मैदानी एवं आला अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। रेत के अवैध उत्खनन परिवहन रोकथाम हेतु संबंधित अमले द्वारा किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण अवैध परिवहन कर्ताओं के हौसले बुलंद हैं और वह अपनी मनसा के अनुरूप अवैध कार्य को अंजाम भी दे रहे हैं। सोन, तिपान, ऐलान, केवइ आदि नदी के घाटों पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन सोन नदी के बीट गार्ड प्रभारियों के द्वारा कराया जाता है।जिस तरह से जिले की इन नदियों से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन इन दिनों धड़ल्ले से चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि सोन, एलान केवइ नदी के करीब एक दर्जन घाटों में रात दिन रेत कारोबारी सक्रिय रहते हैं। और ट्रैक्टर ट्राली 407 ट्राली रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हैं। कोतमा, जैतहरी, बिजुरी कटकोना, हरि, क्षेत्र के आसपास नदी-नालों के विभिन्न घाटों में रेत का कारोबार कई दिनों से चल रहा है। आसपास के अन्य घाटों में दर्जन भर से ज्यादा वाहन रेत निकासी में सक्रिय हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन क्षेत्रों में रेत की अवैध निकासी होती है वहां निर्धारित रेट फिक्स है जिसमें अधिकारी व कर्मचारी

सम्मिलित है। वही बीट प्रभारी के द्वारा रेत माफियाओं से अवैध रेत का उत्खनन एवं परिवहन कराया जाता है। उसके एवज में मोटी रकम की राशि ली जाती है और बंदरबांट अधिकारियों तक पहुंचाई जाती है। जिले से प्रभावित होने वाली नदियों से किसी भी तरह का उत्खनन एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित है जहां अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन को कड़ाई से पालन कराने के लिए राजस्व ,पुलिस, खनिज विभागों के कर्मचारियों की तैनाती की गई है । तहसील कोतमा एवं जैतहरी क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खनन / परिवहन हो रहा है, खनिज विभाग का अधीनस्थ अमला क्षेत्र में कार्यरत है। सूत्र बताते हैं कि अवैध उखानकर्ताओं द्वारा जिला अनूपपुर के रेत ठेकेदार की ई०टी०पी० का उपयोग रेत परिवहन में किया जाता है। भंडारण की आड़ में कोतमा के आसपास एवं अनूपपुर च चचाई क्षेत्र से भी रेत की अवैध निकासी हो रही है उसकी जांच कराई जाने की आवश्यकता है। खबर तो यह भी है कि एटीपी कहीं का और कहीं से रेत का परिवहन भी कंपनी के करिंदों द्वारा की जा रही है खनिज अमले से कार्यवाही कराने में वैधानिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

पांच दिवसीय पेशा एक्ट कार्यशाला का हुआ समापन 500 लोगो ने लिया प्रक्षिक्षण

जल जंगल और जमीन पर पेशा एक्ट के ग्राम सभा के अधिकारः–MSW छात्र प्रवीण तिवारी

उमरिया जिले जनपद पंचायत पाली में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक मध्यप्रदेश जन अभियान परिसद आर्थिक एवम सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन उमरिया द्वारा पांच दिवसीय पेशा एक्ट प्रशिक्षण आयोजित की जा रही थी जिसका आज आन दिनांक 29 सितंबर को सेक्टर पाली में पेशा एक्ट के समापन किया गया बता दे कि आज के कार्यशाला में ग्राम पंचायत बेली, मुदरिया,मलहदू, बन्नोदा,सलैया,गिजरी के सरपंच सचिब मोबलाइजर नवांकुर संस्था सीएमसीएल डीपी के छात्र/छात्राएं मौजूद रहे पांच दिवसीय समापन पेशा एक्ट कार्यशाला में जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली श्री कुंवर कन्हाई मास्टर ट्रेनर अंजनी चनपुरिया,विकाशखण्ड समन्वयक पुष्पा सिंह टेकाम,परामर्श दाता बृजेश सिंह तिवारी, संजय साहू,अर्चना मिश्रा, सशी साहू,नवांकुर अध्यक्ष संस्था की अध्यक्ष कृष्ना विश्वकर्मा, मोनिका यादव पुष्पेंद्र सिंह,रजनी सिंह, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेउल्लेखनीय है कि मास्टर ट्रेनर अंजनी चनपुरिया ने पेशा एक्ट की जानकारी देते हुए बताया की ग्राम सभा को शक्तियां देकर जनजाति वर्ग को सशक्त बनाना. ग्राम सभा इन शक्तियों का इस्तेमाल आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले जनजातियों के विकास के लिए करें और उनके हक की रक्षा कर सकें। ग्राम की समस्त जल जंगल और जमीन पर पेशा एक्ट के ग्राम सभा के अधिकार से लोग अपने अधिकार प्राप्त कर सकते हैग्राम सभा गांव में अवैध शराब के विक्रय को रोकने का काम भी करेगी। जब जन अभियान के छात्र पेश एक्ट के ट्रेनिंग ले रहे ट्रेनर प्रवीण तिवारी ने बताया कि ग्राम सभा शांति बनाए रखने के लिए हर गांव में एक शांति एवं विवाद निवारण समिति गठित करेगी। साथ ही इस समिति में कम से कम एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस स्टेशन को दी जाएगी। ग्राम सभा गांव के स्कूल, स्वास्थ्य एवं आंगनबाडियों के सुचारू संचालन के लिए उनकी निगरानी एवं निरीक्षण करेगी। इस पांच दिवसीय पेशा एक्ट में कुल 500 लोगो को पेशा एक्ट का प्रशिक्षण दिलाया गया कार्यशाला समापन के दिन जन अभियान परिषद के छात्र/छात्राओ ने नाटक नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को पेशा एक्ट की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुशील द्विवेदी, वर्षा त्रिपाठी,रेशु अग्रवाल,पूजा यादव,श्रुति सिंह, वैशाली सिंह,सीमा सिंह,अनामिका शुक्ला, आरती विश्वकर्मा, सतेंद्र द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण महोविया,पियूष चौबे,पूजा साहू रामसुहावन सिंह बर्मा मोहम्मद इब्राहिम,आरबी सिंह,गणेश द्विवेदी, सचिव वेगवती कीर्ति सिंह सरपंच निर्मला सिंह मोबिलाइजर, नरेश बैग सचिव, यशोदा सिंह ,सलेंद्र
तिवारी,रविन्द्र सिंह,दिलीप सोनी, रानी बैगा, अमित गौतम, भारती देवी सहित समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

शहीदे आजम भगत सिंह सभी नौजवानों के प्रेरणा स्रोत : प्रो.राकेश

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

महराजगंज, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के सरायपड़री चौराहे पर कृषक मजदूर संगठन द्वारा शहीद भगत सिंह का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम के पूर्व बच्चों द्वारा शहीद भगत सिंह, चन्द्रशेखर, सुखदेव, राजगुरु, दुर्गा भाभी, अशफाक उल्ला खां की झांकी निकाली गयी। मुख्य अतिथि प्रो. राकेश कुमार यादव ने कहा कि शहीद भगत सिंह सभी नौजवानों के आदर्श हैं। जब-जब भारत के क्रांतिकारी आंदोलन के इतिहास की बात होगी शहीद भगत सिंह नौजवानों, क्रांतिकारियों के लिये सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। मुख्य वक्ता कामरेड विनोद तिवारी ने अपने संबोधन में भगत सिंह को साम्राज्यवाद के खिलाफ समाजवादी विचारधारा की अलख जगाने वाला एक युग पुरुष कहा। उन्होंने कहा कि जब-जब साम्राज्यवादी शक्तियां अपना सिर उठाती रहेंगी शहीद भगत सिंह उनके सामने एक प्रतिरोध की दीवार के रूप में सभी क्रांतिकारियों के आदर्श रहेंगे। किसान समता समिति के संयोजक कृष्णा सिंह ने

वर्तमान समय में कृषकों की दुर्दशा का वर्णन करते हुए शहीद भगत सिंह के समाजवादी विचार की प्रासंगिकता का उल्लेख किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कामरेड डॉ. रामयश यादव ने शहीद भगत सिंह को जन्मदिन पर नमन करते हुए उन्हें साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष करने वाला सच्चा क्रांतिकारी बताया। कार्यक्रम संचालन कृषक मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव कामरेड मोती लाल ने किया। इस अवसर पर शिक्षक एवं किसान नेता ब्रहदेव यादव, कामरेड आदित्यनाथ यादव, शीतला प्रसाद, कामरेड रामजीत वर्मा, डॉ. अरविन्द कुमार यादव, जय सिंह, धर्मराज यादव, तीर्थराज, पारसनाथ, राजेंद्र प्रसाद, पन्नालाल पटेल, मातादीन यादव आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छ पर्यावरण का हमेशा रखें ध्यान : प्रो. अरूण

रचना विशेष विद्यालय में स्वच्छता अभियान पर कार्यक्रम आयोजित

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जौनपुर। रचना विशेष विद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय पुनर्वास परिषद, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम' (सीआरई) आयोजित किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि टीडीपीजी कालेज के रसायन विज्ञान के प्रो. डा. अरूण कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आज विशेष शिक्षक जो भी सेवा दे रहे हैं उससे विशेष बच्चों का आत्मनिर्भरता का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। स्वच्छता के बारे में कहा कि विशेष बच्चों को स्वच्छ रखने में माता पिता के अलावा विशेष शिक्षकों की भी अहम भूमिका होती है। विद्यालय के प्रवक्ता डा. संतोष

कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया जो पूरे समाज के लिये अत्यन्त उपयोगी है। प्रवक्ता सचिन कुमार यादव ने कहा कि हम अपने घर के अलावा अपने मोहल्ले और आसपास भी स्वच्छ वातावरण बना सकते हैं। प्रधानाचार्य गौतम चन्द ने सभी विशेष बच्चों व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिये कहा। संचालन मुख्य समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने किया।

जिउत्पुत्रिका व्रत जिउतिया

दिनांक 06/10/2023 को–आचार्य पंडित अभिषेक तिवारी

07/10/2023 को नवमी तिथि दिन में 10:21पर हो जाने के बाद पारण होगा

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

आचार्य पंडित अभिषेक तिवारी ने बताया की
सर्वप्रथम जिउत्पुत्रिका व्रत कथा के आधार पर आश्विन मास के कृष्ण पक्ष कि शुद्ध अष्टमी तिथि को यह व्रत करना चाहिए और नवमी में परणा करना चाहिए साथ हीं यह व्रत प्रदोष व्यापीनी भी है......... भविष्य पुराण के अनुसार -- आश्विन कृष्ण अष्टमी जीवित्पुत्रिका ....
ईषे मास्यसिते पक्षे चाष्टमी या तिथि भवेत।
पुत्रसौभाग्यदा स्त्रिणाम्‌ ख्याता सा जीवपुत्रिका।
शालीवाहनराजस्य पुत्रो जिमूतवाहनः तश्याम्‌ पूज्य स नारिभी पुत्रसाभाग्यलिप्सया।
यह अष्टमी प्रदोष व्यापीनी ग्राह्य है
प्रदोष समये स्त्रिभीःपूज्यो जीमुतवाहनः
पुष्करिणीम्‌ विधायाथ प्रांगणे चतुरस्त्रिकाम्‌।

यदि अष्टमी प्रदोष में दो दिन हों तो काल कि प्रधानता और नवमी में पारणा के अनुरोध से दूसरे दिन व्रत करें, पूर्व दिन व्रत करने पर अष्टमी में पारण करनी पड़ेगी जो दूषित है। अष्टमी के समाप्त होने पर रात्रि में पारण करनी होंगी जो निसिद्ध है। इसलिए दो उपवास करना पड़ेगा।
यदि अष्टमी पूर्व दिन प्रदोष में रहे, दूसरे दिन न रहे तो
विष्णु धर्मोत्तर के अनुसार पूर्व दिन हीं व्रत करें। अष्टमी समाप्त होने पर पारण करें।
पूर्वेद्युपरेद्यूर्वा प्रदोषे यत्र चाष्टमी।
तत्र पूज्य सदास्त्रिभी राजा जीमुतवाहनः
जिउत्पुत्रिका व्रत दिनांक 06/10/2023 को ही होगा और पारण 07/10/2023 को नवमी तिथि दिन में 10:21मिनट पर हो जाने के बाद होगा।

संयुक्त सहकारी समिति (पैक्स) कर्मचारी महासंघ जिला इकाई अनूपपुर ने दिया ज्ञापन

अनूपपुर ।संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ जिला इकाई अनूपपुर के द्वारापैक्स कर्मचारी की वेतनमान आदि मांगों पर सहमति के उपरांत टाल मटोल करके गुमराह करने के विरुद्ध अनिश्चितकालीन आंदोलन धरना जंगी प्रदर्शन करने की मांग की गई। ज्ञापन देने के पूर्व समतपुर तिराहा हनुमान मंदिर के समीप अनूपपुर जिले के संयुक्त सहकारी कर्मचारी महासंघ के सैकड़ो पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्रित हुए और वहां से रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन अनूपपुर को दिया गया। पदाधिकारी का कहना था कि दिनांक 30.09.2023 को प्रदेश स्तर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्य प्रदेशपदाधिकारी आदि द्वारा सहकारिता मंत्री के बंगले के समक्ष मुण्डन संस्कार काकार्यक्रम किया जायेगा।दिनांक 01.10.2022 को मध्यप्रदेश के समस्त विधायक, मंत्री एवं सांसदों के निवास के समक्ष स्थानीय स्तर पर मुंडन संस्कार कार्यक्रम किया जाएगा। 02.10.2002 को प्रदेश के समस्त कर्मचारियों की भोपाल रवानगी एवं प्रदेशपदाधिकारियों द्वारा भाजपा कार्यालय भोपाल के काले वस्त्र धारण कर मौनप्रदर्शन किया जायेगा ` दिनांक 03.10.2023 को मुख्यमंत्री निवास का घेराव एवं चक्का जाम, एवं जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। रैली के माध्यम से महासंघ के कर्मचारियों ने एकजुट होते हुए पैदल मार्च किया और हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते के नारों से अपना विरोध प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों का कहना था कि 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया और प्रदेश के मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद हम सभी ने हड़ताल समाप्त किया लेकिन हमें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है और हमारी मांगों पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अमल नहीं किया जा रहा है जिसके कारण अब हम आंदोलन के लिए बाध्य हैं। ज्ञापन देते समय महासंघ के लालमणि मिश्रा ,मदन द्विवेदी, संजय द्विवेदी, यादेवेंद्र गौतम, ओपी द्विवेदी पप्पू पटेल ,दशरथ कोरी, संजय प्यासी, संदीप गुप्ता, बिहारी लाल जायसवाल, जेपी नामदेव सहित महासंघ के सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेत से भरे ट्रक के ऊपर मिली लाश, ट्रक के ड्राईवर की लाश होने की आशंका?

हत्या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने जुटी अनूपपुर पुलिस

अनूपपुर / जिला मुख्यालय से महज 6 किलो मीटर दूर अमरकंटक मुख्य मार्ग में सनसनीखेज मामला सामने आया जहा सड़क किनारे रेत से भरे खड़े ट्रक के ऊपर एक व्यक्ति की लाश मिली , कई घंटो बाद जब ग्रामीणों ने ट्रक की जांच की तो पाया की ट्रक के ऊपर लाश है और कई घंटो तक ट्रक सड़क की किनारे खड़ा था लोग को शक हुआ तब वहां के ग्रामीणों ने उसकी जांच की , जानकारी सामने आई की जो लाश है उसी ट्रक ड्राइवर की है जिसका नाम मोहन उइके ग्राम जमुडी का बताया जा रहा है।
बेरीबंध स्थित रेत यार्ड से सुबह 8:00 बजे गाड़ी नंबर `स्र 65ga 0483 रेत लेकर निकली उसके बाद यार्ड से कुछ ही दूरी पर कुछ समय बाद यह ट्रक सड़क के किनारे खड़ा हो गया और लोगों को शक हुआ तब उसकी जांच की ।परिजनों को शाम के 4:00 बजे जानकारी हुई लास होने की जानकारी प्राप्त होने के बाद पोलिस को तत्काल सूचना दी गई पर लगभग 6 बजे तहसीलदार के साथ पुलिस बल मौके पर मौजूद हुआ और प्रथम दृष्टि अभी पुलिस कुछ भी बताने को तैयार नहीं जांच उपरांत यह तय होगा यह हत्या है या आत्महत्या। लेकिन लगातार परिजन शक कर रहे हैं कि यह हत्या है और हत्या के एंगल से ही पुलिस जांच करे ।

लूर्दस कान्वेंट स्कूल में कला उत्सव प्रतियोगिता सम्पन्न

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के लूर्दस कान्वेंट बालिका इंटर कालेज में जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने लोक गायन, शास्त्रीय संगीत,लोक नृत्य, शास्त्रीय

गायन, मूर्ति कला (त्रिआयामी) दृश्य कला (द्विआयामी)एकल अभिनय, तथा लोक वादन में प्रतिभाग किये।कला उत्सव का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक उदयभान ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य सिस्टर अल्फोंसा ने आगन्तुको का स्वागत किया।अपने संबोधन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा की कला जीवन का आधार है।हर ब्यक्ति में कोई न कोई एक विशेष कला होती है, जिससे उसकी पहचान होती है।ऐसे उत्सवों से छात्र छात्राओं की प्रतिभाओं में निखार आता है। इस ललित कला उत्सव में लूर्दस कान्वेंट बालिका इंटर कालेज, आदर्श इंटर कालेज महुआबाग,इंटर कालेज गाजीपुर, इंटर कालेज करण्डआ,शहीद स्मारक इंटर कालेज नन्दगंज आदि विद्यालयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या सिस्टर अल्फोंसा के द्वारा प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गयी। निर्णायक मण्डल के द्वारा लूर्दस कान्वेंट को ओवर आल चैंपियन घोषित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने पुरस्कार जीते। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्वेता के द्वारा किया गया।

सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर पर B.Ed पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्रों का भरोसा बरकरार

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

बीएड प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में चल रही काउंसिलिंग में छात्रों ने च्वाइस लॉकिंग में सत्यदेव डिग्री कॉलेज,गाजीपुर को प्रथम वरीयता दी है। द्वितीय राउंड की काउंसिलिंग चल रही है,साथ ही च्वाइस लॉकिंग की प्रक्रिया चल रही है।इस प्रक्रिया में 01 से 200000 तक की रैक पाने वाले छात्र काउंसिलिंग व च्वाइस लॉकिंग कर रहे है।इस च्वाइस लॉकिंग का परिणाम दिनांक 2अक्टूबर 2023 को आएगा।कालेज प्रबंध को यह विश्वास है कि प्रथम बार की तरह ही द्वितीय राउंड में भी अधिक से अधिक छात्र कालेज में आवंटित होंगे। कालेज के प्रबंध निदेशक

प्रोफेसर डॉ सानंद सिंह ने बताया कि अगर छात्र को काउंसिलिंग प्रक्रिया में अगर किसी तरह की परेसानी हो रही हो तो छात्र तुरंत कॉलेज के कार्यालय में संपर्क कर सकता है,उन्होंने छात्रों की सुविधा के लिए दो मोबाइल नंबर भी जारी किया है,जिस पर बात करके छात्र अपनी समस्या बात सकता है। मोबाइल नंबर निम्नवत है --7704905303,7704905302

परिवर्तन शंखनाद यात्रा का समापन 30 सितंबर को बिलासपुर में

कोटा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संतोष तिवारी ने बताया कि आगामी 30 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन शंखनाद यात्रा का समापन कार्यक्रम साइंस कॉलेज मैदान सीपत रोड बिलासपुर में हो रहा है। समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उपस्थित रहेंगे। तिवारी ने किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकताओं से आवाहन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में बिलासपुर पहुंचकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

जैन समाज धूमधाम से मना रहा महापर्व

चचाई पूरे भारत वर्ष में जैन धर्म के अनुयायियों केद्वारा 10 लक्षण महापर्व बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है। उसी क्रम में अनूपपुर जिले की चचाई ऊर्जा नगरी में की धर्म की गंगा बह रही है। चचाई श्री पार्श्व नॉर्थ जैन मन्दिर जी की प्रतिदिन प्रातः काल से अभिषेक, पूजन, प्रवचन, आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर चचाई नगर में जैन धर्म की ध्वजा लहरा रही हो जिसका लाभ पूरा वह जैन समाज ले रहा है। इसी क्रम में ऊर्जा नगरी के व्यापारी नरेंद्र जैन के छोटे सुपुत्र रिशी जैन ने भी आचार्य श्री विद्या सागर महराज जी के प्रेरणा ले कर 10 दिवस का उपवास कर रहे हैं जैन समाज उनकी इस पुनीत कार्य की अनुमोदन कर रही है।

गूंज रहे गणपति बप्पा मोरिया

अमलाई। पिछले 10 दिनों से भक्तों के घर विराजे भगवान गणेश को गुरुवार को विदाई दी गई। सभी जलाशयों, विसर्जन कुंडों पर देर रात तक विसर्जन

का सिलसिला जारी रहा। अनूपपुर मुख्यालय के अलावा अमलाई ,संजय नगर, विवेकनगर, जैतहरी ,कोतमा आदि क्षेत्रों में गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंज रहे थे। अनंत चतुर्दशी पर गुरुवार को पंडालों व घरों में हवन पूजन भंडारों का आयोजन किया गया। इसके बाद विधि विधान से गणपति बप्पा को बिदाई दी गई। इस दौरान अमलाई एवं आसपास के क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाये रखने के लिये विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। सुबह से ही लोग विसर्जन कुंड, तालाबों पर विसर्जन करते नजर आये। पर्यावरण पर आस्था भारी पड़ी, समितियों की प्रतिमाएं भले ही कुण्ड में विसर्जित की गई हों, लेकिन छोटी प्रतिमाएं जलाशयों में ही विसर्जित की गई। विसर्जन लिये जा रही प्रतिमाओं को समिति सदस्यों ने ढोल बाजे के साथ तटों तक पहुंचाया था, इस दौरान सड़कों पर ढोल बाजे बजते और गुलाल उड़ता नजर आ रहा था ।
धूमधाम से निकला जुलूस...... इस दौरान अमलाई नगर के अलावा सोडा फैक्ट्री ,इंदिरा नगर, बसंतपुर अमलाई मोहाड़ा के मोहल्ले में भव्य भक्तिमय माहौल देखने मिला। शाम 6 बजे विसर्जन जुलूस शुरू हुआ। बप्पा के भक्तों का उत्साह देखने को मिला। और सड़कों पर भारी भीड़ नजर आई। ढोल ढमाकों और गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ जहां मूर्तियों का विसर्जन विधिवत पूजन के बाद किया गया।

कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी पे महिला ने लगाया बदतमीजी का आरोप : उग्र हुए ग्रुप के सदस्य

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखंड)29 सितम्बर 2023:-जिले के प्रतापपुर प्रखंड के नवकाडीह हारा गाव मे एक अनोखा मामला सामने आया है जहा एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी कैशपार माइक्रो क्रेडिट के किस्त लेने वाले कर्मचारी पे लोन लिए हुए महिलाओ के ग्रुप मे से एक महिला सकुंतला देवी पति तपेश्वर गंझु ने उसपे गाली गलौज और हाथ पकड़ कर खींचतानी का आरोप लगाया। बताते चले की सकुंतला देवी अत्यंत गरीब महिला है जो उक्त कंपनी से एक पचास हजार रुपये का ग्रुप लोन ली जिसकी किस्त की भरपाई वो करती आ रही है आज हुआ ये की वो महिला अपने किस्त का पैसा देकर अपने घरेलु काम के चलते जब जाने लगी तो उक्त कंपनी के कर्मचारी द्वारा उसको रोका गया जिसमे उक्त कर्मचारी ने महिला को गाली दे कर रुकने को कहने लगा पर महिला का काम जरूरी था तो वो जाने लगी जिसमे उक्त कंपनी के कर्मचारी ने उसका हाथ पकड़ लिया और गाली देते हुए उसके साथ खींचातानी करने के दरमयान महिला की साड़ी फट गयी और चूड़ी टूट गयी ये सब देखने के बाद महिलाओ द्वारा इसका विरोध किया गया। सकुंतला देवी ने बताया की आये दिन उक्त कर्मचारी का व्यवहार बहुत ही बुरा रहा है और हर बार किस्त लेने के दौरान गाली गलौज करना इसकी आदत सी है। जो कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी के लिए बहुत ही निंदनीय है। ऐसी कंपनिया जो लोन देकर गरीब लोगो के साथ दुर्व्यवहार करती है उसपर कारवाई करने की जरूरत ताकि भविष्य मे चंद पैसो के लिए कोई गरीब का सम्मान ना जाये।

पश्चिमी टुंडी के जीतपुर गांव मे शिव चर्चा का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):- 29सितंबर2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत जीतपुर गांव में परितोष चौधरी की देख रेख में शिवचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें दूर दूर से काफी संख्या मे पुरुष एवम महिलाएं सम्मिलित होकर शिवचर्चा का आनंद लिया ।विभिन्न स्थानों से आए वक्ताओं ने शिवगुरु की महिमा पर चर्चा की। सम्भवे गुरवे नमः महागुरू महादेव की असीम दया एवं साहब दीदी के आशीर्वाद तले मनियाडीह के जितपुर पंचायत में एकदीवसीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन यहां के स्थानिय गुरु भाई बहनो के माध्यम से जगत गुरु शिव अपना कैसे हो जायेंगे इस विषय पर चर्चा कि गई। जिसमे स्थानीय भाई

बहनों के साथ साथ दुर दराज से भी गुरुभाई बहनो का आगमन हुआ। जिसमे, निरसा, कुमारडुवी, पंचेत, धनबाद, तोपचांची, बाघमारा, गोरगा, तेतुलमारी सहित अन्य स्थानों से भाई बहनो का आगमन हुआ जिसमे मुख्य रूप से उमाशंकरजी, सुनीलजी, बिक्की, धनन्जय, संजय, रामसेवक, कृष्नन्दन, प्राण, राजेश, वशिष्ठ, राजू, परितोष, निरु, विना, गुल्फी, सीमा, सुनैना, ललीता सहीत सैकड़ो सैकड़ों कि संख्या में भाई बहन उपस्थित हुए। भन्सा, जागोस्वर, विषय, चंदर मोहन, नरेश बैजन्ती देवी के अलाव काफी संख्या में ग्रामीण पुरुष एवम महिलाएं सम्मिलित हुई।

टुण्डी स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर का विद्या विकास समिति रांची की ओर से आयोजित 34 वाँ प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा।

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड):- 29 सितंबर2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत में स्थित स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर ने विद्या विकास समिति रांची रांची की ओर से आयोजित 34 वां प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में धनबाद के सिंदरी में आयोजित हुवा। जिसमे बहन मोनिका टुडू 200 मी 400 मी स्वर्ण पदक हासिल किया 100 मीटर में रजत पदक प्राप्त किया भैया रितेश मरांडी डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक प्राप्त किया बहन अंशु कुमारी डिस्कस थ्रो में स्वर्ण, शॉट पुट में रजत पदक प्राप्त किया भैया रोहित हसदा शॉट पुट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया बाल वर्ग रिले रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किया भैया विकास मुर्मू हाई जम्प में कांस्य पदक और भैया विष्णु हेंब्रम अंडर 17 में रजत पदक प्राप्त किया बहन प्रियंका सोरेन शॉट पुट में कस्य और डिस्कस में रजत पदक प्राप्त किया भैया श्रीकांत मरांडी लोंग जम्प में कस्य पदक प्राप्त किया

श्रीमती सुप्रिया दुदानी जी प्रबंधन के विक्रांत उपाध्याय सभी विजेता भैया बहनों को शुभकामनाएं दी तथा पुरस्कृत किया और आने वाले क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए अच्छे से मेहनत करके विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया । प्रतियोगिता में बाल वर्ग बहन में रतनपुर टुंडी को दूसरा स्थान मिला और बाल वर्ग भैया में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर सुफल मिश्रा, राजीव कुमार श्रीवास्तव ,विनोद पांडे, रुक्मिणी देवी, विक्रांत उपाध्याय ,अनादि चंद्र मंडल सनातन मरांडी,लखन रविदास आदि उपस्थित थे। उसके बाद रामगढ़ रजरप्पा में आयोजित क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बहनों और भाइयों का सिलेक्शन हुआ जो आगामी 17 से 19 अक्टूबर को आयोजित है इस शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय के अध्यक्ष श्री शरत दुदानी सचिव श्री शैलेश अग्रवाल जी

संस्था के पहल पर पटना बिहार में कैंसर पीड़ित को कराई गई रक्त की तत्काल व्यवस्था '

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर समाजसेवी अनीश केशरी द्वारा माँ ब्लड सेंटर पटना से कैंसर से पीड़ित महिला मरीज के ऑपरेशन के लिए पटना बिहार में तत्काल रक्त उपलब्ध कराई गई, दिनाँक 29/09/2023 दिन शुक्रवार को संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि बिहार के पटना में लायन महावीर कैंसर संस्थान अस्पताल में ईलाजरत ऊंचास वर्षीय महिला मरीज नीरा देवी के ऑपरेशन के लिए कुल पाँच यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं जिसमें से तीन यूनिट की व्यवस्था घर वालों ने की हैं पर अभी भी दो यूनिट रक्त की और आवश्यकता हैं, कृपया इनकी मदद करें सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने बिहार के समाजसेवी एवं संस्थापक रक्तदान के क्षेत्र में प्रख्यात समाजसेवी मुकेश हिसारिया से तत्काल एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का आग्रह किया तत्पश्चात माँ ब्लड सेंटर द्वारा मरीज नीरा देवी जी के लिए तत्काल एक यूनिट रक्त प्रदान कर दी गई और साथ ही संस्था के द्वारा जल्द ही दूसरी यूनिट भी उपलब्ध कर देने की बात कही गई

नियमित रक्तदाता अनीश केशरी से संपर्क कर मरीज नीरा देवी के लिए दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिसके कुछ ही देर बाद अनीश ने बिहार पटना में संचालित माँ ब्लड सेंटर के हैं , रक्त मिल जाने पर मरीज के घर वालों ने माँ ब्लड सेंटर के संस्थापक मुकेश हिसारिया, समाजसेवी अनीश केशरी एवं समर्पण एक नेक पहल संस्था का धन्यवाद किया

मुडंरों में चल रहे अवैध आरा मिल पर चला वन विभाग का बुलडोजर

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 29 सितंबर 2023:- बगोदर प्रखंड के मूंडरो पंचायत के एक अवैध रूप से संचालित आरा मिल पर वन विभाग का बुलडोजर चला कर कार्रवाई की गई । आरा मिल के विरुद्ध की गई छापेमारी में अवैध रूप से स्थापित आरा मिल , आरा हाथी , प्लेटफार्म समेत, डीजल इंजन जेसीबी से समूल उखाड़ कर नष्ट कर दिया गया , वहीं संग्रह किए गए वन लकडिंयों का भी बूटा एवं चिरान जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपए से अधिक कीमत , को जप्त किया गया और आरा मिल संचालक के खिलाफ मित्तलाल महतो उर्फ मीतू महतो ग्राम



मुंडरो पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 , 42 एवं बिहार कास्ट चिरान विनियम अधिनियम 1990 की धारा 9 , 10, 14 के तहत मामला दर्ज किया गया। वन विभाग के पदाधिकारी छापेमारी दल का नेतृत्व वनो के क्षेत्रीय पदाधिकारी सुरेश राम कर रहे थे , जिसमें आरक्षी अंशु कुमार , भुवनेश्वर मंडल , हिरामन कुमार , डीलो रविदास, कुंदन कुमार दास , अमन राज देवनारायण दास , सोमनाथ मोदक, विनोद गंझु , रवि कुमार , सुनील यादव , सुमित रंजन , नंदकिशोर दास , आनंद प्रजापति , रंजन कुमार , हैदर अली , विष्णु राय शामिल थे

डुमरी में राजस्थान निवासी ट्रक चालक को अपराधियों ने मारी गोली इलाज के क्रम में हुई मौत

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 29 सितंबर 2023 :- इसरी बाजार के तुरी टोला में तेल चोरी करने वाले गिरोह के अपराधियों ने ट्रक ड्राइवर को गोली मारकर हत्या कर दी , बताया जाता है कि शुक्रवार यहले सुबह करीब 3:00 बजे की है । ट्रक ड्राइवर सत्यनारायण प्रजापति अपने ट्रक को रोके हुए था , इसी बीच अपराधियों ने जांघ में गोली मारी और सत्यनारायण प्रजापति को धनबाद ले जाया गया जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीपीओ सुमित कुमार और निमियाघाट थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंच कर घायल ट्रक ड्राइवर को इलाज के लिए डूमरी के निजी नर्सिंग होम भिजवाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर धनबाद भेजा गया , और धनबाद में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर सत्यनारायण प्रजापति अपने खलासी के साथ ट्रक लेकर मध्य प्रदेश के ग्वालियर से समान अनलोड कर छत्तीसगढ़ के रायपुर लौट रहा था ट्रक में कुछ खराबी आने पर निमिया घाट के इसरी बाजार के तुरी टोला में उसने ट्रक को रोक दिया और दोनों ट्रक में ही सो गए इसी बीच खटपट की आवाज सुनाई देने लगा ड्राइवर ने खलासी को जगाया और दोनों ट्रक से नीचे उतरे तो देखा कि तीन लोग ट्रक टैंकर से लॉक को तोड़कर तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं । जब ड्राइवर ने इसके विरोध स्वरूप हल्ला किया तो पास ही खड़े चौथे अपराधी ने ड्राइवर की जांघ में गोली मार दी और सभी मौके से फरार हो गए घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारी समेत पुलिस जवान मौके पर पहुंचे अपराधियों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है हालांकि पुलिस को घटना में स्थानीय अपराधियों के सम्मिलित होने की आशंका है।

कुंदा एवं प्रतापपुर प्रखंड के अतिरिक्त प्रभार से हटाए गए कानन पात्रा, संतोष सिंह को मिला अतिरिक्त प्रभार

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखंड)29 सितम्बर 2023:-जिले के हंटरगंज प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज वन, कानन पात्रा को कुंदा एवं प्रतापपुर प्रखंड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। यह कार-वाई एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के द्वारा श्री पात्रा के विरोध में किए गए एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद किया गया। मोर्चा ने कानन पात्रा पर विद्यालय जांच के नाम पर सहायक अध्यापक,अध्यापिकाओं को डरा धमकाकर उनसे अवैध वसूली करने का आरोप लगाया था। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि इनके द्वारा सहायक अध्यापको का प्रतिनियोजन अन्यत्र विद्यालयों में नियम विरुद्ध न सिर्फ किया जाता है बल्कि मोटी

रकम लेकर उनका प्रतिनियोजन तोड़ भी दिया जाता है जैसे आरोप लगाए थे। संघर्ष मोर्चा के मांगों पर विचार करते हुवे जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने ज्ञापांक 1308, दिनांक 27/9/2023 के तहत पत्र जारी करते हुवे उन्हें प्रभार मुक्त कर दिया है। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सिमरिया संतोष कुमार सिंह को कुंदा एवं प्रतापपुर प्रखंड में संचालित प्रार्थमिक,उत्क्रमित मध्य एवं मध्य विद्यालय के सरकारी शिक्षकों का वेतन भुगतान हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया गया है। इसकी सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हैंटरगंज वन, बीइओ सिमरिया एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी चतरा और सिमरिया के साथ साथ कोषागार पदाधिकारी को भी दे दी गई है।

कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी पर महिला ने लगाया बदतमीजी का आरोप , उग्र हुए ग्रुप के सदस्य।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखंड)29 सितम्बर 2023:-जिले के प्रतापपुर प्रखंड के नवकाडीह हारा गाव मे एक अनोखा मामला सामने आया है जहा एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी कैशपार माइक्रो क्रेडिट के किस्त लेने वाले कर्मचारी पे लोन लिए हुए महिलाओ के ग्रुप मे से एक महिला सकुंतला देवी पति तपेश्वर गंझु ने उसपे गाली गलौज और हाथ पकड़ कर खींचतानी का आरोप लगाया। बताते चले की सकुंतला देवी अत्यंत गरीब महिला है जो उक्त कंपनी से एक पचास हजार रुपये का ग्रुप लोन ली जिसकी किस्त की भरपाई वो करती आ रही है आज हुआ ये की वो महिला अपने किस्त का पैसा देकर अपने घरेलु काम के चलते जब जाने लगी तो उक्त कंपनी के कर्मचारी द्वारा उसको रोका गया जिसमे उक्त कर्मचारी ने महिला को गाली दे कर रुकने को कहने लगा पर महिला का काम जरूरी था तो वो जाने लगी जिसमे उक्त कंपनी के कर्मचारी ने उसका हाथ पकड़ लिया और गाली देते हुए उसके साथ खींचातानी करने के दरमयान महिला की साड़ी फट गयी और चूड़ी टूट गयी ये सब देखने के बाद महिलाओ द्वारा इसका विरोध किया गया। सकुंतला देवी ने बताया की आये दिन उक्त कर्मचारी का व्यवहार बहुत ही बुरा रहा है और हर बार किस्त लेने के दौरान गाली गलौज करना इसकी आदत सी है। जो कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी के लिए बहुत ही निंदनीय है। ऐसी कंपनिया जो लोन देकर गरीब लोगो के साथ दुर्व्यवहार करती है उसपर कारवाई करने की जरूरत ताकि भविष्य मे चंद पैसो के लिए कोई गरीब का सम्मान ना जाये।

15 दिनों से अंधेरे में रहने के लिए विवश है बेलगरिया के विस्थापित

दैनिक समाज जागरण

न्यू झरिया बेलगरिया टाउनशिप के लोग आज जेरेडा कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे ' लोगों का कहना था कि पिछले 14 –15 दिनों से हम लोग अंधेरे में रह रहे हैं यहां से सिर्फ आश्वासन छोड़कर और कुछ नहीं मिल रहा है इसलिए मजबूरन हम लोग आज यहां कार्यालय घेराव करने पहुंचे हैं आज यहां के जीएम साहब छुट्टी पर है मगर अन्य पदाधिकारी ने ठोस आश्वासन दिए हैं इसीलिए हम लोग तीन से चार दिन के अंदर इंतजार करेंगे अगर हम लोग को बिजली पानी नहीं मिला तो हम लोग यहां

अनिश्चित कल के लिए धरना पर बैठ जाएंगे क्योंकि हम लोगों का पानी और बिजली नहीं मिलने के कारण स्थिति बदहाल हो गया है कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है क्योंकि शाम होते ही चारों ओर अंधकार छा जाता है मौके पर मोहन भुइया गुलाम समदानी मन्नू कुमार तथा सैकड़ो की संख्या में कॉलोनी के लोग पहुंचे थे

पूर्व विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे सिविल सर्जन कार्यालय

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

सहिया ,सहिया साथी और प्रशिक्षक संघ का धरना सिविल सर्जन कार्यालय प्रांगण में शुक्रवार को भी जारी रहा पूर्व विधायक अरूप चटर्जी देर शाम पहुंचे सिविल सर्जन से बात की लेकिन कोई बात नहीं बना इस दौरान सहिया और सहिया साथी ने आरोप लगाया कि विभाग के कुछ अधिकारी के कारण उनका मामला लटका हुआ है सिविल सर्जन भी कुछ नहीं कर रहे हैं। केवल मूकदर्शक बंद कर काम कर रहे हैं सहिया साथी का नियुक्ति संबंधी लेटर आने के बाद भी उसको अटका दिया गया आप बताया गया कि फाइल रांची में है कोषांग पदाधिकारी के पास वहां से आएगा तो ज्वाइनिंग होगा। इस दौरान काफी नोक झोक किया गया। इन लोगों का कहना है कि जब तक हमारी सीट नहीं आती ज्वाइन

नहीं होता तब तक लड़ाई जारी रहेगा अगले सप्ताह गेट जाम और भूख हड़ताल का आंदोलन होगा। ग्रामीण और शहरी का भेदभाव पर विभाग अपने रोटी सेंक रही। कॉविड-19 का पैसा नहीं दिया जा रहा है। 2 वर्ष का पैसा बकाया है। इस दौरान शहरी क्षेत्र के डी पी सी गौतम सिंह को भी सहिया और सहिया साथी ने घेराव किया। प्रबंधन और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इन लोगों का यह भी कहना था कि जब सारा क्षेत्र अर्बन हो गया है तो वहां ग्रामीण क्षेत्र की सहिया साथी कैसे कम कर रही है। मौके पर रेखा भट्ट, सुनीता देवी कविता देवी राखी देवी,मधुमति सिंह, रूप सिंह बबीता देवी,किरन देवी आदि थे।

गरीबों का घर ,अधर में फंस गए प्रधानमंत्री आवास योजना , सरकारी बाबुओं के मकड़जाल के चक्कर में।

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 29 सितंबर 2023:- गिरिडीह जिले के पांडे डी गांव के खाता संख्या 15 , 21, और 22 का है जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम ने कुछ महीने पहले भुस्वामियों को पीएम आवास निर्माण के लिए फंड दिया था । निगम से मिले फंड के आधार पर कई स्थानों के भुस्वामियों ने निर्माण कार्य भी कराया था , अब निगम ने इन तीनों प्लॉट के भूखंड स्वामियों को दोबारा फंड देने से इनकार कर दिया है , शुक्रवार को ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए अपर समाहर्ता विल्सन भेंगरा का भू माफिया राजू सिंह के समर्थन में लिखे गये पत्र में निगम ने फंड देने से रोका , स्थानीय स्वामित्व ने इसका आरोप लगाया । उक्त प्लॉट पर निगम द्वारा पीएम आवास का निर्माण कराया जा रहा है उसके सारे दस्तावेज निगम के पास पूर्व से ही जमा है जिसमें बताया जाता है की दाखिल खारिज

के साथ कई और भी तरह के दस्तावेज लगाए गए हैं । वहीं दूसरी तरफ भूमिया राजू सिंह ने ग्रामीण पर झूठे केस करते हुए पांडे डी के 15 , 21 और 22 को पर अपना दावा किया तीनों प्लॉट उसका है , ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्लॉट पर पहले ही सदर अंचल द्वारा एक बोर्ड भी लगाया जा चुका है जिसमें साफ जिक्र है की 15 , 21 और 22 जमींदारी उन्मूलन के बाद पांडे डी का यह प्लॉट सरकार के अंतर्गत कब्जे में है , जिसमें सरकार के प्रावधानों के अनुसार गरीबों को बसाने का काम किया है , जिसमें लगभग 300 ग्रामीण पिछले कई वर्षों से रहते आ रहे हैं इसके सारे दस्तावेज मौजूद हैं । और इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर निगम ने उन्हें पीएम आवास निर्माण की स्वीकृति दी थी।

स्वच्छता ही सेवा पर हजारीबाग जल सहियायों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण ,घनश्याम पाठक ,ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 29 सितंबर 2023 :- हजारीबाग नगर भवन में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग द्वारा सभी जल सहियायों के साथ एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा पर 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाने वाले इस पखवाड़े के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया । उक्त कार्यशाला में जल सहियायों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई , बताया जाता है कि इसी कार्यक्रम के तहत 1 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से 1 घंटे के लिए हर गांव में श्रमदान करने के बारे में लोगों को बताया गया , साथ ही 2 अक्टूबर को सभी गांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने के बारे में जानकारी दी गई विभागीय निर्देश के आलोक में शुद्ध पेयजल के महत्व उसके संधारण , टेस्ट किट से जल जांच के बारे में जानकारी दी गई , जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन में उनकी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई , उक्त कार्यशाला में कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार मुंडारी , सहायक अभियंता निखिल कुमार एवं रक्षित कुमार ,अभियंता तरुण कुमार विजय प्रसाद प्रदीप तिर्की विमल कुमार एसबीएम टीम के सदस्य गण सभी प्रखंडों के विभिन्न ग्रामों से जलसहिया उपस्थित थे । इस कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक मनीष कुमार द्वारा किया गया ।

सामुदायक भवन का नकशा देखने लायक बन गया।

दैनिक समाज जागरण राजगंज: लेदोडीह

गांव में कई वर्षो पूर्व तेज हवा की वजह से सामुदायक भवन का नकशही खराब हो गया है, उस समुदायक भवन में ग्राम के मांझी बाबा, जोकमांझी, नायके ग्राम के बुद्धि जीवी बुजुर्गो द्वारा ग्राम सभा आदि बैठक किया जाताथा जो अब पेड़ के नीचे ही कई तरह के बैठक संपन होती है, गांव के लोग बताते है कि इस को लेकर अभी किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया है

न किया जा रहा है, इस विषय को लेकर ग्राम के लोग में आक्रोश है , उनका कहना है जब चुनाव नजदीक आते है तब तरह तरह की विकास को लेकर बड़ी बड़ी बात की जाती है, अब विकास कहा गिया इसको लेकर ग्रामीणअ-ावाज उठाते है , तो उनके आवाज को सुन के दबा दिया जातासमुदाय भवन कई वर्ष पूर्व बनाया गया था जो हवा के झोंके से उनकेऊपर लगे चदरे का करकट उड़ जाता है तथा धीरे धीरे उनके दरवाजे खिड़की भी सड़ने लगता है पूर्णतः सब खत्म हो जाता है, जिससेआसपास के लोग , ग्रामीण सामुदायक भवन के न होने से कई तरह की परेशानियों का झेलना पड़ता है

शिकायती स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का पंचायत प्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा शिकायती स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। पंचायत कई ऐसा स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्र मिले जहा शिक्षा एवं बच्चो को मिलने वाला मिड डे मिल भ्रष्टाचारियों के

हाथ चढ़ गया। स्कूलों में मिलने वाला मिड डे मील साप्ताहिक मेनू के हिसाब से पोषण आहार संयोजिका के द्वारा मुहैया कराया ही नहीं जाता निरीक्षण के दौरान संयोजिका स्कूल से गायब मिली। निरीक्षण। के दौरान मुखिया सरस्वती सिंह मुंडा, उप मुखिया विजय कुमार महतो,समिति सदस्य पद्मलोचन महतो,ग्राम प्रधान अश्विनी महतो मौजूद रहे। साथ ही नव प्राथमिक विद्यालय मुकरूटार में स्कूल तो हे लेकिन पढ़ने वाले बच्चे नहीं लेकिन स्कूल में 30 बच्चे नामांकित हे,नामांकित बच्चो के परिवारों का कहना हे शिक्षक के नियमित स्कूल नहीं आने के कारण बच्चे स्कूल नहीं भेजने का बाते कहे। साथ उच्च विद्यालय झिमड़ी का भी भोजन अवकाश के दौरान प्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण किया गया एवं बच्चो से दैनिक पोषाहार के संबंध में पूछताछ किया गया तो सब कुछ सही तरीके और समयनानुशार बच्चो को मिलने का पुष्टि हुआ। साथ ही स्कूल के संयोजिका को पाक शाला के आस पास जगह को सफाई करने का भी निर्देश दिया।मौके पर जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया सरस्वती सिंह मुंडा ने बताया पंचायत कई स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का लगातार नियमित रूप से नहीं खुलने, मध्यान भोजन में गड़बड़ करने का शिकायते प्राप्त हुआ था जिसे लेकर आज पंचायत के सभी प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण किया गया जिस विद्यालय में त्रुटि देखा गया वहा सुधारने का मौका दिया गया।

जमशेदपुर की अभिनेत्री मोनिका सिंह अभिनय की दुनिया में बिखेर रही जलवा

झारखंड सरकार के मंत्री श्रीमती जोबा माझी ने बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से नवाजा

फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 29 सितंबर : सुनहरे गीत व मनभावन अभिनय में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की क्षमता होती है। वर्तमान समय में लोग तनावमुक्त रहने के लिए फिल्म, गीत, संगीत व नृत्य के माध्यम से मनोरंजन को अधिक महत्व दे रहे हैं। अभिनेता - अभिनेत्री के जीवंत अभिनय से सिनेमा, नाटक व वीडियो एलबम लोकप्रिय होता है। जमशेदपुर के सोनारी निवासी मोनिका सिंह ऐसे ही एक अभिनेत्री है जो स्वयं को हर चरित्र में ढाल लेती है। मोनिका सिंह ने स्थानीय प्रोडक्शन हाउस के सिनेमा, राड़ बंगला वीडियो एलबम व एड फिल्म में जीवंत अभिनय कर स्थानीय फिल्म जगत का चमकता सितारा बन गई है। अब तक मोनिका सिंह 15 शार्ट फिल्म, विभिन्न भाषाओं के

1,500 से अधिक वीडियो एलबम, झारखंड सरकार के छह एड फिल्म व ओटीटी प्लेटफॉर्म के दो वेबसिरिज में काम कर चुकी है। मोनिका को जीवंत अभिनय के लिए झारखंड सरकार के मंत्री जोबा माझी द्वारा बेस्ट एक्ट्रेस से सम्मानित किया गया है। मोनिका गानू फिल्म्स के बैनर तले "मिलोनेर - बेला" फिल्म बन रही है। इस फिल्म में मोनिका सिंह मुख्य भूमिका में काम कर रही है। मोनिका कहती है कि अभिनय मेरा शौक है। मैं बंगला, हिंदी, संथाली और भोजपुरी भाषा में विडियो एलबम, वेब फिल्म और शॉर्ट फिल्म में अभिनय किया है। मुझे बचपन से अलग अलग स्टोरी पढ़ने का शौक रहा है। इस बीच मैं स्टोरी भी लिखती रही हू। स्टोरी पढ़ने के दौरान अलग अलग पात्र होते थे उनका एक अपना जीवन शैली होती है। जीवन के अलग अलग रंग अलग अलग भेष भूषा को देखने और जानने का अवसर मिला। मोनिका कहती है कि सिनेमा एक ऐसा माध्यम है जिसमे जीवन के हरेक रंग को देखा जा सकता है। मैं अपने आप को भाग्य साली मानती हू की मुझे फिल्म में काम करने का मौका मिला। फिल्म के माध्यम से हम अलग अलग अलग किरदार को निभा पा रहे है। कभी संस्कारी बहु बनने का, कभी आज्ञा करी बेटी तो कभी मां, कभी डॉक्टर तो कभी पुलिस का जीवन जीने का मौका दिया। वे कहती हैं कि अलग अलग चरित्र में अभिनय करने से हर चरित्र में जीवन के रंग का अलग अनुभव होता है।

विधानसभा अध्यक्ष और संसद के बीच लगातार बढ़ रही रार

– कानपुर में सिख युवक को भाजपा नेता द्वारा मरणासन्न करने का मामला

– पुलिस ने हमला करने वाले पांच भाजपायों के खिलाफ घोषित किया है 25000 का इनाम, तलाश जारी

सुनील बाजपेई

कानपुर` कानपुर में भाजपायों द्वारा बिरादरी के दवा व्यवसायी युवक को गंभीर रूप से घायल करने के खिलाफ कानपुर के सिखों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। इस बीच इस मामले को लेकर यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आरोपियों के पक्ष में और भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी उनके खिलाफ मैदान में उतर आए हैं। कुल मिलाकर दोनों के बीच यह रार लगातार बढ़ती ही जा रही है । वहीं पुलिस ने भाजपा पार्षद के प्रति समेतसभी आरोपियों के खिलाफ 25000 का इनाम भी घोषित किया है । साथ ही पुलिस की टीमें भी उनकी गिरफ्तारी के लिए लगाई गई है लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। इसके खिलाफ ही सिखों ने बंद का आवाहन किया है` अवगत कराते चलें कि कानपुर में सिख दवा व्यापारी को अधमरा करने वाले भाजपा पार्षद पति अंकित शुक्ला समेत अन्य आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमें बनाई गई हैं। जिसके बाद बड़ी संख्या में समर्थक कल बुधवार शाम पुलिस कमिश्नर ऑफिस का घेराव करने पहुंचे थे। इस मामले में जिस तरह से सिख समाज के विरोध के बाद पुलिस एक्शन में आई है। उसके बाद भाजपाई भी अब मामले में मुखर होने लगे हैं। विरोध को देखते हुए भाजपा और सिख समाज में टकराव बढ़ जाने की भी प्रबल संभावना व्यक्त की गई है। इसके खिलाफ पुलिस भी सतर्क है`

16 वर्षीय बालिका को शादी का झांसा देकर उसका अपहरण कर बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा अर्थदण्ड से किया गया दंडित

रायसेन। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन द्वारा आरोपी पवन अम्बूलकर आयु 23 वर्ष निवासी अंतर्गत थाना मंडीदीप को पुलिस थाना मंडीदीप के मामले में दोषी पाते हुए धारा 363 भादवि में 3 वर्ष का कठोर कारावास, धारा 366 भादंसं में 5 वर्ष का कठोर कारावास, धारा 344 भादंसं में 1 वर्ष का कठोर कारावास एवं धारा 5'/6 पॉक्सो एक्टस में 20 वर्ष का कठोर कारावास से दंडित तथा कुल 6500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।इस मामले में मध्यप्रदेश राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार तिवारी ने पैरवी की।घटना का विवरण इस प्रकार है कि- दिनांक 21 फरवरी 20 को थाना मण्डीदीप, जिला रायसेन (म.प्र.) में अभियोक्त्री के पिता द्वारा अपनी अवयस्क पुत्री अभियोक्त्री के गुम हो जाने की इस आशय की सूचना दी गई कि 20 फरवरी के शाम 06:00 बजे वह अपनी छोटी लड़की / अभियोक्त्री के साथ मोहल्ले की आटा चक्की पर गेहूं पिसाने गया था, अभियोक्त्री उसे चक्की पर छोड़कर वापस घर चली गई, वह गेहूं पिसाकर वापस घर आया तो अभियोक्त्री घर पर नहीं दिखी, तब उसने पत्नी व बड़ी लड़की से पूछा कि अभियोक्त्री कहां है, तो बड़ी लड़की ने बताया कि अभियोक्त्री घर आई थी, जो सहेली के घर जाने का कहकर गई है, जो घर वापस नहीं आई, तब उसने अभियोक्त्री को उसकी सहेली व आस-पास पड़ौस में तलाश किया, जो नहीं मिली, उसे शक है कि उसकी नाबालिग लड़की अभियोक्त्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया है। अभियोक्त्री के पिता की उक्त सूचना पर थाना मण्डीदीप में गुम इंसान सूचना लेख की गई एवं अपराध धारा 363 भा.दं.सं. की परिधि में आने से अपराध की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कर पुलिस द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के दौरान 2 मार्च को अभियोक्त्री को दस्तयाब किया गया, पूछताछ व मेडीकल जांच उपरांत अभियोक्त्री को उसकी माता को सौंपा गया। अभियोक्त्री ने अपने बयान में बताया कि वह अभियुक्त को 4 साल से पहचानती है, वे पहली बार चाची की लड़की की शादी में मिले थे तब उसने उसे बस देखा था, पिछले गणेश उत्सव में उनके बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई, दिनांक 20 फरवरी को शाम 06:00 बजे करीब वह पापा के साथ आटा चक्की पर गेहूं पिसाने गई थी फिर घर आकर सहेली के घर गयी और वहां से वह पवन से मिलने उसके दोस्त के घर गई, उस समय उसका दोस्त घर पर नहीं था, वह और पवन, उस घर की छत पर थे और 1-2 बजे तक वे दोनों छत पर छिपे रहे उसके बाद सुबह होते ही वे दोनों मिसरोद चले गये, मिसरोद में पवन के दूसरे दोस्त के घर गए और दिनांक 21 फरवरी से उसके किराये के घर में रुके, वहां पवन ने उससे कहा कि वो उससे शादी करेगा, शादी का कह कर पवन ने उसके साथ उसकी बिना मर्जी के दो-तीन बार गलत काम (बलात्कार) किया और किराये के कमरे में दस दिन तक रखा। अनुसंधान के दौरान अन्य साक्षीगण के कथन भी लेखबद्ध किये गये। अभियोक्त्री का धारा 164 दं.प्र.सं के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के समक्ष कथन कराया गया। डीएनए परीक्षण हेतु अभियोक्त्री, उसकी बच्ची एवं अभियुक्त का रक्त नमूना प्राप्त किया गया। अभियोक्त्री, उसकी बच्ची एवं अभियुक्त के रक्त नमूनों को डीएनए जांच हेतु राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सागर (म.प्र.) भेजा गया, जहां से डीएनए रिपोर्ट प्राप्त हुई। अनुसंधान पूर्ण कर पुलिस ने अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। बयानों में आये तथ्यों तथा वैज्ञानिक चिकित्सीय साक्ष्यम से अभियुक्ति के विरूद्ध मामले को संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए अभियुक्त पवन को दोषसिद्ध किया गया।

अगले वर्ष तू जल्दी आना व डीजे की धुन पर किया गया बप्पा का विसर्जन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(30 सितंबर)गणपत्ति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ.., लंबोदर महाराज की जय.. के जयघोष के साथ भक्तों ने अनंत चतुदेर्शी व दूसरे दिन भगवान गणेश को विदाई दी। नगर में बनाए गए विसर्जन कुंड एवं बहती जलधारा में भक्तों ने अपने आराध्य प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमाओं का अगले बरस जल्दी आना के भाव के साथ विधि-विधान से विसर्जन किया। इसके साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन भी हो गया ।बिरसा, मलाजखंड, बैहर, दमोह, सालेटेकरी लाँजी सहित अन्य स्थानों पर भी गणपति विसर्जन किया गया।

विसर्जन स्थल पर पुलिस बल तैनात

गौरतलब हो कि हिंदू धर्म में अनंत चतुर्दशी का बड़ा महत्व है, इसे अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा की जाती है। साथ ही इसी दिन से गणेश विसर्जन का सिलसिला भी प्रारंभ हो जाता है।

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन गणेशोत्सव का विधिवत समापन होता है और भव्य तरीके से श्रद्धापूर्वक गणपति का विसर्जन किया जाता है। इस पर्व पर भक्त व्रत रखते हैं और गणपति को विदा करने से पहले उनसे अगले बरस फिर आने का वादा मांगते हैं। साथ ही आशीर्वाद बनाए रखने की भी कामना करते हैं। अनंत चतुर्दशी को अनंत चौदस भी कहा जाता है। वहीं इस दिन विष्णु जी के अनंत स्वरूपों की पूजा के साथ अनंत सूत्र भी बांधा जाता है। नगर पालिका द्वारा शहर के अलग-अलग स्थानों में गणेश जी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। नगरीय क्षेत्र में भगवान गणेशजी की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 6 स्थान चिह्नित किए गए थे।जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया

बिलासपुर पुलिस थाना सिविल लाईन एवं एसीसीयू टीम को मिली बड़ी सफलता मास्टर माइंड आरोपी लोकेश श्रीवास सहित साथी गिरफ्तार

मुख्य आरोपी के कब्जे से लगभग 12 करोड़ का सोना एवम हीरे का सामान तथा 12 लाख 50 हजार रुपए नगद बरामद

सिविल लाइन थाने अंतर्गत 10 चोरी की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य चोर को दुर्ग भिलाई से किया गिरफ्तार

28 सितंबर को ही सिविल लाइन पुलिस एवं एसीसीयू बिलासपुर टीम ने मास्टर माइंड आरोपी चोर के साथी शिव चन्द्रवंशी को कवर्धा से किया गिरफ्तार

रेड कार्यवाही में दिल्ली पुलिस का रहा सहयोग

आरोपी चोर शिवा चंद्रवंशी के कब्जे से एक नग सोने का कड़ा, दो नग सोने का चैन, दो नग सोने की अंगूठी एक नग कान की बाली एक चांदी का बिस्किट वजनी 100 ग्राम- नगदी रकम 21000 रुपये, एक नग महिन्द्र कम्पनी का थार वाहन कुल जुमा कीमती 23 लाख रुपए को किया था बरामद

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 05 दुकान मे 19 सितंबर एवं 25 सितंबर को सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 05 बड़ी दुकानें कुल 10 दुकानों में अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने उक्त चोर को पकड़ने के लिए अलग अलग टीम गठित कर निर्देश दिये गये थे थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य एवं एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू सहित पुलिस की टीम बनाकर मुखबीर तंत्र को मजबूत कर एवं तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर लगभग 300 सीसीटीव्ही फुटेज को खंगालने पर आरोपी जिला कबीरधाम का निवासी होने की जानकारी मिली जिसे पकड़ने घटना दिनांक से टीम आरोपी के निवास एवं रिस्तेदारों के निवास के आसपास डेरा जमाये हुए थे जो की दिनांक 28.09.2023 को घटना के मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास अपने साथी शिवा चन्द्रवंशी के साथ अपने निवास के आसपास दिखाई देने की सूचना पर रेड कार्यवाही की गई जहां पर उसका सहयोगी शिवा चन्द्रवशी पिता बेनी माधव चंद्रवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी गायत्री मंदिर के पास कवर्धा मिला एवं मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास घर की खिड़की से कूद कर भाग गया। शिव चन्द्रवशी को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई जिसने उपरोक्त घटनाओं में लोकेश श्रीवास को साथ रहकर घटना करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से लगभग 23 लाख रुपये की मशरूका बरामद किया गया। मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास पिता कपील श्रीवास उम्र 32 पंडातराई थाना पंडातराई जिला कवर्धा को बिलासपुर पुलिस की एसीसीयू सिविल लाईन थाने की टीम ने स्मृतिनगर थाना क्षेत्र दुर्ग भिलाई के किराये के मकान से घेराबंदी कर दिल्ली पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया। जिसे गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर उसके पास से बिलासपुर के विभिन्न मामलों में चोरी किए गए 12 लाख 50 हजार रुपए नगदी एवं साढ़े अठारह किलो सोना के जेवरात व हीरे बरामद की गई। लोकेश श्रीवास द्वारा कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में हुई बड़ी चोरी की घटना में शामिल होना बताया एवं थाना सिविल लाईन क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 05 दुकानों पूजा गीन अपार्टमेंट, संस्कृति रेडिमेट शोरूम, नरेश फैशन, श्रीराम क्लाथ स्टोर तथा सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 05 दुकानों प्लेटिनम शू-मॉल, बासुरी मैचिंग सेंटर मान्यवर शोरूम, कामेश टेडर्स, एवं टाईम पैलेस, में चोरी की घटना को अंजाम देना बताया है। लोकेश श्रीवास से पुछताछ जारी है और भी खुलासे होने की संभावना है।थाना सिविल लाईन में 10 चोरी,थाना तारबहार में 02 चोरी,थाना सिटी कोतवाली में 02 चोरी कुल 14 प्रकरण में बिलासपुर पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है

भरवेली मॉयल में फिर हुआ हादसा,प्रेशर पाइप फटने की वजह से दैनिक कर्मी की हुई मौत

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(30 सितंबर)जिले में स्थित दो माइंस खदानों में आये दिन घट रही दुर्घटना की वजह से दैनिक कर्मियों की असमय मौत हो रही हैं जिसका जिम्मेदार कहीं न कहीं माइंस प्रबंधन होता हैं। इसके बाद भी प्रबंधन सुधरने के बजाय और लापरवाह होता जा रहा हैं जिससे आये दिन दुर्घटना घटित हो रही हैं। शुक्रवार को भरवेली मॉयल में काम के दौरान निजी कंपनी के एक और मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत के बाद मॉयल प्रबंधन और कार्यरत कंपनी के जिम्मेदारों द्वारा कोई खोज खबर नहीं लिए जाने से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। जानकारी अनुसार भरवेली थाना अंतर्गत मंझारा पंचायत के जागपुर निवासी 32 वर्षीय हंसराज पिता तुलसीराम येरपुड़े, मॉयल के अधिन कार्यरत निजी कंपनी सीवी वर्सेस में पंप मेन के रूप में कार्यरत था। अंडरग्राउंड में कार्य कर रही कंपनी में कार्यरत हंसराज गत दिवस अपनी ड्यूटी गया था ।जहां प्रेशर पाईप फटने से उसके सिर पर गंभीर चोट आने के बाद उसे एम्बुलेंस से मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां से उसकी हालत ज्यादा खराब होने पर गोंदिया ले जाया गया था,जिसकी शुक्रवार सुबह मौत हो गई। मृतक के पिता तुलसीराम येरपुड़े

की मानें तो घटना के बाद मॉयल प्रबंधन के अधिन कार्यरत कंपनी के किसी भी जिम्मेदार ने परिवारवालों को कोई खबर नहीं दी। हमें तब खबर मिली, जब बेटे को गोंदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था। जिससे साफ है की घटना के बाद जिम्मेदार मॉयल प्रबंधन या निजी कंपनी के प्रबंधन ने भी घायल कर्मी के परिजनों को सूचना देने का प्रयास तक नहीं किया।

सड़क पर शव रखकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हंसराज की गोंदिया में ईलाज के दौरान मौत की खबर से परिजन और ग्राम में मातम छा गया। मौत की जानकारी के बाद परिजन और ग्रामीण आंवलाझरी पहुंचे और सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। जब इसकी सुचना मायल प्रबंधन को हुई तो आनन फानन में मॉयल प्रबंधन और प्रशासन मार्ग पर प्रदर्शन कर रहें परिजनों से मिलने पहुंचा और त्वरित सहायता एवं 15 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का वादा करने पर परिजनों ने जाम को खोल दिया जिससे आवागमन सुचारु हो सका।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

रायसेन। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। निर्वाचन कार्य सुगमता से किए जा सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की जानकारी होना आवश्यक है। सभी मास्टर ट्रेनर्स पूरी गंभीरता और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं के विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को

मतदान प्रकिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इन विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अपनी-अपनी विधानसभा में पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग तथा एसडीएम मुकेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

देवगांव में पेसा प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(30 सितंबर)पेसा कानून का प्रशिक्षण विकासखंड बिरसा द्वारा 29 सितंबर को ग्राम पंचायत भवन देवगांव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लागू किए गए पेसा कानून अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार नियम 2022 जो आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के पारंपरिक व्यवसाय संस्कृति, एवं जल जंगल जमीन के अधिकारों का वास्तविक हस्तांतरण हो सके और इसका लाभ प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का गठन कर गांव की सीमा की नजरी नक्शा बनाकर अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) से विधिवत मान्यता प्राप्त कर अपने गांव को पुराने सामाजिक परंपरा के साथ विकास की मुख्य धारा में जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा । ग्राम सभा के गठन की प्रक्रिया के संबंध में मास्टर ट्रेनर प्रकाश डहरवाल द्वारा बताया गया । इसी मुद्दे

में मास्टर ट्रेनर सुखलाल कलिहारे विकासखंड समन्वयक तेजलाल मेरावी के द्वारा भी पेसा कानून में प्राप्त अधिकारों के संबंध में अपनी बातें रखी। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की विकासखंड स्वर्णलता चोपड़ा परामर्शदाता वर्षा ठाकुर ,अजय भौतमांगे, विवेकानंद मराठे एवं पुलिस प्रशासन के रमेश पटेल सहायक पुलिस, उप निरीक्षक एवं प्रतिभागी के रूप में 16 ग्राम पंचायत के मोबिलाइजर ,रोजगार सहायक, सचिव , ग्राम पटेल, जनपद सदस्य बीपत राठौर, पूर्व सरपंच विष्णु मरकाम ,रामकली परते मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैहर विधानसभा में खिलेगा कमल, पंजा को जनता करेगी टाटा बाय बाय!

सर्वे के अनुसार भगत सिंह नेताम की होगी धमाकेदार वापसी

बालाघाट।(30 सितंबर)पिछले दस वर्षो से सत्ता सुख से दूर भाजपा के दमदार नेता व बैहर विधानसभा के पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम की धमाकेदार वापसी आने वाले चुनाव में हो रही हैं जिसकी भविष्यवाणी चुनावी पंडित व कई चैनल ने अपने अपने सर्वे में किया हैं जिससे भगत सिंह नेताम के समर्थकों में खुशी के साथ चुनाव में कार्य करने के लिए डबल बुस्टर का डोज मिल गया हैं ।भाजपा के प्रत्याशी भगत सिंह नेताम के वापसी का एक और कारण हैं बैहर विधानसभा का सत्ता सुख वाला इतिहास जिसमे दस दस वर्ष क्षेत्र की दो पार्टी यानी भाजपा या कांग्रेस के प्रत्याशी जीतकर भोगते आ रहें हैं उस हिसाब से भी इस वर्ष भगत सिंह नेताम की वापसी तय मानी जा रही हैं जिससे मौजूदा विधायक संजय उइके व इनके समर्थकों में निराशा साफ देखी जा रही हैं।

दस वर्ष के कार्यकाल में फिसड्डी साबित हुए संजय उइके



अगर बात की जाय मौजूदा कांग्रेस विधायक संजय उइके की तो उन्होंने दस वर्षो में कोई ऐसा बड़ा कार्य बैहर की जनता के लिए नहीं किया

जिससे क्षेत्र की जनता आने वाले चुनाव में कांग्रेस को वोट करें, बल्कि अपने क्षेत्र से गायब रहने वाले संजय उइके के खिलाफ जनता में खासा रोष देखा जा रहा हैं जो आने वाले चुनाव में दिखने वाला हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह नेताम का कहना हैं कि दस वर्षो तक बैहर की जनता ने संजय उइके को मौका दिया था जिसमे वे फिसड्डी साबित हुए हैं।

भगत सिंह नेताम के प्रयास से क्षेत्र को मिला करोड़ों की सौगात

वहीं अगर बात की जाय भाजपा के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम की तो दस वर्षो तक पार्टी में बिना किसी महत्वपूर्ण पद के बैहर विधानसभा को करोड़ों रुपए की सौगात दिलाने में कामयाब हुए जिससे जनता की नजरों में भी भगत सिंह नेताम का ग्राफ संजय उइके के अपेक्षा बहुत ज्यादा बढ़ गया हैं, और रही सही कसर प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने जन हित में कई योजनाओं को लागू कर पूरा कर दिया जिसमे लाडली बहना प्रमुख हैं। निश्चित ही इस योजना से प्रदेश में शिवराज सरकार और बैहर में भगत सिंह नेताम को फायदा मिलेगा।

मस्तूरी जनपद के मनरेगा शाखा में शार्ट सर्किट से मचा हड़कंप,बाल बाल बचे लोग

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मस्तूरी। जनपद पंचायत मस्तूरी में शुक्रवार को मनरेगा शाखा के मीटिंग हाल में पंचायत एवं कृषि विभाग व निर्वाचन संबंधी बीएलओ का विशेष बैठक चल रही थी, के अचानक मनरेगा शाखा के लगे विधुत कनेक्शन में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई,आग लगने की खबर जैसे ही मिटींग हाल में बैठे अधिकारी कर्मचारियों को हुआ तो लोगों में हड़कंप मच गई, और लोग इधर-उधर अफरा तफरी करने लगे, आनन फानन में मनरेगा विभाग के आपरेटर विकास बंजारे के द्वारा सक्रियता दिखाते हुए फायर एक्सटिंगिगर का उपयोग कर आग पर काबू

किया गया। घटना दोपहर 3:30बजे के आस पास की है। क्षेत्र में लगातार दो तीन दिनों से हो रही बारिशों के वजह से जनपद प्रांगण में पानी का भराव बना हुआ है,समय रहते बिजली की शार्ट सर्किट पर ध्यान नहीं दिया जाता तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। मस्तूरी जनपद के डिप्टी कलेक्टर सीईओ पीयूष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली की शार्ट सर्किट पर समय रहते काबू कर लिया गया था, किसी भी प्रकार की कोई जान माल की घटना घटित नहीं हुई है।

पुर्नवास केन्द्र भवन का हुआ लोकार्पण, दिव्यांगजनों को प्रदान किए सहायक उपकरण

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम द्वारा दशहरा मैदान मार्ग स्थित 292 लाख रू की लागत से निर्मित सामाजिक न्याय विभाग के जिला दिव्यांगजन पुर्नवास केन्द्र भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इसके उपरांत उन्होंने केन्द्र भवन परिसर में आयोजित दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र भवन का

लोकार्पण एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित दिव्यांगजनों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र भवन की आवश्यकता लम्बे समय से थी, जिसका आज लोकार्पण हो गया है। इसमें दिव्यांगजनों के लिए विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा परीक्षण, परामर्श, थैरेपी, दिव्यांगजनों के लिए उपकरण, मानसिक तथा दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए प्रशिक्षण सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांजनों के पुर्नवास तथा सुविधाओं के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं।

आदतन अपराधी चार माह के लिए जिलाबदर

रायसेन, 29 सितम्बर 2023

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी गोलू साहू पिता लाल साहब उम्र 32 वर्ष निवासी गंजबाजार थाना कोतवाली जिला रायसेन को चार माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2006 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 17 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी गोलू साहू को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है।

पीएम मोदी का 30 सितंबर को छत्तीसगढ़ (बिलासपुर) दौरा, प्रदेश सरकार की तरफ से कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत करेंगे स्वागत व देंगे विदाई

समाज जागरण ब्यूरो

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 सितंबर को कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर आ रहे हैं, प्रधानमंत्री के आवागमन को लेकर छत्तीसगढ़ में चाक-चौबंद हैं। पीएम मोदी 30 सितम्बर को दिल्ली से

निकलेंगे व रायपुर विमानतल दोपहर 1.30 बजे पहुचेंगे, प्रधानमंत्री के स्वागत व विदाई के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत को नियुक्त किया हैं। कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत प्रधानमंत्री का रायपुर विवेकानंद विमानतल पर दोपहर 1.30 बजे स्वागत करेंगे, व शाम 4.50 बजे को प्रधानमंत्री को विदाई देंगे।

सुख समृद्धि और वैभव का दिया आशीर्वाद,,बैकुंठ लौटे श्री गणेश,,गांव गली पहुंच सभापती गौरहा ने मांगा लोगो का विकास,,सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किया शिरकत

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। सुख समृद्धि और वैभव का आशीर्वाद देकर पार्वती नंदन श्री गणेश बैकुंठ धाम लौट गए। जगह जगह प्रथम पूज्य का लोगों ने पूजा आराधना कर आशीर्वाद मांगा। आम जनता ने इस दौरान पूरे समय मन वचन से श्री गणेश की सेवा कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। गणेश चतुर्थी की पूजा के बाद भगवान श्री गणेश अपने भक्तों को आशीर्वाद देकर बैकुंठ धाम लौट गए। आम जनता ने इस दौरान भक्ति भाव से शिवनंदन का पूजा पाठ किया। साथ ही गांव जिला और प्रदेश में अमन चैन का आशीर्वाद भी मांगा। पूरे समय भक्तों ने भजन संध्या के साथ ही जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिरकत भी किया। भगवान श्री सन्मुख गणेश से आशीर्वाद भी मांगा। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों के बीच पहुंचकर अंकित गौरहा ने बताया कि हिंदू धर्म में किसी भी पूजा उपासना के पहले भगवान श्री गणेश की उपासना और पूजा होती है। हम 12 महीने सभी प्रकार के आयोजन में भगवान श्री गणेश की वंदना करते हैं। इसके बाद ही अन्य कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। अंकित गौरहा ने बताया कि सबसे पहले सार्वजनिक रूप से गणेश उत्सव मनाने का अभियान बाल गंगाधर तिलक के प्रयास से शुरू हुआ। आजादी के पहले गणेश उत्सव आयोजित करने का मूल उद्देश्य देश के लिए मर मिटने वालों को आजादी का संदेश देना था। इस दौरान भारत मां के बेटे आजादी को लेकर एकता का मंत्र जन जन तक पहुंच जाते थे। कमोबेश आज भी वही स्थिति है। हम जगह जगह गणेश उत्सव का आयोजन कर एकता और आपसी स्नेह का परिचय देते हैं। अंकित ने कहा हमारे देश में गणेश उत्सव का स्थान सबसे ऊपर है। भगवान गणेश हमारे बीच साकार रूप में उपस्थित रहते हैं। सभी की मुरादे भी पूरी करते हैं। सभी धर्मों के लोग इस दौरान देश में अमन चैन और भाईचारे का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। गौरहा ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र के कमोबेश सभी 21 ग्राम पंचायत में पहुंचने का अवसर मिला। इस दौरान भगवान के सामने मत्था टेक कर गांव गरीब जिला और प्रदेश की उन्नति का आशीर्वाद मांगा,साथ ही जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शिरकत करने का अवसर मिला। इस बात की खुशी है कि सभी जगह खुशहाली का वातावरण देखने को मिला। लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर सुख समृद्धि की कामना की है। गौरहा ने बताया कि भगवान लंबोदर को बुद्धि और ज्ञान का देवता कहा गया है। यही कारण है कि नौनिहालों ने बीते 1 सप्ताह तक लगातार भगवान गणेश की सेवा कर बुद्धि और ज्ञान का आशीर्वाद लिया है। उन्हें इस बात की खुशी है भगवान श्री गणेश की विदाई के दौरान उन्हें भी कई जगह आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने मत्था टेक कर प्रदेश की युवा शक्ति के लिए वरदान मांगा है। सभी लोगों से मिलजुलकर रहने और क्षेत्र के विकास में सहयोग करने का आह्वान भी किया है। अंकित गौरहा ने ग्राम पंचायत बौमा,नांगोई,पौंसरा,उतुंमा,परसाही,खैरा(ला) फरहदा,लगरा,महमंद,धूमा,ढेंका,मानिकपुर,बन्नाकडीह, कोरमी,बसिया,हरदीकला,लिमतरी,पोड़ी (स),नगरौड़ी, मगरउछला,सिलपहरी ग्राम पंचायतों में बैठक कर लोगों की शिकायतों को सुना और गांव मुखिया और स्थानीय लोगों के घर भोजन भी किया,उपस्थित सभी लोगों से मिलजुलकर रहने और क्षेत्र के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। लगातार गणेशउत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान अंकित गौरहा के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी नजर आए जनपद सदस्य,सरपंच,पंच समिति के अध्यक्ष,सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे ।